ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 19 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 196 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

फिल्म 'ओह माय गॉड-2' के लिए अक्षय ... पेज 12 पर

सीएम ने कोल्हान प्रमंडलीय रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा ऑफर लेटर, बोले

झारखंड के युवाओं को स्वावलंबी बनाना लक्ष्य

सहायक पुलिसकर्मियों को दो वर्ष का सेवा अवधि विस्तार मिलेगा

सरकारी हो या निजी क्षेत्र, आपके लिए कई मौके

नवीन मेल संवाददाता। रांची/चाईबासा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सहायक पुलिसकर्मियों को दो वर्ष का सेवा अवधि विस्तार मिलेगा। साथ ही कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों के भविष्य को लेकर सरकार चिंतित है और इस दिशा में जल्द ठोस निर्णय लिए जाएंगे। वे शुक्रवार को चाईबासा में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेले में ऑफर लेटर वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सवा तीन करोड़ की आबादी की सेवा करने का सरकार ने संकल्प ले रखा है। इस दिशा में काफी कम समय में हमने कई ऐसे निर्णय लिए हैं , जो राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं । जन कल्याण से जुड़ी योजनाएं अब धरातल पर उतर रही है और उसका असर भी दिख रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इस कड़ी में पढ़े लिखे एवं कम पढ़े- लिखे तथा निरक्षर लोगों के लिए रोजगार की कई योजनाएं चल रही हैं। वहीं, जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक और सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो निजी क्षेत्र में भी यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपए प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। यह कानून बनने के बाद आज पहली बार कोल्हान की धरती से एक साथ 10,020 (दस हजार बीस) युवाओं को ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर है। मुझे यह जानकर भी बहुत खुशी हुई कि इसमें लगभग 9500 आदिवासी- मूलवासी हैं और इनमें 80 प्रतिशत आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के युवा हैं। यह सिलसिला आगे भी चलेगा और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सिर्फ रोजगार नहीं दे रहे, तैयारियों के लिए भी दे रहे हैं सरकारी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को अपने प्रखंड में ही कौशल विकास का निःशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए बिरसा केंद्र खोला गया है। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है । ऐसी कई और भी योजनाएं हैं जो आपके भविष्य को बनाने के लिए सरकार ने शुरू की है।

राज्य की जनता को बेहतर जीवन देने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप मजबूत होंगे तो आपके घर-परिवार में सुख समृद्धि आएगी । जब आपका परिवार खुशहाल होगा तो राज्य भी सशक्त और मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ सरकार आपको अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए आपके साथ खड़ी है। इस दिशा में संसाधनों का बेहतर प्रयोग करने के लिए कार्य नीति बनाई गई है। हमारा संकल्प है राज्य की जनता को बेहतर जीवन के लिए बेहतर व्यवस्था दे सकें।

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षण को लेकर कार्ययोजना तैयार

800 शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण प्राप्त हेडमास्टर कर रहे बच्चों का मार्गदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यभर के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई शुरू होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर अब शिक्षकों को प्रशिक्षित किए जाने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अगस्त से 13 अक्टूबर तक जेसीईआरटी, रातू रांची में आयोजित होगा। इन शिक्षकों को अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विभिन्न चरणों में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों को प्रशिक्षण दी जायेगी। इस प्रकार कुल 800 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। कुल पांच बैच में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले बैच को 21-25 अगस्त, दूसरे बैच 11-15 सितम्बर, तीसरे बैच को 18-22 सितम्बर, चौथे बैच को 03-07 अक्टूबर एवं पांचवें बैच को 09-13 अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण मिलेगा। इस प्रशिक्षण से पूर्व हर स्कूल के दो शिक्षकों को हर्ष जोहार के जरिए प्रशिक्षण मिल चुका है।

इससे पूर्व 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरणों में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जनवरी में प्रधानाध्यापकों में क्षमतावर्धन के लिए आईआईएम, रांची एवं आईआईएम अहमदाबाद द्वारा 15 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। अब शिक्षकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू हो रहा है।

हाईकोर्ट ने अवैध खनन के मामले की जांच सीबीआई को दी

रांची। साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थानाक्षेत्र के नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने विजय हांसदा की याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने आदेश की प्रति मिलने के एक माह के भीतर सीबीआई को जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इस आदेश से सूबे के कई बड़ी हस्तियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

झारखंड में कुआं धंसने से छह की मौत, दो को बचाया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के मुरी ओपी क्षेत्र के पिस्का गांव में गुरुवार को कुआं धंसने के कारण हुए हादसे में शुक्रवार को छह लोगों के शव एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बरामद किया जबकि दो लोगों को बचा लिया गया। एनडीआरएफ की टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन 20 घंटे तक चला। बताया गया है कि मृतकों में विष्णु चरण मांझी (45), मनोहर मांझी (45), रमेशचंद्र मांझी (60), बहादुर मांझी (41), गुरुपद मांझी (45) और धन्नजय बेदिया (25) हैं। घायलों में भागीरथ मांझी (17) और अशोक मांझी (18) हैं। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि छह शव बरामद किए गए हैं जबकि दो व्यक्तियों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को घास चरने के दौरान एक बैल कुएं में गिर गया था। बैल की जान बचाने के लिए पांच लोग कुएं में घुसे और बाकी अन्य लोग बाहर से मदद कर रहे थे। इसी दौरान कुआं धंस गया।

पूर्व विधायक अमित महतो की बेल पर फैसला सुरक्षित

रांची। अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत में शुक्रवार को जेल में बंद पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। पुलिस की केस डायरी के आधार पर राज्य सरकार के अपर लोक अभियोजक ने अमित महतो को जमानत नहीं देने का आग्रह कोर्ट से किया जबकि अमित महतो के वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने खुद सरेंडर किया है। इसलिए उन्हें बेल दी जानी चाहिए।

ससमय प्रोन्नति पाए बगैर सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को मिलेगा आर्थिक लाभ

कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसूचना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में प्रोन्नति पर लगी रोक की वजह से कई पदाधिकारी व कर्मी सेवानिवृत हो गए, जो प्रोन्नति की योग्यता रखते थे। अब ऐसे कर्मियों को प्रोन्नति से मिलने वाला आर्थिक लाभ दिया जाएगा। राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है कि है, अधिसूचना के मुताबिक, 24 दिसंबर 2020 के आदेश के द्वारा प्रोन्नति पर लगायी गई रोक के कारण राज्य सेवा, संवर्गों के पदाधिकारी जो योग्य थे, एवं प्रोन्नति प्रदान किए जाने वाले पद की तत्समय उपलब्धता थी, उन्हें प्रावधानों को शिथिल करते हुए प्रोन्नति हेतु योग्य होने की तिथि से भूतलक्षी प्रभाव से सभी आर्थिक लाभ दिए जाएंगे।

झारखंड सचिवालय सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को दिया गया लाभ

राज्य सरकार ने संयुक्त सचिव, उप सचिव व अपर सचिव रैंक के प्रोन्नति योग्य सेवानिवृत अफसरों को इसका लाभ दिया है। सेवानिवृत पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, विपिन कुमार झा, हरेंद्र कुमार पांडेय, नवनीत किशोर नंद, शंभुनाथ मिश्र, संतोष कुमार, बुद्धु उरांव, राजीव कुमार, भैया रजनीश रंजन, अनिल कुमार सिंह, बिदेश्वर उरांव, सुदर्शन कुमार पांडेय, चंदन कुमार को इसका लाभ मिला है।

व्यवसायी से लूट व गोलीकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

अड़की थाना क्षेत्र केंडोरेया बाजार से लौट रहे पुरना नगर निवासी व्यवसायी बादल साहू से हुई लूट और गोलीकांड के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने गुरुवार को तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से देसी कार्बाइन, पिस्टल और गोली, बाइक और नकद 26 हजार रुपये बरामद किये गये हैं। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने

शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि आरोपितों ने गत चार अगस्त की शाम डोरेया बाजार से लौट रहे पुरनानगर गांव के व्यापारी बादल साहू से हथियार की नाक पर नकद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रिम्स में शिक्षक नियुक्ति मामले में हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में रिम्स में ट्विटर (शिक्षक) के पद को तीन साल की समय सीमा निर्धारित करने के लिए रेखा शर्मा एवं अन्य की दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है।

याचिका में कहा गया है रिम्स में उनकी नियुक्ति ट्विटर पद पर

हुई थी। उस समय ट्विटर पद के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। बाद में रिम्स ने नियम बनाकर ट्विटर पद के लिए तीन साल की अवधि निर्धारित की। याचिकाकर्ता का कहना है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इसरो ने लैंडर पर लगे कैमरों से ली गई तस्वीरें जारी की

चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल पर लगे कैमरों द्वारा ली गईं चंद्रमा की तस्वीरें और वीडियो जारी किया है। प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल के गुरुवार को अलग होने के बाद ली गईं तस्वीरों और वीडियो में चंद्रमा की सतह पर गड्ढे दिखाई देते हैं जिन्हें इसरो द्वारा जारी की गईं तस्वीरों में 'फैब्री', 'जियोडानो ब्रूनो' और 'हरखेबी जे' के रूप में चिह्नित किया गया है देश की अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की गईं तस्वीरों में 15 अगस्त को 'लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा' (एलपीडीसी) द्वारा ली गईं तस्वीरें और 17 अगस्त को प्रणोदन



मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल के अलग होने के ठीक बाद 'लैंडर इमेजर' (एलआई) कैमरा-1 द्वारा ली गईं तस्वीरें शामिल हैं।

चंद्रयान-3 डीबूस्टिंग ऑपरेशन : वहीं, इसरो ने शुक्रवार को कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल का डीबूस्टिंग (धीमा करना) ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है, जो इसे चंद्रमा के करीब ले जा रहा है, और इसका स्वास्थ्य ठीक है, सामान्य है। लैंडर मॉड्यूल जिसमें लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) शामिल है, 20 अगस्त को दूसरे डीबूस्टिंग ऑपरेशन से गुजरेगा, जिसे एक कक्षा में उतारा जाएगा जो इसे चंद्रमा की सतह के बहुत करीब ले जाएगा। इसरो ने अपनी पोस्ट में कहा, चंद्र दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को निर्धारित है। लैंडर मॉड्यूल (एलएम) का स्वास्थ्य सामान्य है। एलएम ने सफलतापूर्वक एक डीबूस्टिंग ऑपरेशन किया, जिससे इसकी कक्षा 113 किमी ७ 157 किमी तक कम हो गई। दूसरा डीबूस्टिंग ऑपरेशन 20 अगस्त, 2023 के लिए निर्धारित है। 14 जुलाई को उपग्रह लॉन्च होने के 35 दिन बाद, चंद्रयान -3 का लैंडर मॉड्यूल गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग हो गया था।

23 को होगी सॉफ्टलैंडिंग : करीब 600 करोड़ रुपये की लागत वाले भारत के तीसरे चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर धीरे से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रातु बिजुलिया नुरुल उलूम मदरसा में शपथ ग्रहण सह सम्मान सभा का आयोजन

रातू। प्रखंड के बिजुलिया स्थित मदरसा नुरुल उलूम में शुक्रवार को शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चुनाव कमिटी के तत्वधान में आयोजित कार्यक्रम मे नव निर्वाचित रातु प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। चुनाव का सफल संचालन में मुख्य योगदान देने वाले चुनाव संचालन समिति व नवनिर्वाचित कमिटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, सचिव अनिसुल रहमान उप सदर अंजुम खान, उप सचिव मोख्तार अंसारी व खजांची अजमुल हक को पगड़ी माला और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मुसलमान आज शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे हैं, जरूरत है आने वाले दिन में कौम के बीच में शिक्षा का अलख जगाने की। जब तक बच्चों के बीच में शिक्षा का अलख नहीं जागेगा तब हमारा विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि रांची जिला जिप अध्यक्षता निर्मला बीरेंद्र भगत, पदमश्री मधु मंसूरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, झामुमो के केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता मौजूद थे।

बीएयू में राजभवन के मार्गदर्शन पर विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

शोध प्रकाशन का ज्ञान सटीक व उपयोगी होना जरुरी : डॉ सुजय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय राजभवन के मार्गदर्शन पर संकाय सदस्यों के गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला में शुक्रवार को ह्यउच्च रैंकिंग जर्नल में शोध पत्र कैसे प्रकाशित करें। विषय पर द्वितीय व्याख्यान काआयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. सुजय रक्षित, निदेशक, आईसीएआर-इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, रांची थे। मौके पर डॉ. सुजय रक्षित ने बताया कि शोध प्रकाशन वैज्ञानिक प्रगति का एक अनिवार्य पहलु है। उच्च रैंकिंग वाले जर्नल में शोध पत्र में अनुसंधान का सटीक ज्ञान और शोध पत्र वैध, योग्य एवं उपयोगी होना जरुरी है। क्योंकि शोध प्रकाशनों के माध्यम से ही नयी वैज्ञानिक प्रगति के विषयों को बाहरी दुनिया को बतायी जाती है। डॉ. सुजय रक्षित ने कहा कि उच्च रैंकिंग वाले जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित करने के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रकाशन के बुनियादी सिद्धांतों का सही तरीके से पालन किया जाना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि शोध पत्रिकाएं वैज्ञानिक प्रयास और उन्नति की संरक्षक हैं। उनका लक्ष्य स्थायी एवं ठोस निष्कर्षों के साथ उपयोगी शोध प्रकाशित करना होता है। जिसे सावधानीपूर्वक जांच और सत्यापन पर खरा उतरने के उपरांत ही सामग्री प्रकाशित करने का प्रयास करते रहते हैं। जिसका वैज्ञानिक समुदाय पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। शोध पत्र में नवीनता एवं मौलिकता होनी चाहिए। उच्च प्रभाव वाली पत्रिका में पांडुलिपि प्रकाशित करने की प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण प्रश्न चुनने, सांख्यिकीय शक्ति के साथ एक अच्छे अध्ययन को डिजाइन करने, त्रुटिहीन अखंडता और विस्तार पर ध्यान देने के साथ काम करने, एक उत्कृष्ट पांडुलिपि लिखने, इसे सही पत्रिका में जमा करने से शुरू होती है। समीक्षक की टिप्पणियों का पूरी तरह से जवाब देना होता है। उन्होंने कहा कि आपका शोध सशक्त, सांख्यिकीय तरीके के साथ अध्ययन को अच्छे से डिजाइन, विस्तार के साथ त्रुटिहीन और एक उत्कृष्ट पांडुलिपि होनी चाहिए। जो सही शोध पत्रिका में जमा करने से शुरू होती है, जहां समीक्षक की टिप्पणियों का पूरी तरह से जवाब देना जरुरी है। उन्होंने कहा कि शोधकर्त्ता को एक कहानी बताने की आवश्यकता है, जिसमें ऐसे आंकड़े चाहिए, जिन्हें आपका पाठक जल्दी से समझ सके।

मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव ने बालिका स्कूल का किया भ्रमण

ये विद्यालय सर्वोत्तम विद्यालय का मिसाल बनेगा : वंदना दादेल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, बरियातु का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा, ए.डी.पी.ओ. कौशल किशोर उपस्थित थे। विद्यालय आगमन पर छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल का पारंपरिक गीत के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम कक्षाओं के संचालन का अवलोकन करते हुए छात्राओं से उत्कृष्ट विद्यालय से संबंध में बातचीत भी की। विद्यालय में कक्षा, नव निर्मित भवन, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय के अवलोकन के पश्चात वंदना दादेल ने हॉकी खिलाड़ियों का म्यूजियम बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने पुस्तकालय में छात्राओं द्वारा ली गई पुस्तकों के कार्ड का भी अवलोकन किया तथा प्राचार्य को निदेश दिया कि ऐसी व्यवस्था करें कि सभी बच्चे पुस्तकालय से पुस्तकों को प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकें। इसके पश्चात विद्यालय के नव निर्मित हॉल में छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया जिसे प्रधान सचिव ने सराहा।

प्रेस क्लब भवन निर्माण सहित 24 योजनाओं को मिली मंजूरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने खूंटी जिले के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023 24 में अनाबद्ध निधि से खूंटी में तहत खूंटी में प्रेस क्लब भवन के निर्माण सहित कुल 24 योजनाओं की स्वीकृति दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री ने खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्र को भेजे पत्र में कहा कि अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर नद योजनाओं पर कार्रवाई की जाए। अर्जुन मुंडा ने जिन योजनाओं की स्वीकृति दी है, उनमें कर्रा प्रखंड की घुनसूली पंचायत के चांपी गांव मुख्य पथ से हनुमान मंदिर तक पीसीसी पथ का निर्माण, कर्रा प्रखंड के लोधमा गांव के तालाब में सीढ़नुमा घाट निर्माण, खूंटी प्रखंड के गुटजोरा करी नदी के पास श्मशान शेड का निर्माण, खूंटी प्रखंड के ही रंगरोड़ी धाम में छतरीनुमा शेड और तार से घेराबंदी निर्माण, मुरहू प्रखंड के केवड़ा से जानुमपीड़ी तक पथ और गार्डवाल निर्माण, रनिया प्रखंड के सौदे के दशहरा टांड़ में सामुदायिक भवन निर्माण, अड़की प्रखंड की बालालोंग के जोजोहातू स्कूल में चार कमरों का निर्माण, अड़की के पुरना नगर में सामुदायिक भवन निर्माण, खूंटी प्रखंड का तिलमा पंचायत अंतर्गत तारूप गांव में गार्डवाल और आरसीसी पुल निर्माण, तोरपा प्रखंड की तपकरा पंचायत में बरदा नदी छठ घाट के समीप चेक डैम का निर्माण, रनिया तपकरा के बीच करो नदी पर बीपीडीपी से निर्मित पुल के फ्लोर का निर्माण, खूंटी प्रखंड के मुरही पिपरा टोली से हाड़म बनाम तक पीसीसी निर्माण, खूंटी प्रखंड की मरांगहादा पंचायत के हितुटोला गांव के सूखा तालाब से भंडरा मारंगहादा पथ पक्की सड़क निर्माण, खूंटी प्रखंड की तिल्मा पंचायत के सांडासोम से नावाडीह तक तीन किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण, खूंटी प्रखंड के सिलादोन ग्राम पुटिदा तक पक्की सड़क का निर्माण, खूंटी प्रखंड की तिलमा पंचायत के कुजराम चायपीड़ी होते हुए हंजेद तक पक्की सड़क निर्माण, तोरपा प्रखंड अंतर्गत हुसीर पंचायत के हुसीर स्कूल से बुरूटोली तक पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी धर्मशाला का जीर्णोद्धार एवं शौचालय निर्माण, खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में प्रेस क्लब का भवन निर्माण, खूंटी नगर पंचायत के कचहरी परिसर में शेड निर्माण और कर्रा प्रखंड अंतर्गत सोनमेर मंदिर परिसर में विवाह मंडप का निर्माण शामिल है।

भण्डरा थाना क्षेत्र के चट्टी में हुई सड़क हादसा में तीन घायल

बेड़ो। लोहरदगा बेड़ो पथ पर लोहरदगा जिला सह भण्डरा थाना क्षेत्र के चट्टी स्थित बजरंगबली मंदिर के पास अचानक एक कुत्ता के अगला चक्का पर आ जाने से एक अज्ञात ऑटो असंतुलित होकर पलट गया।

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)

एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 43/2023-24 दिनांक :-

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड का नाम		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3		4	5	6	7
1	JH-M-SIM-03/2023-24	कुरडेग	1	कीनकेल बेतमा डोडापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.025 कि०मी०)	1105.850	ग्यारह करोड़ पाँच लाख पचासी हजार रू० मात्र	09 महीना
		कुरडेग	2	पी०एम०जी०एस०वाई० फेज–2 से मकरगढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.550 कि०मी०)			
		कुरडेग	3	आर०ई०ओ० मुख्य पथ से बीजरीबारी भाया खुसीयापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.200 कि०मी०)			
		कुरडेग	4	आर०ई०ओ० मुख्य पथ से डुमरडीह भाया मतासी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.050 कि०मी०)			
		कुरडेग	5	कीनकेल केरसाई मालसारा रोड से कोरकोटजोर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.300 कि०मी०)			
		कुरडेग	6	बेलगढ़ से भनुवरपानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.900 कि०मी०)			
		कुरडेग	7	खुटीटोला से घोसरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.200 कि०मी०)			
2	JH-M-SIM-04/2023-24	ठेठईटांगर	1	L041-एन०एच०–23 जोराम से मसनीया भाया सुदापहाड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.950 कि०मी०)	1229.527	बारह करोड़ उनतीस लाख बावन हजार सात सौ रू० मात्र	09 महीना
		ठेठईटांगर	2	L056-लट्ठाखम्मन रेंगारी पथ से सर्पलता भाया भवरखोल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.910 कि०मी०)			
		ठेठईटांगर	3	L026-शंख नदी से कोंगसेरा बसारटोली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.370 कि०मी०)			
		बोलबा	4	बोलबा पी०डब्लू०डी० पथ से शमशेरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.660 कि०मी०)			
		बोलबा	5	बोलबा पिरियापोछ मोड़ (बेलकुबा से तलमंगा पथ) से अवगा बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.700 कि०मी०)			
		बोलबा	6	अवगा से कुन्दुरमुंडा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०)			

2. वेबसाईट मे 'निविदा प्रकाशन की तिथि:–25.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 04.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 05.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (05.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–06.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– .....
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सिमडेगा के पक्ष में एवं सिमडेगा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 304905 Rural Work Department(23-24)D

कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा

पत्रांक 218 / कोडरमा दिनांक 18 / 08 / 2023

शुद्धि पत्र

निविदा अतिअल्पकालिन ई–निविदा सूचना संख्या–09 /2023-24 के पत्रांक–216 दिनांक 11.08.2023 द्वारा आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0आर0सं0–304570 है जो अपरिहार्य कारण से संशोधित किया जाता है।

निविदा की निम्न कंडिकाओं का संशोधन निम्न प्रकार किया जाता है:–

1. वेबासाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 16.08.2023 के स्थान पर 21.08.2023 पढा जाय
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि– 17.08.2023 से 22.08.2023 तक अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर 22.08.2023 से 28.08.2023 अपराह्न 05.00 तक बजे पढा जाय।
3. जिला परिषद कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा में निविदा शुल्क अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 23.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 29.08.2023 तक अपराह्न 5:00 बजे तक पढा जाय।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय 24.08.2023 पूर्वाह्न 11.00 बजे के स्थान पर 31.08.2023 पूर्वाह्न 11.00 बजे पढा जाय।

निविदा की नियम एवं शर्तें WWW. jharkhandtenders. gov . in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

विश्वासभाजन
जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा

PR304967 (Panchayati Raj)23-24*D

Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi
D.I.E.T. Campus, Ratu, Ranchi – 835222,
e-mail: jcert.ran@gmail.com

DATE EXTENSION NOTICE

Short Term E-Tender for Printing & Supply of Confidential Question Papers and OMR Sheet for Jharkhand State Olympiad – 2023 & Scanning of OMR Sheet and Result Processing work

Tender No. 01/JCERT/JSO/2023-24

Due to some technical inconvenience revised date for submission and opening of bids are as follows:

Sl.No.	Particulars	Details
1	Online availability of bids	18/08/2023, 03.00 P.M
2	Pre-Bid Meeting	22/08/2023, 03.00 P.M
3	Last date for submission of online bids	31/08/2023, 03.00 P.M
4	Last date for submission of original documents	31/08/2023, 03.00 P.M
5	Opening of Technical bids	01/09/2023, 03.00 P.M
6	Opening of Financial bids	After finalization of Technical Bids

Interested bidders may view and download bid documents from the website http://jharkhandtenders.gov.in. The cost of bid documents including 18% GST is Rs. 11,800.00 (Eleven thousand Eight hundred only).

Sd/-(Kiran Kumari Pasi, I.A.S)
Director, JCERT

PR304922 (Jharkhand Council of Educational Research and Training)23-24*D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय:- जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा

रंगीन मछली पालन हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सिमडेगा जिला के रंगीन मछली पालकों / मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक 16 रा0(वि0), दिनांक– 24. 07.2023 के तहत् मत्स्य प्रसार अनुसंधान, एवं प्रशिक्षण योजना अंतर्गत पूर्व में संचालित रंगीन मछली इकाईयों (रंगीन मछली पालकों) हेतु पूरक सामग्री हेतु 02 (दो) एवं नये रंगीन मछली ईकाइयों (रंगीन मछली पालकों) हेतु 03 (तीन) लाभुकों के चयन हेतु सिमडेगा जिला को संख्या में कुल 05 (पाँच) का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में नि:शुल्क उपलब्ध है। इच्छुक मत्स्य पालक उक्त हेतु दिनांक 25.08.2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन हेतु अहर्ताएँ :–

घर के आंगन में अथवा जहाँ पर रंगीन मछली पालन किया जाना है वहाँ पर पर्याप्त जगह एवं शेड की सुविधा हो। 24 घंटे बिजली की अच्छी सुविधा होनी चाहिए। रंगीन मछली पालन का स्थान साफ–सुथरा होना चाहिए। यदि लाभुक को अपना अंशदान लगाने की आवश्यकता हो तो लगाने में सक्षम हो। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है एवं जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 304920 Fish (23-24)_D

कार्यालय, जिला परिषद, राँची (अभियंत्रण शाखा)

अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना

संख्या –09 / 2023–2024

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद राँची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 28.08.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 29.08.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 29.08.2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, राँची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी : DMFT Fund

क्र०सं०	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	सिल्ली	हलमाद	हलमाद	राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय खास हलमाद में चाहरदिवारी का निर्माण कार्य।	7,20,000.00	14500.00	1250.00	तीन माह
02	सिल्ली	हलमाद	हलमाद	राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय हलमाद में दो अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य।	19,10,000.00	38500.00	5000.00	तीन माह
03	सिल्ली	बिसरिया	कुटाम	राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्याालय उर्दू कुटाम में तीन कमरों का निर्माण कार्य।	26,85,000.00	53700.00	5000.00	छः माह
04	सिल्ली	हलमाद	हलमाद	राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय हलमाद में चाहरदिवारी का निर्माण कार्य।	39,12,000.00	78500.00	5000.00	छः माह
05	खलारी	मैक्लुस्कीगंज		नकटा पहाड़ मोड़ से पहाड़ की ओर 400 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य।	9,18,000.00	18,500.00	1250.00	तीन माह
06	खलारी	मैक्लुस्कीगंज		सीता कुण्ड मोड़ से जोड़ाकाठ कालीकरण पथ तक 1200 फीट पथ का निर्माण कार्य।	49,90,000.00	1,00,000.00	5000.00	छः माह
07	खलारी	मैक्लुस्कीगंज		कुँवार पतरा मोड़ से कालीकरण पथ के कुँवार पतरा नदी तक 1 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य।	49,94,000.00	1,00,000.00	5000.00	छः माह

नोट : 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, राँची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भी भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद राँची

PR 304984 Panchayati Raj (23-24)_D

कार्यालय – कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, (आत्मा), रामगढ़।

E-mail : atmaramgarh@gmail.com Website- http://www.atmaramgarh.org.in

-: आवेदन आमंत्रण सूचना :-

रामगढ़ जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) योजना अंतर्गत जिला रामगढ में दलहन फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं आत्मा, रामगढ़ द्वारा लाभुक किसानों को उपलब्ध करायी जा रही है। इस क्रम में वर्ष 2023–24 में रामगढ़ जिला अंतर्गत इच्छुक कृषकों को अनुदान पर विभिन्न कृषि उपकरण उपलबध कराया जायेगा।

उक्त के आलोक में सीधे कृषि उपकरण अनुदान पर उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक कृषकों से अनुदान पर नीचे वर्णित कृषि यंत्र एवं अन्य हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

क्र0 सं0	कृषकों को अनुदानित दरों पर दी जाने वाले कृषि यंत्र एवं अन्य	दलहन		मोटा अनाज / पोषक अनाज		कुल	अनुदान	
		ST.SC, Small & Marginal, Women भौतिक लक्ष्य	Other भौतिक लक्ष्य	ST.SC, Small & Marginal, Women भौतिक लक्ष्य	Other भौतिक लक्ष्य		मुल्य का 50% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनो में जो कम हो	मुल्य का 40% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनो में जो कम हो
							ST,SC, Small & Marginal Women	Other
1	पावर स्प्रेयर	30	45	0	0	75	3100/-	2500/-
2	मानव चालित स्प्रेयर	110	160	1	1	272	750/-	600/- (NFSM,Pulses) 500/- (N. cereals)
3	रोटावेटर	2	5	0	0	7	42000/-	34000/-
4	मल्टी क्रॉप थ्रेसर	1	1	0	0	2	100000/-	80000/-
5	Ridge Furrow Planter	1	0	0	0	1	30000/-	--
6	Seed Storage Bin	15		0	0	15	1000/-	--
7	स्प्रींकलर सेट	2		1		3	The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be form Rs. 19542/- to Rs. 21901/per ha. Depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY	
8	पम्पसेट	30		0	0	30	Rs. 10000/ Unitor 50% of cost whichever is less	
9	केरिंग पाईप (HDPE)	370		0	0	370	15,000/- (अधिकतम), 50 रू प्रति मीटर HDPE पाईप 35 रू प्रति मीटर PVC पाईप 20रू प्रति मीटर HDPE	
10	Mobile Rain Gun	1		0	0	1	Rs. 28681/- to Rs 34513/ha. Depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY	
11	Threshing Floor 30'x30'	8		0	0	8	50% of cost or Rs. 57500/each whichever is less	
12	Mini Dal Mill	1		0	0	1	Rs. 95000/ Unitor 50% of cost whichever is less	

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा :–

● आवेदक का आधार कार्ड का स्व प्रमाणित प्रति। ● जमीन का रसीद का स्व–प्रमाणित प्रति। ● आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो। ● मुखिया से प्रमाणित वंशावली। ● पास बुक का फोटो कॉपी।

नोट :–

1. आवेदक प्रखण्ड के कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र से निःशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन–पत्र आत्मा, रामगढ़ के **Website - http://www.atmaramgarh.org.in/** से भी डाउनलोड किया जा सकता है तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन दिनांक 09.09.2023 तक कार्य दिवस में प्रखण्ड के कृशि तकनीकी सूचना केन्द्र (Atic Centre) में जमा किया जाना है।
2. किसी भी यंत्र का क्रय अथवा थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण लाभुको द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान कर के ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
3. एक परिवार में केवल एक ही सदस्य को यंत्रीकरण अथवा थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण योजना का लाभ मिलेगा, यदि परिवार में बटवारा हो गया हो तो उसको मुखिया के द्वारा सत्यापन करा के जमा करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदक के हिस्से में कितना जमीन पड़ता है स्पष्ट रूप से मुखिया से सत्यापित वंशावली के साथ जमीन की रसीद आवेदन के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य होगा।
5. पिछले तीन वर्षो में जिन कृषकों या उसके परिवार का चयन नहीं किया गया हो, केवल उनका चयन किया जायेगा।
6. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
7. अंकित अवयवों के लाभ हेतु आवेदन पर पंचायतीराज के तहत ग्राम पंचायत, वार्ड सदस्य / मुखिया द्वारा अनुमोदन अनिवार्य होगा।
8. लाभुक का चयन पहले आओ– पहले पाओं के आधार पर होगा।
9. कृषि यंत्र एवं अन्य का वितरण ब्लॉकचेन प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा।

यदि कोई परेशानी हो तो अपने क्षेत्र के कृषक मित्र, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी से संपर्क करें।

ह०/–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, रामगढ़।

PR 304951 (District) 23-24 (D)

NEWS इन ब्रीफ

स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में अबतक 2818 घरों में मिले डेंगू के लार्वा

रांची। इस मौसम में डेंगू से सुरक्षा के लिए सावधानी एवं उपाय किये जाने के संबंध में सभी जिलों को मार्गदर्शिका भेजा गया है। मार्गदर्शिका के अनुसार सभी जिलों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर उन बर्तनों की जांच कर रहे है, जिनमें काफी दिनों से पानी रहने के कारण मच्छर पनपते हैं। साथ ही उस घर में रहने वाले लोगों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मच्छरों के लार्वा के आकलन के लिए इंटामालाजिकल सर्वे का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ किया गया है, जो 30 नवम्बर तक चलेगा। अभी तक 64550 घरों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 2818 घरों में डेंगू के लार्वा मिले। कुल 158404 जल पात्रों को जांचा गया, जिसमें 3629 जल पात्रों में डेंगू के लार्वा पाए गये। साथ ही मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट किये जाने के लिए कीटनाशी का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग भी की जा रही है।

पति के बार-बार छोड़ने की धमकी पर कर ली खुदकुशी आरोपी को भेजा जेल

रांची। मुरहू थाना क्षेत्र के बिचना गांव स्थित एक सुनसान बगीचे से शुक्रवार को फंदे से लटकता एक महिला का शव मिला। शव के समीप ही पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में उसके पति मार्शल सोय होरो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सुसाइड नोट से उसकी पहचान तोरपा थानांतर्गत कोंहड़ा टोली डोड़मा निवासी मार्शल सोय होरो की पत्नी अंशु सोय (23) के रूप में हुई है। सुसाइड नोट के अनुसार मुरहू के बिंदा सुमलुंग निवासी महिला ने कुछ वर्ष पूर्व मार्शल सोय होरो से ढुकू विवाह किया था। महिला का एक दो वर्ष का बेटा भी है।

गिरोह का संचालन करता था पुराना शातिर स्नैचर देवा, पत्नी से चेन को खपवाता था

पुलिस ने छिनतई गिरोह का किया भंडाफोड़, महिला समेत चार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची पुलिस ने शहर के आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में छिनतई की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का सरगना और संचालन पुराना शातिर अपराधी मो फहीम उर्फ देवा करता हैं। हालांकि देवा पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस की टीम ने इस गिरोह के देवा की पत्नी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में देवा की पत्नी हिंदपीढ़ी निवासी शबनम परवीन उर्फ जोया उर्फ चांदनी, मो फहीम अंसारी, फतेउल्लाह लेन के मो नौशाद उर्फ मिस्टर उर्फ बंदर उर्फ राज, अजय वर्मा उर्फ अजय सोनी शामिल है। आरोपी अजय सोनी जेवर दुकान का संचालक है। इन आरोपियों ने धुर्वा, जगन्नाथपुर, अरगोड़ा, पुंदाग आदि इलाके में छिनतई की दर्जनों कांडों को अंजाम दिया है।

मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि गिरोह का सरगना देवा पुराना शातिर अपराधी है। देवा के गिरोह में आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य हैं। इन सदस्यों को देवा खुद ही छिनतई की ट्रेनिंग देता था। जब सदस्य पूरी तरह से चेन छीनने के गुण सीख जाते थे, तब उनसे छिनतई की वारदात को अंजाम दिलवाता था। सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी अजय वर्मा छिनतई के चेन को सस्ते दामों में खरीदकर उसे गला देता था। इसके बाद नए सिरे से चेन बनाकर बाजार में बिक्री करता था। सिटी एसपी ने बताया कि गिरोह का सरगना समेत अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। जल्द ही पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

सोने की कीमत के हिसाब से मिलता था स्नैचरों को पैसा

गिरोह के सदस्यों को छिनतई के चेन की बिक्री से प्राप्त राशि के हिसाब से पैसा दिया जाता है। एक चेन की छिनतई करने में स्नैचरों को तीन से दस हजार रुपए तक मिलते थे। गिरफ्तार आरोपियों ने इस बात का खुलासा किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चेन छिनतई करने के बाद उसे गिरोह के सरगना को वे देते थे। इसके बाद सरगना की पत्नी शबनम उसे बाजार में बेच देती थी। बिक्री करने के एवज में उन्हें बीस हजार मिलता था तो उसमें से दस हजार उन्हें मिलता था। शेष राशि सरगना और उसकी पत्नी रख लेती थी।

सरगना की पत्नी खपाती थी छिनतई का चेन

गिरोह का सरगना देवा की पत्नी शबनम परवीन छिनतई की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों से मिले चेन को खपाती थी। आरोपी महिला छिनतई के चेन को बाजार में बिक्री किया करती थी। आरोपियों से पूछताछ में इस बात की जानकारी पुलिस को मिली। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि महिला ने आधा दर्जन से अधिक चेन की बिक्री कर चुकी है।

देवा के गिरोह में आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य हैं। इन सदस्यों को देवा खुद ही छिनतई की ट्रेनिंग देता था। जब सदस्य पूरी तरह से चेन छीनने के गुण सीख जाते थे

जाल बिछाकर पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

हटिया डीएसपी के अधीन आने वाले थाना क्षेत्रों में लगातार छिनतई की वारदात हो रही थी। स्नैचरों को दबोचने के लिए एसएसपी के निर्देश पर एक टीम गठन किया गया। इसी बीच टीम को यह जानकारी मिली कि हरमू सहजानंद चौक की ओर एक बाइक पर सवार स्नैचर महिला का पीछा कर रहे थे। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम दोनों स्नैचरों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। जैसे दोनों चेन स्नैचर सोहराय भवन हरमू के पास महिला चेन छिनने का प्रयास किया, उसी समय पुलिस की टीम चारो ओर से घेरकर एक स्नैचर को दबोच ली। वहीं दूसरा स्नैचर भागने लगा तो उसे पुलिस की टीम ने पीछा कर पांच सौ मीटर खदेड़कर पकड़ा।

22 कांडों का किया खुलासा

गिरफ्तार आरोपियों ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र में 13, डोरंडा में पांच, जगन्नाथपुर में तीन और एक धुर्वा थाना क्षेत्र में छिनतई की वारदात को अंजाम दिया है।

स्ट्रेस मैनेजमेंट को लेकर कार्यशाला, 60 नर्सिंग प्रशिक्षक हुए शामिल

रांची। नर्सिंग कार्यक्रम के तहत नर्सिंग प्रशिक्षकों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट पर शुक्रवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न सरकारी एवं निजी नर्सिंग संस्थानों से करीब 60 नर्सिंग प्रशिक्षण शामिल हुए। बता दें कि राज्य में ज्यादातर नर्सिंग प्रशिक्षक महिला हैं। प्रशिक्षकों की कमी होने के कारण सभी के ऊपर काम करने का दबाव रहता है। ऐसे में घर और कार्यालय में काम का संतुलन बनाना मुश्किल हो जाता है। कई बार वे तनाव का शिकार हो जाती हैं। इस तनाव से बचने एवं काम में संतुलन बनाए रखने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लोग तनाव और अवसाद से दूर रहेंगे, तो उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी। नर्सिंग कोषांग के नोडल पदाधिकारी बुका उरांव, ट्राइबल नर्सिंग कॉलेज वाईबीएन यूनिवर्सिटी की प्राध्यापक डॉ ए सुमथि, आरसीएच नर्सिंग सुपरीटेंडेंट मीता राय, साइकेट्रिस्ट डॉ रवि मोहन किस्कू, नर्सिंग प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर ललित लता टोप्पो, नर्सिंग कोषांग की एकता शबनम व अन्य शामिल हुईं।

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुकों के साथ सीधा संवाद

लोगों को सम्मानजनक जीवन के लिए प्रेरित करें : प्रधान सचिव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शुक्रवार को कांके प्रखण्ड के गागी पंचायत सचिवालय में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुकों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव श्रीमती वन्दना दादेल, उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार श्री अवध नारायण प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री शिलवंत भट्ट, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जेएसएलपीएवस डीडी सिंह समेत सखी मण्डल की दीदियां तथा फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुक तथा जेएसएलपीएस कांके के कर्मी शामिल हुए। प्रधान सचिव वन्दना दादेल ने कार्यक्रम के दौरान लाभुकों से सीधी बातचीत की। लाभुकों ने योजना से जुड़ने से पूर्व और अभी के अपने अपने अनुभव साझा किए। प्रधान सचिव एवं उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने लाभुकों को और लोगों को भी योजना से जोड़ने तथा उनको प्रशिक्षण करवा कर ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध कराकर सम्मानजनक जीवन के लिए प्रेरित करने को कहा। प्रधान सचिव श्रीमती वन्दना दादेल एवं उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने साप्ताहिक बुकरू बाजार में फूलो झानो अभियान के लाभुकों से भी बात की, जो योजना का लाभ पाकर अब सब्जी बेचती हैं। पदाधिकारियों से इन लाभुकों ने भी अपने अनुभव साझा किये।

स्थापना दिवस की तैयारी लेकर वैश्य मोर्चा कोर कमिटि की बैठक आयोजित

कई राज्यों के वैश्य नेता किये जायेंगे आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के सुकुरहुट्टू ग्राम स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवास में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक आगामी 12 अक्टूबर को रांची में होने वाले 5 वां स्थापना दिवस समारोह की मुक्कमल तैयारी एवं तैयारी समिति का गठन के लिए रखी गई थी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद ने किया। बैठक में चर्चा करते हुए 12 अक्टूबर को रांची में पांचवां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस स्थापना दिवस समारोह में झारखंड सहित बिहार, नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के वैश्य नेताओं को भी आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिए एक तैयारी समिति का गठन किया

गया, जिसके अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु बनाये गये। जबकि हीरानाथ साहु, संजीव चौधरी, कपिल प्रसाद साहु, इंदुभूषण गुप्ता, रोहित कुमार साहु एवं श्रीमती नम्रता सोनी को सदस्य बनाया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि एक महिला सहित और चार लोगों को इस समिति में शामिल किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि 12 अक्टूबर वैश्य समाज सहित पिछड़ों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण दिन है। पिछड़े वर्ग की हक की लड़ाई उन्हीं के बताये रास्ते पर चल कर जीता जा सकता है। बैठक के अंत में एक प्रस्ताव पारित कर लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बालूमाथ निवासी राजेंद्र प्रसाद साहु की हत्या की कड़ी निंदा की गयी और इस हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई। बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावा केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, शिवनंदन प्रसाद, दिलीप प्रसाद, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, कृष्णा प्रसाद साहु, नरेश साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु आदि उपस्थित थे।

चब्बी चीक्स प्ले स्कूल का शुभारंभ

रांची। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पीपी कंपाउंड स्थित चब्बी चीक्स प्ले स्कूल का उद्घाटन जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाथ शहदेव ने किया। प्राचार्या नेहा आर्य ने बताया कि 2 से 5 साल की उम्र के बच्चों के लिए एक सुरक्षित और पोषण पूर्ण वातावरण प्रदान करना हमारा उद्देश्य है। इसी के तहत स्कूल में गतिविधि आधारित पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह बच्चों के बौद्धिक व शारीरिक विकास पर केंद्रित है। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए खेल की भी सुविधा होनी चाहिए। ताकि इससे बच्चों में विकास होता है। भाषा, सामाजिक कौशल, संगीत, नृत्य, खेल, योग, कला और शिल्प जैसी गतिविधियां निरंतर आयोजित होंगी। चब्बी चीक्स में सुरक्षा के मानक के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परिवहन की सुविधा भी दी जा रही है।

श्री श्याम मंदिर में हरियाली तीज उत्सव आज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को खाटू नरेश का विशेष पर्व हरियाली तीज उत्सव मनाया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरियां ने बताया कि खाटू नरेश व बजरंगबली के दरबार को अति भव्यता से हरियाली के रूप में सजाया जाएगा। सभी देवी देवताओं को हरे रंग का पोशाक पहनाया जाएगा। खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक सिंगार भी किया जाएगा। कोलकाता से लाल गुलाब पीला गुलाब रजनीगंधा पीला गेंदा कमल फूल तुलसीदास की फूल मालाएं मंगाई गई है। पंचमेवा फल मिष्ठान व नमकीन का भोग लगाया जाएगा ।हरियाली तीज पर्व की तैयारी अंतिम चरण में है। हरियाली श्रृंगार दर्शन संध्या 4:30 बजे से सुलभ होंगे । पहाड़ी टोला निवासी पुष्पा देवी पोद्दार हरियाली तीज पर्व की सेवा अर्पित करेंगी।

75 वां श्री श्याम भंडारा : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार 19 अगस्त को 75 वा श्री श्याम भंडारा का आयोजन संध्या 5:00 बजे से होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों को आमंत्रित किया है। गोपाल महेश्वरी कुसुम महेश्वरी सौरभ महेश्वरी परिवार के साथ 75 वे भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।

खेती-बाड़ी

छः सदस्यीय जर्मन कृषि वैज्ञानिक दल ने गिरिडीह का किया भ्रमण

वैज्ञानिकों ने अनुकूल खेती को बढ़ाने पर जोर दिया

नवीन मेल संवाददाता। रांची/गिरिडीह

जर्मनी के वेल्थुंगरहिल्फे संस्थान (डब्ल्यूएचएच) के छः सदस्यीय कृषि वैज्ञानिकों के दल ने विगत गुरुवार को बीएयू अधीनस्थ कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), गिरिडीह का भ्रमण किया। इस दल ने केवीके, गिरिडीह के प्रक्षेत्रों में धान की सीधी बोवाई, धान की पंक्ति में बोवाई, गिलोय की खेती, बागवानी फसलों की उन्नत खेती, मशरूम यूनिट, वर्मीकम्पोस्ट यूनिट, पोषण वाटिका एवं तकनीकी पार्क को देखा। साथ ही किसान छात्रावास में स्थानीय किसानों के कार्यक्रमों का अवलोकन किया। इस दल में वेल्थुंगरहिल्फे संस्थान के कृषि वैज्ञानिक स्टेफनी ग्रेयबेल, निकोलस बेयूगेमन, यूनो मुलर, संचरि मुखोपाध्याय, विजय डे, गगन मेहता एवं कृष्ण कान्त शामिल थे। भ्रमणशील जर्मन दल ने केवीके,

गिरिडीह के कृषि प्रसार गतिविधियों सराहना की। दल ने ऑनलाइन माध्यम से बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह से चर्चा में भाग लिया। कुलपति के दल को विवि द्वारा संचालित शिक्षण, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों की गतिविधियों से अवगत कराया। केवीके, गिरिडीह के भ्रमण एवं सहभागिता के लिए खुशी जाहिर की और जर्मन दल का आभार जताया। इस दौरान जर्मन दल द्वारा शोध कृषि क्षेत्र में सहयोग एवं सहभागिता की ईच्छा व्यक्त की। दल ने संस्थान के कौशल विकास हंस्तांतरण कार्यक्रम के अधीन जर्मनी के शोधकर्ता को केवीके, गिरिडीह में आकर कृषि क्षेत्र में त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक इंटर्नशिप अध्ययन में सहयोग मांगा। दल ने दोनों संस्थानों के सहयोग से गिरिडीह जिला में जलवायु अनुकूल खेती, फुल, बागवानी, पशुपालन, जैविक खाद, प्रसंस्करण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही इस सबंध में एमओयू करने की ईच्छा व्यक्त की। दल ने कहा कि इस कार्यक्रम में स्थानीय एनजीओ अभिव्यक्ति फाउंडेशन भी शामिल होगा। इस एमओयू के तहत मुख्यतः शोध कार्य, तकनीकी हंस्तांतरण, उद्यमिता एवं कौशल विकास, ग्रामीण कृषक महिला सशक्तिकरण के कार्यों पर प्राथमिकता होगी। इस कार्यक्रम के दौरान केवीके, गिरिडीह के प्रभारी डॉ संजय सेठ ने छः सदस्यीय जर्मन दल का झारखंड संस्कृति के अनुरूप अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर डॉ नवीन कुमार, मधुकर कुमार, मनोज कुमार, शुभंकर, युगल भारती तथा अभिव्यक्ति फाउंडेशन के कृष्ण कान्त प्रसाद, भीम सिंह आदि भी मौजूद थे। बताते चले कि वेल्थुंगरहिल्फे संस्थान (डब्ल्यूएचएच) जर्मनी की सबसे बड़ी निजी सहायता एजेंसियों में से एक है।

सीसीएल के 'एवरेस्ट समिट' में शामिल होंगे जाने-माने पर्वतारोही

रांची। सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेन्टर में रविवार को 'एवरेस्ट समिट' का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद होंगे। सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी विशिष्ट अतिथि होंगे। इसमें एवरेस्ट चोटी पर फतह हासिल करने वाले 15 पर्वतारोही पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे। इनमें जामलिंग तेनजिंग, कर्नल रणवीर जामवाल, प्रेमलता अग्रवाल, प्रियंका मोहिते इत्यादि पर्वतारोही प्रमुख हैं। इस विशेष आयोजन में सभी पर्वतारोही हिमालय के दुर्गम चढ़ाई की प्रेरक स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शास्त्रीय नृत्य ओडिशी एवं म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों तथा हितधारकों को जीवन की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है।

मारवाड़ी युवा मंच ने आयोजित किया सावन सिंघारा उत्सव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्थानीय राजस्थान भवन में शुक्रवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा की ओर से आयोजित सावन सिंघारा उत्सव में खूंटी और मुरहू के मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बादलों के आगमन और बारिश की खुशी पर रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। महिलाएं ने मेहंदी लगवाई, लाल, हरे और नारंगी रंग के कपड़े पहनकर, उत्सव भोज में शामिल हुई और हरियाली तीज के झूले का लुत्फ उठाया। मौके पर सावन क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें रमा साबू सावन क्वीन चुनी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियंका जैन, निक्की जैन, श्वेता भाला, रिंकू जैन ने योगदान दिया। ज्योति पोद्दार ने एंकरिंग की बागडोर संभाली और शिवांगी पीपुरिया ने गिफ्ट अरेंजमेंट की जिम्मेवारी संभाली।

समान नागरिक संहिता के विरोध में आयोजित बैठक में भाग लेने नेतागण छत्तीसगढ़ रवाना

रांची। समान नागरिक संहिता के विरोध में आयोजित छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए आदिवासी नेता आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा के नेतृत्व में रवाना हुए। आदिवासी जन परिषद के प्रतिनिधिमंडल में सावना मुंडा, सिदाम सिंह मुंडा, एम आर मांझी, उमेश लोहरा शामिल हैं। नेतागण लोकमान्य तिलक ट्रेन से हटिया स्टेशन से रायपुर के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि शनिवार को राष्ट्रीय आदिवासी सम्न्वय समिति के तत्वावधान में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के विरोध में रायपुर छत्तीसगढ़ में आहूत की गई है। इस बैठक में देश के सभी प्रदेशों के आदिवासी अगुवा शामिल होंगे। इस बैठक में देश में हो रहे आदिवासियों पर चौतरफा हमला, आदिवासियों के धर्म कोड एवं संवैधानिक अधिकार सहित मणिपुर मे शांति बहाल पर भी मंथन की जाएगी। साथ ही रविवार को भी अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद का राष्ट्रीय संगोष्ठी आदिवासियों पर चौतरफा हमले के विषय में जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) के लोहरा भवन में आहूत गोष्ठी में भी नेतागण शामिल होंगे। इस दौरान आदिवासी समन्वय समिति के आयोजक सह अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आज के समय में देश में आदिवासियों पर हमला बढ़ा है और यह चिंता का विषय है।

मोबाइल फोन से फोटो खींचो प्रतियोगिता आयोजित

रांची। शनिवार को विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर मारवाड़ी कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए मोबाइल फोन से फोटो खींचो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को निर्धारित समय प्रातः 9 बजे 12 बजे तक डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विभाग में लगभग 50 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अपना-अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। शनिवार को सभी निर्बंधित विद्यार्थियों को 09:30 बजे सुबह विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। उन्हें इस प्रतियोगिता के सभी नियमों को बताते हुए एक थीम दी जायेगी और उसी थीम पर उन्हें अपने मोबाइल फोन से 03 फोटो क्लिक करने होंगे और निर्धारित समय सीमा के भीतर डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विभाग में तीनों के साफ्टकॉपी ट्रांस्फर करने होंगे। जमा हुए फोटोग्राफ्स को फोटोग्राफी के विशेषज्ञों के द्वारा परीक्षण के बाद एक सप्ताह के भीतर परिणाम घोषित किए जायेंगे। विजयी प्रतिभागियों को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

खूंटी जिला फुटबॉल लीग का समापन

रांची। खूंटी जिला फुटबॉल संघ के तत्वधान में आयोजित जिला फुटबाल लीग सत्र 23-24 का शुक्रवार को समापन मैच बिरसा कॉलेज फुटबॉल स्टेडियम खूंटी में एक्वा फुटबॉल क्लब बनाम एम सी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें एकावा फुटबॉल क्लब 1-0 से विजय रही ।इस प्रकार खूंटी जिला फुटबॉल लीग सत्र 23- 24 का समापन हो गया। लीग के अंक के आधार पर एक्वा फुटबॉल क्लब एक नंबर पर रही तथा विजेता होने के गौरव हासिल की और अंक के आधार पर जोजो हातु दूसरे नंबर पर रही और उपविजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं तीसरे नंबर पर एमसी फुटबॉल क्लब खूंटी रही ।लीग में प्रदर्शन के आधार पर 30 खिलाड़ियों का चयन जिला टीम के गठन हेतु की गई है। जिनका प्रशिक्षण शिविर के उपरांत अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम के की घोषणा की जाएगी ।आज के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में जितेंद्र मुंडा, एल आर डीसी, खूंटी , प्रभात रंजन तिवारी, मोहम्मद मुदस्सर, समीर कुमार,जितेंद्र कच्छप ,उमेश कुमार,मो जावेद , पीटर कौनगाड़ी अध्यक्ष ,संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा, कोषाध्यक्ष तुलसी टोपनो सचिव चंद्रदेव सिंह, मनोहर नाग, सुनील नायक, महानंद गुड़िया, परमानंद कुमार आदि संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। आज का मैच का संचालन के रूप में राकेश सेठ, कृतिबास मुंडा,आनंद कौनगाड़ी अहम भूमिका निभाई। सभी रेफ्रियों को भी इस अवसर पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील नायक जी के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के सचिव चंद्रदेव सिंह जी के द्वारा किया गया।

बिना पेनाल्टी आयकर रिटर्न में कर सकते हैं सुधार

रांची। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा में शुक्रवार को आयकर विभाग की ओर से ई-वेरिफिकेशन स्कीम 2021 विषय पर आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। करदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में आयकर विभाग पटना के अधिकारियों ने बताया कि आयकर रिर्टन दाखिल करने में आय छिपाने और कम आय दिखाने के कई मामले सामने आ रहे हैं। इसका खुलासा करदाताओं द्वारा भरे गए आयकर रिर्टन की जांच में हुआ है। आयकर अधिकारी सत्येंद्र मोहन ने कहा कि केंद्र सरकार के ई-वेरिफिकेशन स्कीम-2021, बिना किसी पेनाल्टी के आयकर रिर्टन में सुधार की सुविधा देता है। ऐसे में अगर करदाता को लगता है कि उसकी आय कि गणना में त्रुटि है या कोई कर योग्य आय छूट गयी है तो वह इस नियम के तहत बिना किसी पेनाल्टी के देय टैक्स को भरकर आयकर रिटर्न में सुधार कर सकता है। आयकर विभाग के इंवेस्टीगेशन एंड क्रिमिनल इंवेस्टीगेशन के संयुक्त निदेशक एमके प्रभात ने बताया कि आयकर विभाग की ओर से भेजे जा रहे ई-वेरिफिकेशन नोटिस का जवाब देने के लिए किसी भी करदाता को आयकर कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है।

डीसी ने की डीएमएफटी से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

योजना लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाएं, फंड की कमी नहीं

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत चल रहे विकास कार्यों की शुक्रवार 18 अगस्त को डीसी वरुण रंजन ने समीक्षा की. स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को सभी स्वास्थ्य केंद्रों, सदर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराने के साथ ममता वाहन और एंबुलेंस की व्यवस्था की कड़ी निगरानी रखने का आदेश दिया. साथ ही जिले के शीर्ष पांच बीमारियों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने की बात कही. वहीं जेएसएलपीएस के अधिकारियों को जिले के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रख कर योजना बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने फिशरी और पोल्ट्री फार्म से लोगों को जोड़ने पर जोर दिया. इसके अलावा डीसी ने शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों में डीएमएफटी से चल रहे कार्यों की जानकारी ली. डीसी ने कहा कि डीएमएफटी की राशि की कोई कमी नहीं है, विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी. डीसी ने अलग-अलग विभागों के संबंधित अधिकारियों से डीएमएफटी फंड की कमी के बारे में भी पूछा, जिसपर पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की आवश्यकताओं की जानकारी दी. जेएसएलपीएस पदाधिकारियों ने ट्रेनिंग सेंटर और प्रोडक्शन सेंटर की मांग की. समाज कल्याण पदाधिकारी ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों को डीएमएफटी फंड से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की मांग की. उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की शिक्षा के लिए हर तरह की सुविधा मुहैया करायी जाएगी. डीसी ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने, गुणवत्ता का ध्यान रखने व ससमय योजनाओं को पूर्ण करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए. मौके पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभान प्रतापन, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेहा कश्यप, पीएमयू की टीम समेत संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे.

गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव कल, तैयारी पूरी

गिरिडीह। गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की घड़ियां करीब आ गई हैं. एक सप्ताह की गहमागहमी के बाद शनिवार 19 अगस्त को वोट डाले जाएंगे. 7 पदाधिकारियों व 9 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 796 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. संघ में कुल 905 अधिवक्ता निबंधित हैं, लेकिन एआईबीई परीक्षा पास नहीं होने और फीस की राशि जमा नहीं करने के कारण 109 अधिवक्ताओं को मताधिकार से वंचित कर दिया गया है. चुनाव पदाधिकारी शंभू नाथ सहाय ने बताया कि इन अधिवक्तओं की वोटिंग पर अंतिम निर्णय ऑब्जर्वर के आने के बाद ही लिया जाएगा. मतदान सुबह 9 से शुरू होगा और दोपहर 3 बजे तक चलेगा. मतदान खत्म होने के एक घंटे बाद शाम 4 बजे से मतगणना शुरू होगी. देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा. चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. आम चुनाव में 1 दिन पहले राजनीतिक दलों के लिए कयामत की रात होती है. इसी तरह गिरिडीह अधिवक्ता संघ चुनाव में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों के लिए शुक्रवार की रात कयामत से कम नहीं होगी.

27 को झारखंड प्रदेश तेली समाज अधिवेशन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन 27 अगस्त को रांची के सहजानंद चौक, हरमू स्थित स्वागतम बैक्वेंट हॉल में होगा। सुबह 11 बजे से आयोजित अधिवेशन में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों का जुटान होगा। इसके अलावा अधिवेशन में नेपाल से तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू, प्रतापगढ़ यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता, फिल्म निर्देशक निरंजन भारती की उपस्थिति होगी। यह जानकारी झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू ने शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में मुख्य रूप से एक समाज श्रेष्ठ समाज का निर्माण पर विचार विमर्श किया जायेगा। सामाजिक और राजनितिक क्षेत्र में तेली समाज की उपेक्षा जिस तरह से खास कर इस झारखंड प्रदेश में रहा है, इस मुद्दे पर अधिवेशन में चर्चा होगी। साहू ने बताया कि झारखंड में तेली समाज की जनसंख्या 20 प्रतिशत है। इसके बाद भी झारखंड के 22 सालों में विधानसभा की बात हो या फिर लोकसभा चुनाव की बात हो हमें राजनीतिक पार्टियों के द्वारा उपेक्षित रखा गया। प्रदेश में हमारे समाज को आरक्षण से वंचित किया गया। वहीं, झारखंड प्रदेश में 54 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया. इस मुद्दे पर भी अधिवेशन में बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में तेली समाज के लोगों पर अपराधी बेलगाम होकर उनकी हत्या, लूट, जैसी वारदात का अंजाम दे रहे हैं। समाज एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज बुलंद करेगा। तेली जातियों की संख्या जितनी है। झारखंड प्रदेश में उस तरह से समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक और उन्हें शिक्षित करने की पहल नहीं किया जाना काफी चिंताजनक है। इस पर भी हमलोग अधिवेशन में बातचीत करेंगे। हम सभी दानवीर भामाशाह के वशंज हैं। हमारे खून में ही दान और सेवाभाव है। यही तेली जाति का लक्ष्य रहा है हमारा समाज शुरू से ही जन सेवा के लिए जाना जाता है, इसके बावजूद तेली समाज के लोगों को सरकार के द्वारा रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में उपेक्षित रखा गया। प्रेस वार्ता में झारखंड प्रदेश तेली समाज के संरक्षक रिपु सुदन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर साहू, प्रधान महासचिव प्रकश साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

घायल व्यक्ति को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर

बरही । बीते रात्रि चौपारण रामचक निवासी रामशीष यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए. जिन्हे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया. जिन्हे चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया. दुर्घटना ने उनका हाथ टूट गया है और माथा में गहरा चोट लगे है. जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति को हजारीबाग से मेडिका रांची के लिए रेफर किया गया है. घटना बाईक से पांडेयवारा से अपने गांव सलहरा जाने के क्रम में सलहरा में विपरीत दिशा से आने वाले वाहन से चकमा खाकर पेड़ से टकराने से हुई. जिन्हे स्थानीय लोगो की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. इस कार्य में इजराइल अंसारी सहित विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) मो रिजवान अंसारी आदि ने सार्थक सहयोग किया. स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने परिजनों से संपर्क कर बेहतर ईलाज हेतु हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है.

गिरिडीह में दंपती से 1.40 लाख की लूट

गिरिडीह। गिरिडीह शहर के नगर थाना क्षेत्र के नटराज चौक के समीप 18 अगस्त शुक्रवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने बैंक से पैसे निकालकर आ रहे दंपती से एक लाख 40 हजार रुपए लूट लिया और फरार हो गए. बताया गया कि कोडरमा के मरकच्चो निवासी सुरेश प्रसाद यादव अपनी पत्नी के साथ मकतपुर स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया से रुपए की निकासी कर स्कूटी से अपने घर जा रहे थे. इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने पैसे से भरा बैग छीनकर फरार हो गए. घटना की सूचना पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. पुलिसबैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है.

सिंचाई नाला में डूबने से डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौत

जमशेदपुर। मुसाबनी थाना क्षेत्र के परुलिया गांव के समीप पुतगाड़ियां टोला निवासी भुगलू बेसरा का डेढ़ वर्षीय बच्चा शुक्रवार की सुबह सिंचाई नाला में डूब गया. इससे उसकी मौत हो गई. बच्चे के मौसेरे भाई बुद्धेश्वर मार्डी ने बताया कि घर के लोग खेत पर गए हुए थे. महिलाएं घर में काम कर रही थी. बाहर बच्चों के साथ वह भी खेलने चला गया. खेलते-खेलते कब सिंचाई नाले में जाकर गिर गया, पता नहीं चला. बाद में खोजबीन करने पर देखा कि नाले में गिरा हुआ है. उसे उठाकर तत्काल डुमरिया सीएचसी ले जाया गया. वहां के चिकित्सक ने घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ. मीरा मुर्मू ने जांच के उपरांत बच्चे को मृत घोषित कर दिया

छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जमशेदपुर। सीतारामडेरा थाना अंतर्गत ईस्ट बंगाल कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय अनन्या पाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना गुरुवार रात 8 बजे की है. शुक्रवार सुबह सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. अनन्या घर की इकलौती बेटी थी और सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के 11 वीं कक्षा की छात्रा थी. अनन्या के पिता प्रसेनजित पाल टाटा मोटर्स कर्मी हैं और पेशे से मूर्तिकार भी है. मिली जानकारी के अनुसार घटना के वक्त पिता काम पर थे वहीं मां मनसा पूजा की तैयारी कर रही थी. तैयारी पूरी कर वह जब अनन्या के कमरे में गई तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया. उन्होंने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी.

साइकिल से गिरकर ठेका मजदूर की मौत

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट में ड्यूटी के लिए गए ठेका मजदूर अशोक कुमार (63) की 18 अगस्त की सुबह परिसर में साइकिल से गिरने से मौत हो गई. वह बालीडीह थाना क्षेत्र के सिंह टोला का रहने वाला था. अशोक कुमार सुबह में घर से साइकिल से ड्यूटी के लिए निकला था. वह मनसा सिंह गेट से प्लांट में प्रवेश किया और ड्यूटी ज्वाइन करने के लिमशीन शॉप की ओर बढ़ रहा था. तभी अचानक सड़क पर साइकिल लेकर गिर पड़ा. बगल से गुजर रहे मजदूरों ने सीआईएसएफ जवानों की मदद से प्लांट के अंदर मेडिकल यूनिट में ले गए, जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उसे बीजीएच रेफर कर दिया.

सिम्फर के गार्ड के साथ दबंगों ने की मारपीट

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। सीएमआरआई (सिम्फर) के मेन गेट के पास शुक्रवार 18 अगस्त को कार सवार दबंगों ने सुरक्षा गार्ड के साथ की मारपीट की और सुरक्षा पोस्ट में तोड़-फोड़ मचाई. गार्ड प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह एक बलेनो कार से कुछ लोग आए और मेन गेट से प्रवेश करने लगे. जिसके बाद उसने उन्हें गाड़ी साइड में लगाकर प्रवेश रजिस्टर में एंट्री लिखने को कहा. रजिस्टर में एंट्री की बात उन्हें नागवार गुजरी और सभी कार से

उतरकर उसके और उसके साथी के साथ मारपीट करने लगे. इस दौरान युवकों ने कुछ और लोगों को बुला लिया. इसके बाद वह 8 की संख्या में हो गए और दोनो के साथ मारपीट की. साथ ही सुरक्षा पोस्ट में भी जमकर तोड़-फोड़ की. हो हल्ला होने से धीरे-धीरे भीड़ एकत्रित होने लगी. जिससे मौके का फायदा उठाकर सभी भाग गए. इस मामले को लेकर सिम्फर के अधिकारी और सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई. जिसके बाद सिम्फर पदाधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए. सिम्फर पदाधिकारी ने बताया कि बदमाशों की गाड़ी का नंबर पुलिस को दिया गया है. सदर थाना पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज. कर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी.

सीआइएससीई दो दिवसीय जोनल बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

जमशेदपुर। सीआइएससीई जोनल दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुक्रवार को जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भव्य शुभारंभ हुआ. दो दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी केरला समाजम मॉडल स्कूल कर रहा है. टूर्नामेंट में जमशेदपुर के 22 सीआइएससीई स्कूल के सैकड़ों बच्चे भाग ले रहे हैं. इस टूर्नामेंट में विजयी प्रतिभागी भागलपुर में होने वाले रिजनल टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे. इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन सीआइएससीई स्कूल की कॉ-ऑर्डिनेटर सह गुलमोहर स्कूल की प्राचार्य प्रीति सिन्हा ने की. मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए शिक्षा के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना जरूरी है. इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है. इस प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी रिजनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे. उन्होंने इस प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को अपना बेहतर खेल का प्रदर्शन करने को कहा. टूर्नामेंट का समापन शनिवार को होगा. इस अवसर पर मेजबान केरला समाजम मॉडल स्कूल प्रबंधन के सदस्यों सहित अन्य स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे.

भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 12 लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह जिले के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के नोनियातरी गांव में 18 अगस्त को जमीन विवाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई. रोड़ेबाजी में करीब 12 लोग घायल हो गए. घायलों में एक पक्ष के रामजी साव, नकुल साव, पोखन साव, रेखा देवी, ललिता देवी, ममता देवी, जमुनी देवी, संजु देवी, श्यामसुंदर साव, सोनी देवी, जबकि दूसरे पक्ष के पुनीत साव व मुकेश साव शामिल हैं. सभी का देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है. घायल श्यामसुंदर साव ने बताया कि गांव के पुनीत साव, विजय साव, रूपनारायण साव, किशोर साव व राहुल साव उसकी जमीन पर जबरन घर बना रहे थे. मना करने पर उनलोगों ने लाठी, रॉड, टांगी से लैस होकर हमला बोल दिया और मारपीट शुरू कर दी. वहीं, दूसरे पक्ष के घायल पुनीत साव ने बताया कि वह अपनी जमीन पर मवेशियों के लिए शेड बनवा रहे थे. इसी दौरान श्यामसुंदर साव, प्रसाद साव, रामजी साव, नकुल साव, प्रदीप साव व राजू साव आकर मारपीट की.

सीआरपीएफ बटालियन ने खुखरा में किया पौधरोपण

गिरिडीह। सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमाण्डेन्ट अच्युता नन्द के निदेर्शानुसार व गृहमंत्री अमित शाह के चार सौ करोड पौधरोपण के उपलक्ष्य में सीआरपीएफ अधिकारी व जवानों ने 200 पौधों का रोपन किया. 18 अगस्त को आयोजित इस कार्यक्रम में जवानों ने खुखरा गांव के लोगों के साथ मिलकर डिग्री कॉलेज, पुलिस स्टेशन व कैम्प परिसर में पौधरोपण किया. इस अवसर पर सहायक कमाण्डेन्ट विजय सिंह मीना ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है, जो हमें स्वच्छ जल-वायु देने के साथ ही पर्यावरण को भी शुद्ध रखते हैं. स्थानीय लोगों व जवानों से उक्त पौधों की समय-समय पर देख-रेख करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि अपने सगे संबंधियों, पडोसियों व परिवारजनों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ वातारण दिया जा सके. इस अवसर पर विजय सिंह मीना, खुखरा थाना प्रभारी अजित कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, उपमुखिया गोवर्द्धन रजक, नीरज कुमार, राजेन्द्र ठाकुर, हीरामन साव और राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे.

अशोक लेलैंड की ड्रीम ड्राइव देवघर पहुंची

रांची। अशोक लेलैंड के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए ड्रीम ड्राइव के हिस्से के रूप में अशोक लेलैंड का बॉस 1415 और बड़ा दोस्त वाहन देवघर पहुंचा। गाड़ी गुवाहाटी से चलकर अम्बिकापुर की ओर जा रही है। यह अभियान भंडारा के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट में समाप्त होगा। इस यात्रा में रांची, जमशेदपुर, राउरकेला, संबलपुर और रायपुर भी शामिल होंगे। कुल 10 वाहनों के साथ यह ड्रीम ड्राइव देशभर में पांच अलग-अलग मार्गों पर भ्रमण कर रही है। बेंगलुरु, मुंबई, जम्मू, कोलकाता और डिब्रूगढ़ से शुरू होकर, यह अभियान देश भर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजर रहा है और अशोक लेलैंड के विनिर्माण संयंत्रों में समाप्त होगा। इस अभियान का उद्देश्य कई आयामों में राष्ट्र के साथ कंपनी के स्थायी संबंधों का जश्न मनाना है। साथ ही, अशोक लेलैंड अपने डीलरशिप के व्यापक नेटवर्क के साथ जुड़ेगा, अपने मूल्यवान ग्राहकों के साथ सीधा संबंध बनाएगा और वाणिज्यिक वाहन से संबन्धित अपने वर्षों के अनुभव के जरिये तमाम जानकारी एकत्र करेगा।

बरही में बिजली समस्या से उपभोक्ता त्रस्त

बरही । पिछले दो दिनो से बरही सहित आस पास के क्षेत्रों में बिजली आए राम गए राम की तर्ज पर मिलने से विद्युत उपभोक्ता परेशान है. 24 घंटे में बमुश्किल सात से आठ घंटे ही बिजली मिल पा रहे है. वह भी हर आधे घंटे के ब्रेक से लोग त्रस्त है. यही स्थिति शुक्रवार को भी देखने को मिली. ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था और भी दयनीय है. कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण लोग कई दिनों से अंधेरे में डूबे है. सेलहरा से बिजली बिल जमा करने आए जगदीश महतो ने बताया कि बिजली आपूर्ति नियमित नही होने से लोग परेशान है. विशेषकर रात में उमस भरी गर्मी की रात कटनी पद रही है. बरसात के कारण बच्चे बाहर भी पढ़ नही पाते है. जिससे बच्चो की पढ़ाई भी बाधित हो रहे है. गृहिणी रीता देवी ने बताया कि घटिया विद्युतापूर्ति से सबसे अधिक परेशान हम गृहिणियां ही होते है. नियमित विद्युतापूर्ति के लिए विभागीय पदाधिकारी को गंभीर होने की आवश्यकता है. सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव कुमार ने समस्या का मुख्य कारण डीवीसी का लोड शेडिंग बताया है. उन्होंने बताया कि केटीपीएस में कुछ समस्या आ गया है. जिसका मेंटेनेंस कार्य चल रहा है. विद्युत उत्पादन कम हो रहा है.

विरोध

दुर्गा सोरेन सेना और कंपनी प्रबंधन के बीच हुई वार्ता

मांग को लेकर कंपनी का कार्य किया ठप

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन देने सहित अन्य पांच सूत्री मांगों को लेकर दुर्गा सोरेन सेना के समर्थकों ने शुक्रवार 18 अगस्त को ईस्ट बसुरिया कोलियरी क्षेत्र संख्या 6 में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी खेमका करियर्स का कामकाज ठप कर दिया. दुर्गा सोरेन सेना के युवा मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों समर्थक सुबह से ही अपने हाथों में झंडा लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यस्थल पर डेरा डालकर नारेबाजी करते हुए काम बाधित कर दिया. इस दौरान कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने इसका विरोध किया तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई. कर्मियों के साथ बंद समर्थकों की नोकझोंक भी हुई. इस मौके पर ईस्ट बसुरिया ओपी की पुलिस सदल बल उपस्थित थी. घंटो बाद ईस्ट बसुरिया ओपी में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की मध्यस्थता में कंपनी प्रबंधन व बंद समर्थकों के बीच हुई वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया. वार्ता में कंपनी के साइड इंचार्ज डब्लू आलम ने 10 अक्टूबर तक मांगों को पूरा करने की सहमति दी. इस मौके पर दुर्गा सोरेन सेना के धनबाद जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौबे, प्रकाश सिंह, प्रेम कुमार झरिया नगर अध्यक्ष और कंपनी की ओर से डब्लू आलम, राम बाबू सिंह उपस्थित थे.

मलकोको में जलसा कार्यक्रम में शायरी-तकरीर से लोग हुए रूबरू

नवीन मेल संवाददाता

बरही । गुरुवार की रात्रि मलकोको में जलसा कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसमे तकरीर और शायरी से लोग रु बरु हुए. कार्यक्रम में बरैली के मौलाना मुफ्ती इमरान रजा खां, हजरत मौलाना फरीदुल कादरी, की तकरीर ने लोगो का दिल जीत लिया. वही नात खां, साजिद राजा, शोएब अख्तर और हाजी जफर अली की शायरी ने उपस्थित लोग को झूमने के लिए मजबूर कर दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना गुलाम हैदर अली रिजवी ने किया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक महाकल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, विशिष्ट अतिथि एआईएमआईएम के विस प्रभारी सूरज दास सहित कई लोग शामिल हुए. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से नासिक मनोरंजन बल्कि ज्ञानवर्धन भी होते हैं. जो आज के इस भाग दौड़ की जिंदगी के लिए अति आवश्यक है. कार्यक्रम में मौलाना महबूब आलम, हाफिज अलाउद्दीन, मौलाना सिराज, मौलाना तोसीफ, मुफ्ती जसीम, अजहर उद्दीन, आसमीद अंसारी, हाजी जहूर अंसारी, अख्तर अंसारी, मो मुस्तकीम अंसारी, फिरोज निजामी, कुर्बान मियां, मो मुस्ताक आदि कई लोग शिरकत किए.

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक, बोले

15 दिनों के अंदर कार्यों में सुधार लाएं

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बैंकों की वार्षिक ऋण योजना एवं क्रेडिट लिंकेज कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन बैंकों द्वारा किए गए कार्यों को संतोषजनक नहीं पाया उनके बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को 15 दिनों के अंदर कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र में ऋण उपलब्ध कराने हेतु जिन बैंकों की उपलब्धि 40% से कम है उन बैंकों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश अग्रणी जिला प्रबंधक को दिया। वही बैंकों के सीडी अनुपात में सुधार को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश बैंक प्रबंधकों को दिए। उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस को ज्यादा से ज्यादा स्वयं सहायता समूह को मुद्रा लोन दिलाने हेतु ऑनलाइन आवेदन कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बैंक प्रबंधकों व प्रतिनिधियों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े लाभुकों को भी केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे वैसे बच्चों जिनका किसी कारणवश अब तक बैंक में खाता नहीं खुल सका है उन्हें चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द सभी बच्चों का खाता बैंक में खोलना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों प्रतिनिधियों सहित अन्य थे।

विकास कार्यों की राशि खर्च नहीं करने वाले मुखिया को देना होगा स्पष्टीकरण, डीसी ने दिये निर्देश

रामगढ़। डीसी चंदन कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों व 15वें वित्त आयोग के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की. मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू ने डीसी समेत बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों को 15वें वित्त आयोग के तहत ली गई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. समीक्षा के क्रम में डीसी ने पाया कि कई पंचायतों के मुखिया विकास कार्यों को लेकर राशि खर्च नहीं कर पाये. इन लोगों से जिला पंचायती राज पदाधिकारी को स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया. साथ ही डीसी ने वर्तमान में 15वें वित्त आयोग के तहत चल रही योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा डीसी को बताया गया कि रामगढ़ जिले के 125 पंचायतों में से 120 पंचायतों में पंचायत भवन निर्मित है. वहीं शेष 5 पंचायत भवन निमार्णाधीन है. मौके पर डीसी ने नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ससमय निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया. इसके साथ ही बैठक के दौरान डीसी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक कर जिले में प्राथमिकता के आधार पर किए जाने वाले विकास कार्यों से संबंधित योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया.

झारखंड दिव्यांग पुरूष टीम के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल कल

रामगढ़। झारखंड दिव्यांग पुरूष क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल आगामी 20 अगस्त को रांची के हरमू ग्राउंड में 10 से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि ट्रायल में ट्रायल में झारखंड के अंतर्गत आनेवाले पुरूष दिव्यांग खिलाड़ी ही शामिल हो सकते हैं। बताया गया कि ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड का फोटो कॉपी,दिव्यांग प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर जाना होगा। बताया गया कि ट्रायल में अधिकतम 40 वर्ष तक के खिलाड़ी ही शामिल हो सकते हैं। ट्रायल में शामिल होनेवाले खिलाड़ियों को किराया प्रदान नही किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी के लिए खिलाड़ी मनीष कुमार के मोबाइल नंबर 7909046708, जाहिद अंसारी के मोबाइल नंबर 7903600460, मुकेश कुमार दुबे के मोबाइल नंबर 6201027780, अफरोज अंसारी के मोबाइल नंबर 9304843826 और गौरव कुमार के मोबाइल नंबर 6204362021 पर संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

चितरपुर में भक्तिभाव से हुई माता मनसा की पूजा

रामगढ़। चितरपुर क्षेत्र श्रद्धा और भक्ति के साथ माता मनसा की श्रद्धालुओं ने पूजा कर खुशहाली और समृद्धि की कामना की. इस मौके पर चितरपुर लोहार टोला में पुजारी मिथलेश तिवारी ने विधि पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाया. उन्होंने कहा की जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से माता मनसा की पूजा अर्चना करते हैं माता की कृपा से उनके घर खुशहाली और समृद्धि अति है. मौके पर कई लोग उपस्थित थे.

राजेश महतो ने किया खेल सामग्री का वितरण

रामगढ़। आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो ने वार्ड नं 26 कैथा में स्कूली बच्चों को फुटबॉल शुक्रवार को फुटबॉल प्रदान करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा और बेहतर खेल एक दूसरे के पूरक हैं। खेल-कूद से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है और स्वस्थ तन और मन से ज्ञान का बेहतर अर्जन होता है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सदैव प्रतिभावान खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य को लेकर प्रयासरत रही है। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को हर सभंव सहयोग मिलता रहा है। खेल सामग्री का वितरण करते हुए उन्होंने स्कूली बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बबलू कुमार, सचिन कुमार, प्रवीण कुमार, अमन कुमार महतो, रोशन कुमार,अंकुश कुमार, कृष्ण कुमार, शिवम कुमार, प्रियांशु कुमार,सुमित कुमार,अजय कुमार, देवकांत देव आदि उपस्थित थे।

आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर हमला, ग्रामीणों के साथ झड़प

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। हजारीबाग के बरकट्ठा थाना अंतर्गत कोनहरा के एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए गई पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया. काफी देर तक झड़प होती रही. स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दिया. जब गाड़ी को निकालने के लिए क्रेन मंगाया गया, तो क्रेन के पहिए की हवा निकाल दी. ऐसे में गुरुवार रात भर पुलिस उस गांव में परेशान रही. आलम यह रहा कि वरीय पदाधिकारी को भी घटनास्थल पर आना पड़ा. पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया. उसके बाद पुलिस वहां से बैरंग लौट गई. दरअसल बरकट्ठा पुलिस इसराइल अंसारी के बेटे ताज अंसारी की तलाश कर रही थी. 2023 में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. रिकॉर्ड के अनुसार उस पर मारपीट के दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं. लगातार पुलिस उसे तलाश कर रही थी. लेकिन वह थाना नहीं पहुंच रहा था. बीती देर रात पुलिस उसे तलाश करने के लिए उसके घर पहुंची, तो इसी दौरान आसपास के लोग और परिजनों ने पुलिस पर हमला बोल दिया. इस मामले को लेकर शुक्रवार की सुबह पुलिस फिर से उस गांव में दबिश बनाने के लिए गई ताकि जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है।

मास्टर ट्रेनर्स का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समापन

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। जिले के प्राथमिक शिक्षिका शिक्षा महाविद्यालय 'डायट' हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ। विदित हो कि प्रशिक्षण में जिले भर के सीआरपी/ बीआरपी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु विद्यालय प्रबंधन समिति का सशक्तिकरण करना रहा। इस निमित्त प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे अपने संकुलाधीन विद्यालय में प्रबंधन समिति के सदस्यों को कुशलतापूर्वक प्रशिक्षित कर सकें। एसएमसी प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारी संजय तिवारी ने बताया कि जिले के 1485 विद्यालय के प्रबंधन समिति को प्रशिक्षित किया जाना है। इस निमित्त सभी संबंधित जानकारी संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवी को प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई। वहीं प्रशिक्षक के रूप में अभय कुमार व अजय नारायण दास उपस्थित रहे। इस दौरान प्रशिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एसएमसी के कार्य एवं दायित्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रतिभागियों ने अपने-अपने संकुल के वैसे बेहतर विद्यालय की चर्चा की जहॉ एसएमसी बेहतर रूप से कार्य कर रही है।वहीं प्रशिक्षकों द्वारा वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण के संबंध में बताया गया तथा वीडियो के विभिन्न तथ्यों पर परिचर्चा की गई।प्रशिक्षणोपरांत बरही 1 के बीईईओ सह प्रभारी डीएसई रामसेवक दांगी के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वहीं शिक्षा विभाग के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सीआरपी/बीआरपी में राम कृष्ण पाण्डेय बरकट्ठा, मो सईद चौपारण, जालेश्वर प्रसाद विष्णुगढ़,मिनाक्षी अम्बष्ठा दारु, प्रभू साव पदमा, एजाज अहमद कटकमसांडी, लालधन महतो दाड़ी, वीरेन्द्र कुमार बरही को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीन्द कुमार सिंह, सचिव ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष हृदयांशु कुमार, अरुण कुमार, रंभा कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, हेमंत कुमार, श्रीकांत कुमार ,अर्जुन चौधरी, शशि भूषण कुमार सिंह, विनोद शर्मा, दयाल प्रसाद ,गुलाबचंद प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

लैंगिक समानता विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 18 अगस्त को एंटी रैगिंग कार्यक्रम के तहत लैंगिक समानता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर के लैंगिक समानता संबंधी विभिन्न समुदायों के बीच सम्मान व अधिकारों के भाव के प्रकटीकरण से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में अलग-अलग मनोदैहिक प्रवृत्ति के लोग रहते हैं। उनके साथ भेदभाव करने की बजाय उन्हें सराहने और स्वीकारने की आवश्यकता है। व्यक्ति की पहचान उसके द्वारा किए गए विशिष्ट कार्य से होनी चाहिए ना कि उसके जन्म से। सभी की क्षमताओं का सदुपयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा और डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में सुजाता को प्रथम पिंटू को द्वितीय और विशाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विद्यार्थियों ने एकजुट होकर एंटी रैगिंग के समर्थन में रैगिंग न करने व करने वालों का विरोध करने की दृढ़ प्रतिज्ञा भी ली।

जिप सदस्य कुमकुम ने सांसद को सौंपा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा । प्रखंड क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर जिप सदस्य कुमकुम देवी ने कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को मांग पत्र सौंपा है। उन्होंने बताया कि गजराजों का कहर जारी है। और आये दिन निरंतर लोगों को भारी जान माल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्ट्रीट लाइट के अभाव में लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। गाँव में कहीं भी स्ट्रीट लाइट दिखाई नहीं पड़ता जनता लाइट लगाने की गुहार लगाते रहे हैं इसी निमित्त कुमकुम देवी ने सांसद अन्नपूर्णा देवी से मिलकर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराई और अविलंब स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की।

लैबुआ में कुएं में डूबने से युवक की मौत

बरकट्ठा। गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम लेम्बुआ में कुएं में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की दोपहर करीब 12:30 बजे की है। ग्रामीणों ने बताया कि कुंआ में पानी भरने के लिए पहुंचा तो देखा कि उसमें कोई डूबा है। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से युवक को बाहर निकाला गया। शव की शिनाख्त विजय ठाकुर (25),पिता जागेश्वर ठाकुर ग्राम लेम्बुआ थाना गोरहर निवासी के रूप में की गई। घरवालों ने बताया कि विजय नहाने के लिए गया था जहां पैर फिसलने से कुंआ में डूबने की आशंका जाहिर किया है। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण और पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया।

8 बच्चे रिपब्लिक डे सेलिब्रेशन के चयन के लिए हजारीबाग रवाना

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के 8 बच्चे आरडीसी सिलेक्शन के लिए शुक्रवा की सुबह कैनरिहिल हजारीबाग रवाना हुए। अगर इन बच्चों का चयन होता है तो 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इन्हे अपने वीरता और पुरुषार्थ के प्रदर्शन का मौका मिलेगा जो की एक गौरव की बात होगी। सभी आठ बच्चे एनसीसी के है। इसके उपरांत 15 बच्चे कंबाइन्ड एनुअल ट्रेनिंग कैंप के लिए भी रवाना हुए। ये बच्चे इस कैंप का हिस्सा बनेंगे और इस दस दिवसीय ट्रेनिंग मे वो भिन्न प्रकार की ट्रेनिंग लेंगे जिसमे की फायरिंग, ड्रिल, कल्चरल इवेंट्स, वेपन ट्रेनिंग, डिसास्टर मैनेजमेंट , मैप रीडिंग शामिल है। 8 बच्चे जिनका आर डि सी सिलेक्शन मे चयन हुआ है उसमे करण कुमार, पुरुषोत्तम यादव, सागर कुमार, तुलेश्वर कुमार, अरविन्द कुमार, प्रिंस चौधरी, मुकेश कुमार एवं हिमांशु टुडू सम्मिलित है। विद्यालय की प्रिंसपल स्वाती रंजन ने इस दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है इस शिविर के दौरान हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन में रहना और समाज की सेवा करने जैसे गुणों को ग्रहण करेंगे और भविष्य में अपने देश की आन बान शान के लिए आगे आएंगे।

काली मंडा ब्रह्म स्थल का सीमांकन करने गए सीओ और थाना प्रभारी को लौटना पड़ा बैरंग

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह स्थित काली मंडा जो ब्रह्मा स्थल है। का सीमांकन करने गए अधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक काली मंडा की भूमि खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 1719 रकबा 1 एकड़ 14 डिसमिल उपायुक्त महोदय के द्वारा चिन्हित कर बोर्ड लगाया गया है। जिसका सीमांकन करने की मांग ग्रामीणों के द्वारा अंचलाधिकारी से किया गया था।जिसका मापी करने के लिए सीओ और गोरहर पुलिस दलबल के साथ पहुंची। मापी हो जाने के पश्चात महिलाओं के द्वारा उलझन करने से और सीओ से अभद्र व्यवहार करने के बाद अंचल अधिकारी नाराज होकर वापस लौट आए। उन्होंने अगले 5 सितंबर को मापी कराने की बात कही। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मापी के पश्चात हम लोग पिलर गाडने जा रहे थे लेकिन हम लोगों को पिलर गाडने नहीं दिया गया।जिससे विवाद हुआ और गोरहर थाना के स्टाफ और अंचलाधिकारी निराश होकर बैरंग वापस लौट गए। मुख्य निजाम अंसारी ने कहा कि बेवजह लोग बार-बार मापी करके माहौल को खराब करना चाह रहे हैं इस जमीन पर कई बार मापी हो चुका है। और यह जमीन को हम लोग ग्रामीणों के द्वारा 10 डिसमिल खरीदे हैं। मौके पर सीओ श्रीकांत लाल मांझी, गोरहर थाना के पुलिस बल, मुखिया निजाम अंसारी, पूर्व मुखिया नरेंद्र सिंह,समाजसेवी चंद्रशेखर सिंह, अवध किशोर सिंह, प्रताप सिंह, चंदन सिंह, कुंदन सिंह, सूरज सिंह, विहिप पंचायत अध्यक्ष मुकेश पांडेय, सूरज देव प्रजापति, बाबूलाल पांडेय, अजीत मंडल, भीम मंडल, परमेश्वर साव, अर्जुन पांडेय, रमजान मौलवी,सफीक अंसारी, भीम मंडल, कुदुस अंसारी, राम तीरथ पांडेय, मनोज पांडेय, सुनील पांडेय, राजकुमार गिरी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

परेशानी बढ़ी — **बड़कागांव के पकरी बरवाडीह स्थित टेक्सटाइल फैक्ट्री में मिला था रोजगार**

फैक्ट्री बंद होने से 200 महिलाएं हुई बेरोजगार

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। बड़कागांव की कोल माइंस पकरी बरवाडीह परियोजना एनटीपीसी के अधीनस्थ काम करने वाली कंपनी त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 200 से अधिक महिलाओं को बेरोजगार कर दिया है. ये वही महिलाएं हैं, जो कोल उत्खनन के कारण विस्थापित हुई थीं. कंपनी ने 200 से अधिक महिलाओं को यह आश्वासन दिया था कि उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली जाएगी और उसके एवज में पैसे के अलावा रोजगार भी दिया जाएगा. ऐसे में परिवार के लोगों ने कंपनी को जमीन दे दी. वर्ष 2016 से त्रिवेणी सैनिक कंपनी ने सीएसआर के तहत बड़कागांव के पकरी बरवाडीह में टेक्सटाइल फैक्ट्री लगाई थी. लेकिन अब कंपनी की ओर से महिलाओं को कह दिया गया कि फैक्ट्री बंद कर दी गई है. अब आने की आवश्यकता नहीं है. ऐसे में महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही हैं. बेरोजगार होने के बाद 200 महिलाओं ने शुक्रवार को डीसी नैंसी सहाय को ज्ञापन सौंपकर अपनी बातें साझा कीं. महिलाओं ने ज्ञापन के जरिए बताया कि त्रिवेणी अप्रैल्स टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड तहत के तहत 220 महिलाएं काम कर रही हैं. तीन माह से मानदेय बढ़ाने की मांग की जा रही थी. कंपनी आश्वासन दे रही थी कि वेतन बढ़ोतरी होगी. अचानक पिछले साल 17 अक्तूबर को कंपनी के पदाधिकारी ने ऐलान कर दिया कि फैक्ट्री घाटे के कारण बंद कर दी जा रही है. महिलाओं ने डीसी से यह गुहार लगाई है कि उन्हें बेरोजगार कर दिया गया है. इससे अब उन्हें परेशानी हो सकती. जो बच्चे स्कूल जाते हैं, उनका फीस नहीं दे पाएंगे. यहां तक कि खाने-पीने की भी समस्या हो सकती है. इसे देखते हुए समस्या का समाधान किया जाए. कई विधवा महिलाओं में शामिल मुस्तरे खातून का कहना है कि जमीन लेने के समय कई आश्वासन दिया गया. लेकिन आज उन लोगों को बेरोजगार कर दिया गया है. दो बच्चे हैं. उनका लालन-पालन कमाई के पैसे से ही होता था. लेकिन अब समस्या आने जा रही है, कैसे बच्चों को पढ़ाएंगे. यहां तक कि खाने की भी समस्या हो सकती है. वहीं माला मिश्रा की 30 एकड़ जमीन कोयला उत्खनन के लिए अधिग्रहण की गई थी. वह भी टेक्सटाइल्स कंपनी में काम करती थीं. उन्हें भी अब बेरोजगार कर दिया गया है. उनका कहना है कि 15 हजार रुपए वेतन दिया जाता था. पिछले तीन वर्षों से वेतन बढ़ाने की मांग की जा रही थी. वेतन बढ़ाने के नाम पर आश्वासन दिया गया और आज कंपनी ही बंद कर दी गई।

सिमडेगा डीसी की अध्यक्षता में जिला परामर्श दात्री समिति की हुई बैठक

लंबित आवेदनों का तुरंत करें निष्पादन : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति के त्रैमासिक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिसके उपरांत उपायुक्त ने जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना 2023-24, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, बीमा योजना समेत अन्य योजनाओं से संबंधित बैंक की उपलब्धि को लेकर गहन समीक्षा की गई एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त द्वारा बैंकों को सीडी रेशियो बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने जिले के लोगों को बैंक सेवा का बेहतर सुविधा मुहैया कराने की बात कही। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि किसान क्रेडिट कार्ड हेतु इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के लगभग 1576 किसानों को लाभ अच्छादित किया गया है। उपायुक्त ने केसीसी योजना से संबंधित अधिक किसानों को लाभान्वित करने की दिशा में जिला कृषि पदाधिकारी, बैंक एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक किसानों को केसीसी योजना का लाभ पहुंचाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि केसीसी किसानों के लिए आर्थिक सहायता की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, किसान हमारे देश की अन्नदाता है, उनकी समस्याओं को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने बैंकों को संवेदनशीलता दिखाते हुए अपने स्तर पर कार्य करते हुए केसीसी ऋण से संबंधित जितनी भी लंबित आवेदन है उसका निष्पादन जल्द से जल्द करें। उपायुक्त ने जिले के छोटे उद्योग से जुड़े लोगों को पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई के तहत लोन स्वीकृत करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को बीमा से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही बीमा से संबंधित शर्तों एवं बीमा लाभ को लोगों के बीच प्रचार- प्रसार कर जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। जनहित को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं यथा पीएमईजीपी, केसीसी, मुद्रा, बीमा योजना समेत ऋण का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक पहुँचाने हेतु सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, खूंटी लोक सभा के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि, कोलेबिरा मो शामी आलम, विधायक प्रतिनिधि, सिमडेगा संतोष कुमार सिंह, एलडीएम सजीव चौधरी, नाबार्ड, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, बैंक प्रबंधक, लघु कुटीर के प्रखंड कोऑर्डिनेटर, एवं अन्य उपस्थित थे।

पुलिस पब्लिक सद्भावना हॉकी एवं फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच कल

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा । बोलबा प्रखण्ड के अवगा हाई स्कूल मैदान में पुलिस पब्लिक हॉकी एवं फुटबॉल टूर्नामेंट खेल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आगामी 19 अगस्त को खेल जायेगा। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति का द्वारा बताया गया कि खेल का फाइनल मैच 16अगस्त को होना था किंतु अपरिहार्य कारणों से स्थगित करना पड़ा। जो कि फाइनल मैच 19 अगस्त को अवगा हाई स्कूल मैदान में 12:30 बजे से खेला जायेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, थाना प्रभारी अरुनिष रोशन, प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचल अधिकारी बलिराम मांझी, डॉ देबातोष भुटिया, डॉ रंजीत कुमार, वनपाल पदाधिकारी जतरु उरांव , प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रामायण सिंह बिसेन, प्रमुख सुनीता केरकेटा, मुखिया शान्ति देवी एवं अन्य कई वरिष्ठ लोग मौजूद रहेंगे इस मौके पर मेरतल खलखो, नारायण साव, नोवेल सोरेंग, सुद्रो बेसरा, नरेश प्रधान एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

डीसी ने नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन समिति से की बैठक, कहा

नशीली दवाई बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय कक्ष में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, ने सबसे पूर्व जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्य की जानकारी लिया।उपायुक्त ने कहा कि नशे की लत व लोगों के जीवन को अंधकारमय होने से बचाने के मद्देनजर मादक पदार्थों की सप्लाई व उनके सेवन पर रोक लगाना बहुत जरूरी है।उन्होंने ने जिला शिक्षा अधीक्षक एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को विद्यालय परिसर के आसपास की दुकानों में औचक जांच करने व किसी भी प्रकार की नशीली व अवैध पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वैसी दवाएं जिनके इस्तेमाल नशे के लिए किया जा सकता है पर पैनी नजर रखने एवं इस दिशा में कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने समिति के अन्य सदस्यों को नशे के दुष्प्रभाव एवं इस तरह के कार्यों को रोकने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस तरह की किसी भी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित इसकी जानकारी देते हुए कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक एवं जिला ड्रग्स इंस्पेक्टर के साथ समन्वय स्थापित कर नशीली पदार्थों के आवागमन व बिक्री इन कार्यों में संलिप्त लोगों सहित अन्य मामलों पर कानूनी कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, वाणिज्यकर उपायुक्त गुमला, जिला तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी, जिला ड्रग्स इंस्पेक्टर सहित अन्य उपस्थित थे।

बोलबा : हाथियों ने मचाया उत्पात, दो घरों को किया ध्वस्त और खाया अनाज

बोलबा। बोलबा प्रखंड के पीडियापोंछ पहान टोली गांव में जंगली हाथियों के झुण्ड ने दो गरीब किसानों के घर को उजाड़ाऔर खाया अनाज। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात बोलबा प्रखंड के पीडियापोंछ पंचायत अंतर्गत पीडियापोंछ पहान टोली गांव में जंगली हाथियों का झुंड अचानक आ पहुंचा और दो गरीब किसान पंखरिसीयूस कुल्लू एवं भिनसेन्ट कुल्लू के घर को उजाड़ दिया और घर में रखें सारे अन्नाज को खा गया। इसके साथ ही घर में रखे सारे उपयोगी सामानों को भी तोड़कर बर्बाद कर दिया। इस संबंध में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दे दिया गया है तथा ग्रामीणों ने जंगली हाथियों से नुकसान की मौजा की मांग किया है। इसके साथ ही जंगली हाथियों को इस क्षेत्र से भगाने के भी मांग किया है।

डीसी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023-24 के तहत उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने शहरी क्षेत्र में भ्रमण करते हुए चल रहे कार्यों की जानकारी ली इस दौरान उपायुक्त महोदय ने सिमडेगा-70 विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-141,165 एवं 166 बूथ अंतर्गत बाजार टोली, सामटोली एवं खिजरी गांव का भ्रमण कर मतदाताओं के डोर ट डोर जाकर पन्ना वेरिफिकेशन किया। उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नये मतदाता हेतु फॉर्म-6 , डिलीशन हेतु फॉर्म-7 एवं आवश्यक त्रुटियों की सुधार हेतु फॉर्म- 8 का, संबंधित आवेदकों के घर-घर जाकर पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य का निरीक्षण किया तथा उन्होंने

मताधिकार के महत्व को समझाते हुए लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक किये। उन्होंने संबंधित बुथ क्षेत्र के बी.एल.ओ. द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किये जा रहे पन्ना वेरिफिकेशन, मृत व्यक्ति का नाम डिलीशन, नाम सुधार, स्थानांतरित, नए वोटर का नाम जोड़ना, फोटो सुधार व अन्य कार्यों की भी जानकारी लिया। तथा संबंधित क्षेत्रों के पांच घरों का डोर टु डोर जा कर, पाये गये त्रुटियों को ससमय निराकरण करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त द्वारा नये मतदाता नेहा कुमारी को मौके इपिक कार्ड सौपा गया। तथा उसे मताधिकार का महत्व को बताते हुए मताधिकार देने हेतु प्रेरित किया।

बानोः बारिश से तीन घर गिरे, एक घायल

बानो। प्रखण्ड के ग्राम सोडा में सुबह लगभग नौ बजे जगरनाथ सिंह का घर बरसात के कारण गिर गया ।घर के गिरने से घर के अंदर दैनिक कार्य कर रही पुष्पा देवी चपेट में आ गई, दीवार के गिरने से छत का बस बल्ली सभी पुष्पा देवी के ऊपर गिर गया। घायल अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले लाया गया ।प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया। उधर प्रखंड के बांकी पंचायत के ग्राम पाड़ो निवासी एतवा महतो एवं सबिता देवी पति मंगल गोप का घर भारी बारिश झेल नही पाया और गिर गया। भारी बारिश में घर के गिरने कई सामान भींग गये। जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना गांव जा कर क्षति का जायजा लेते हुए जानकारी ली व उच्च अधिकारियों को जानकारी देते मुआवजे की पहल करने की बात कहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मुआवजे की मांग की है।

कोडरमाः जिला क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक

कोडरमा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन की एक बैठक झुमरीतिलैया स्थित छाबड़ा लॉज में हुई. बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छावड़ा और संचालन सचिव दिनेश सिंह ने किया. बैठक में सत्र 2022-23 में हुए जिले की सारी क्रिकेट गतिविधियों के सफल संचालन पर खुशी व्यक्त की गई. वहीं सत्र 2023-24 के लिए इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत सितंबर माह में करने की बात रखी गई. सर्वसम्मति से स्कूल टूर्नामेंट के लिए चेयरमैन कृष्णा बरहपुरिया को बनाया गया, वहीं वाइस चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद बने. बैठक में यह तय हुआ कि स्कूल के टीमों की रजिस्ट्रेशन की तिथि 20 अगस्त से 31 अगस्त तक है.

मारवाड़ी युवा मंच ने आरपीएफ और जीआरपी को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया इकाई के तत्वावधान में एक शाम वतन के नाम तहत कोडरमा स्टेशन स्थित रिटायरिंग रूम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी, जवानों के अलावा रेलवे के अधिकारीगण शामिल हुए. कार्यक्रम में गीत संगीत का भी आयोजन किया गया, जिसमें सुरेश यादव ने आपस में प्रेम करो देशवासियों, अनु कापसीमे ने दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए, प्रेरणा प्रभा ने जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़ियां करती है बसेरा, कौशल्या देवी ने हिंद देश के निवासी सभी जन एक है, गिटार वादक कृष्णा जायसवाल ने किसी की मुस्कुराहट पर हो , जिंदगी मौत ना बन जाए संभालो यारो, संदेशे आते हैं. जैसे देश भक्ति गीत से लोगों को भाव विभोर कर दिया. इस दौरान पुलिस कर्मियों की आंखें भर आई. कार्यक्रम में आरपीएफ के वशिष्ठ नारायण यादव ने भोजपुरी आधारित गीत प्रस्तुत कर समा बांध. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी संतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि सिर्फ बॉर्डर पर ही नहीं देश के अंदर रहते हुए भी हम एक बेहतर नागरिक बनकर देश की सेवा कर सकते हैं. सरकारी अधिकारी को सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की जरूरत है.

कुरडेग पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

कुरडेग। पुलिस अधिक्षक सिमडेगा के आदेश पर प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना गेट के समीप एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर कुरडेग पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया जांच अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया लोग इधर उधर भागते नजर आए जांच अभियान में दर्जनों चार पहिया और दो पहिया वाहनों की जाँच की गई इस दौरान पुलिस ने वाहनों की कागजात जाँच की इस निमित्त दो चक्के, चार चक्के वाहनों को रोककर वाहन से संवंधित कागजात , हेलमेट , सीट बेल्ट , गाड़ी की डिक्की और साथ ले जा रहे बैग को खुलवाकर पुलिस द्वारा सघन जांच की गई वहीं बीना हेलमेट , बीना सीट बेल्ट और बीना कागजात के वाहन चला रहे वाहन चालकों को पुलिस द्वारा कड़ी फटकार लगाई गई। मौके पर एस आई नरेश मरांडी, ए एस आई दुर्योधन उरांव, एएस आई सुखलाल हांसदा एवं थाना के सशस्त्र बल उपस्थित रहे ।

सम्मानित भाजपा जिला कार्यालय में चुनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

हर बूथ को कार्यकर्ता करें मजबूत : मृत्युंजय

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी की शुक्रवार को एक दिवसीय चुनाव प्रबंधन कार्यशाला जिला कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की सभी मंडल के कार्यकर्ता और चार सदस्यीय टोली अपने अपने दिए हुए बूथ सशक्तिकरण में जुट जाएं। चुनाव प्रबंधन झारखंड प्रदेश के प्रमुख मृत्युंजय शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता कमर कसकर चुनाव के लिए तैयार हो जाएं हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है की हम बूथों तक जाकर प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यों को संपादित करें एवं संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कार्यशाला में मंडलवार कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूती के टिप्स दिए।इससे पूर्व अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बंदे मातरम गान कर कार्यशाला की शुरूआत की। उसके उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चुनाव प्रबंधन टोली के प्रदेश सदस्य कर्नल वी.के.सिंह विश्वजीत सिंह पुरुषोत्तम राय केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव महामंत्री दीपक पुरी कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री राकेश रविकांत मंत्री तुलसी साहू सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद मानकीलाल कृष्णकांत सिंह मोतीलाल ओहदार ओमिन सिंह देवकीनंदन साय घनश्याम सिंह अशोक इंदवार मनिंदर बिंझिया सुरजन प्रधान विजय महतो सुरजन बड़ाईक अशोक रजक श्री लाल साहू सहित मण्डल की टोली मौजूद थे।

कोडरमाः मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश यात्रा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ह्यमेरी माटी मेरा देशह्ल अभियान चलाया जा रहा है. सतगावां प्रखंड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय मिट्टी/कलश यात्रा निकाली गई. बासोडीह बाजार से प्रखंड मुख्यालय तक निकाली गई यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और प्रखंड के कर्मचारी मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं वीर शहीदों को याद किया गया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि पूरे देश मे ह्लमेरी माटी मेरा देशह्ल कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में सतगावां प्रखंड में ह्लमेरी माटी, मेरा देशह्ल अभियान के तहत मिट्टी कलश यात्रा निकाली गई. इस कार्यक्रम में शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया. साथ ही शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के

परिजनों को सम्मानित किया गया. मौके पर शिलाफलक का भी अनावरण किया गया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने अमृत वाटिका में पौधारोपण किया. साथ ही हाथ में मिट्टी लेकर पंचप्रण की शपथ दिलाई गई. वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने और देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने की शपथ लोगों को दिलाई गई.

सक्सेस स्टोरी : किस्को में महिला सशक्तिकरण की पहचान बनकर उभर रही हैं ललिता उरांव

कभी खाने को थी मोहताज, अब होटल खोलकर चार लोगों को दे रही रोजगार

वर्तमान में ललिता उरांव को अपने होटल से 3 लेबर, 1 मिस्त्री को दिये जाने वाले उनके दैनिक वेतन और होटल के प्रतिदिन के खर्च व भुगतान को काटकर, प्रति वर्ष लगभग 1,20,000 रुपये से 1,25,000 रुपये की आमदनी हो जाती है।

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
कभी खाने को मोहताज ललिता उरांव आज अपने प्रखंड किस्को में महिला सशक्तिकरण की पहचान बनकर उभर रही हैं। ललिता उरांव किस्को गांव की रहने वाली हैं। ललिता महिला मंडल से 2015 में जुड़ीं।

ललिता का जीवन काफी कष्टमय रहा है। पति का निधन हो जाने के बाद उन्होंने अपना जीवन लकड़ी बेचने से शुरू किया। उनका कहना है कि अपने गांव किस्को से बड़कीचांपी बाजार तक वह अपने सिर पर लकड़ी का गट्ठर पैदल लेकर जाया करती थी। उस समय वह प्रति गट्ठर 12 रुपये से लेकर 21 रुपये प्रति बोझा बेचा करती थी। उसी से उनके परिवार का खर्च चलता था। कुछ समय तक उन्होंने रेजा-कुली का काम भी किया। कभी-कभी गांव-गांव जाकर वे धान खरीद कर उसे पुनः बेचा करती थीं। उसी से अपने परिवार का गुजारा करती थीं, किन्तु उसमें उनको बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उनका कहना है कि उनके घर में कभी-कभी एक टाइम का चावल भी नहीं होता था और साबुन, तेल की भी दिक्कत होती थी। अपने बच्चे को पढ़ाने के लिए वे हंड़िया-दारु बनाकर बेचने लगी। हंड़िया-दारु बेचकर ही अपने घर का गुजारा करने लगी और उसी से अपने बच्चे की पढाई भी कराती थी। बच्चे की पढ़ाई के दौरान ललिता उरांव ने स्वयं सहायता समूह से पहला ऋण 20 हजार रुपये लिया। दूसरी बार बच्चे की पढ़ाई के लिए 30 हजार रुपये का ऋण लिया और ससमय उसको लौटाया।

दारु बेचने से नहीं मिलता था सम्मान

उनका कहना है कि हंड़िया-दारु बेचने से उनको समाज में ज्यादा सम्मान नहीं मिलता था और बच्चे की पढ़ाई पर असर भी होता था। उसी दौरान उन्होंने 40 हजार रुपये तृतीय ऋण के रूप में लिया। उससे उन्होंने अपने ही गांव में छोटा-सा होटल खोला, जिससे वह आज अच्छी आमदनी भी प्राप्त कर रही हैं। होटल के माध्यम से उन्होंने अपने लिए घर बनाया और बच्चे की पढ़ाई भी पूरी करायी। वर्तमान में ललिता को अपने होटल से 3 लेबर और 1 मिस्त्री को किये जाने वाले उनके दैनिक वेतन और होटल का प्रतिदिन का खर्च एवं भुगतान को काटकर, प्रति वर्ष लगभग 1,20,000 रुपये से 1,25,000 रुपये की आमदनी हो जाती है।

सदर में दी जा रही थी निशुल्क सेवा, सीएस ने दिया राहत का भरोसा

डायलिसिस सेंटर में 1206 रुपये शुल्क से मरीजों की बढ़ी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
सदर अस्पताल में मौजूद डायलिसिस सेंटर में 1206 रुपए शुल्क लिए जाने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि सदर अस्पताल परिसर में लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया था।

यहां मरीजों को निशुल्क डायलिसिस सुविधा दी जा रही थी। इस डायलिसिस सेंटर का संचालन एस्केप संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता कर रही है। लोहरदगा जिले में हर महीने 2 सौ से ढाई सौ मरीजों का डायलिसिस होता है। जब आज यहां पहुंचने वाले मरीजों से डायलिसिस के लिए मिलने वाले उपकरण के नाम पर 1206 चार्ज किया जा रहे हैं तो डायलिसिस करा रहे मरीजों की परेशानी बढ़ गई है।

अब ऐसे में डायलिसिस कर रहे लोग 1206 भुगतान कर अपना इलाज करवा रहे हैं। वहीं डायलिसिस सेंटर के संचालक बता रहे हैं कि सदर अस्पताल प्रबंधन से बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे कंपनी दवा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है। यही वजह है कि मरीजों से फिलहाल 1206 रुपए भुगतान लिया जा रहा है।

इस पूरे मामले पर सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो ने बताया कि संबंधित अकाउंटेंट को भुगतान के आदेश दिए गए हैं। मरीज से भुगतान लिया जा रहा है तो उन्हें कंपनी के द्वारा पैसे की वापसी कराई जाएगी। फिलहाल यहां पहुंचने वाले मरीज डायलिसिस के 1206 रुपये भुगतान कर अपना इलाज करवाने को मजबूर हैं।

रोजेदारों की हत्या में दोषियों को उम्रकैद

2021 में कुर्बान अंसारी व नौशाद अंसारी की नमाज अदा कर अपने घर लौटने के दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा टंगरा टोली में सड़क किनारे रोक कर हत्या कर दी गई थी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
मस्जिद से नमाज अदा कर घर लौट रहे रोजेदारों को रास्ते में रोककर टांगी मार कर हत्या करने के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। घटना 23 अप्रैल 2021 शाम 5 बजे की है। जब कुर्बान अंसारी और नौशाद अंसारी नमाज अदा कर अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा टंगरा टोली में सड़क किनारे रोक कर उसकी हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना के बाद सेन्हा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और हत्याकांड के एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। एफएसएल की जांच रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी की गवाही से नौशाद अंसारी और कुर्बान अंसारी को न्याय मिला है। एडीजे 3 अरविंद कुमार की अदालत ने नौशाद अंसारी और कुर्बान अंसारी के हत्यारे जमाल अंसारी, कमाल अंसारी, कुरचिया बेगम और मारूफा खातून को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माना धारा 307 के तहत 10 वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माना, 306 के तहत 3 वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

संक्षिप्त

इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन आज

लोहरदगा। एम.एल.ए. महिला कॉलेज में 19 अगस्त को इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। महिला कॉलेज इंडोर कोर्ट, लोहरदगा में इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक आर. रामकुमार करेंगे। मौके पर पी.के. सिंह, पूर्व एमएलसी होंगे। उक्त जानकारी डॉ. गणेश प्रसाद, अध्यक्ष, लोहरदगा जिला बैडमिंटन संघ-सह- कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड बैडमिंटन संघ ने दी।

मिट्टी संग्रहित कर मुख्यालय में जमा की गयी

भंडरा। मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड के सभी पंचायत से माटी संग्रह कर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में जमा किया गया। इस दौरान प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि मुखिया ने गांव की पवित्र मिट्टी को कलश में भरकर पूरे विधि विधान के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और पूरे सम्मान के साथ गांव की पवित्र मिट्टी को एक बड़े कलश में जमा किया गया। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा पंचायतों से संग्रह कर लाये गए पवित्र मिट्टी को पूरे ससम्मान के साथ जिला मुख्यालय भेजा गया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, एलिओ सह कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार, बीएचओ मनोज कुमार, एसआई विकास कुमार विश्कर्मा, मुखिया इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, टेले उरांव, सुमंती तिग्गा, कईली उरांव, सुमीत उरांव, धनेश्वरी देवी, ममता कुमारी उपस्थित थे।

पेशरार में नुक्कड़ नाटकों से हुआ प्रचार प्रसार

लोहरदगा। जिला जनसंपर्क कार्यालय के सूचीबद्ध कला दल, वनांचल कला केंद्र कला, लोहरदगा की ओर से दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को पेशरार प्रखंड के रोरद पंचायत और समग्र आदिवासी कला विकास केंद्र की ओर से राजेश भगत के नेतृत्व में पेशरार प्रखंड के हेसाग पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार-प्रसार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा; सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गई। लोगों को मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया।

मुखिया ने स्कूली बच्चों में किया बैग का वितरण

केतार। केतार प्रखंड के मुकुंदपुर मध्य विद्यालय में शुक्रवार को मुखिया मुंगा साह ने विद्यालय में अध्यनरत 343 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग वितरण किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की यह बैग सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस बैग का उपयोग आप सभी विद्यालय आने के दौरान पाठ्य पुस्तक को रखने के लिए करेंगे। उन्होंने छात्र - छात्राओं को ड्रेस और बैंग हमेशा साफ-सुथरा रखने और पढ़ने के लिए विद्यालय प्रतिदिन आने को कहा। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा की सरकार विद्यालय में विभिन्न प्रकार की सुविधा दे रही है, जिसमें मध्यान्ह भोजन, किताब, कापी, विद्यालय कीट, छात्रवृत्ति, साईकल आदि शामिल हैं। उन्होंने अभिभावकों से प्रतिदिन अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। मौके पर शिक्षक सुरेंद्र ठाकुर, देव कुमार सिंह, उदय बैद्, लता सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

मेडिकल में चयन पर दो छात्राएं हुयीं सम्मानित

गढ़वा। आरके पब्लिक स्कूल के दो छात्राओं का मेडिकल में चयन होने पर स्कूल के निदेशक ने सम्मान समारोह अयोजित किया। इसमें सुधीर चौबे की पुत्री मुस्कान ज्योति और गुलाम सरवर की पुत्री शिरीन सरवर को शिक्षाविद् प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय सहित सभी अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बृजेश उपाध्याय, विनय चौबे, अशोक तिवारी, प्रमोद चौबे, प्रदीप वर्मा, धनंजय तिवारी, विजय चौबे, रोशन धर दुबे, सुरेंद्र राम, राकेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

मुखिया ने किया सक्षम केंद्र का उद्घाटन

भवनाथपुर। अरसली उतरी पंचायत भवन में मुखिया इसरत जहां ने शुक्रवार को महिला समूह के द्वारा सक्षम केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर इस मौके पर सभी वार्ड के सदस्य, पिंटू अंसारी जीसेलपीएस के बीपीएम नीरज कुमार व सदस्यों में रेखा देवी, सीता देवी, मिना देवी रीता देवी, नीलम देवी कौशल्या देवी, कुशुम देवी, सारदा देवी, प्रियंका देवी, मानती देवी, सरिता देवी, रीता कुमारी सहित समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

बाइक से स्टंट करते हुये युवाओं का वीडियो वायरल पुलिस कार्रवाई में जुटी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जिले के शहरी क्षेत्र में स्टंटबाजी करते बाइक राइडर युवकों की वीडियो खूब वायरल हो रही है। नेशनल हाईवे पर जान जोखिम में डालकर स्टंट करते नजर आ रहे हैं कुछ युवक।

खतरनाक बाइक स्टंट कर शहरी क्षेत्र में बाइक राइडर नजर आते हैं, जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्टंट बाजी के चक्कर में बिना नंबर प्लेट वाले बाइक से युवकों की टोली लगातार खतरनाक स्टंट कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ रही है। सोसल मीडिया पर स्टंटबाजी कर वीडियो डालने के लिए सड़कों पर जानलेवा कारनामा किया जा रहा है। वहीं स्टंटबाजी के खिलाफ अब जिला प्रशासन और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर पकड़ने की तैयारी कर रही है।

डीसी की अध्यक्षता में हुयी कंप्रीहेंसिव लाईवलीहुड एडेप्शन पाथवे की बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को कंप्रीहेंसिव लाईवलीहुड एडेप्शन पाथवे की बैठक हुई। बैठक में संस्था प्रदान द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन की सहायता से लोहरदगा जिला के सेन्हा, कुडू, भण्डरा और किस्को में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें महिला स्वयंसहायता समूहों के गठन, स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य/जागरूकता कार्यक्रम, भूमि की उर्वर क्षमता को बढ़ाने के लिए गैर रासायनिक खाद का प्रयोग करने व निर्माण का तरीका, वर्मी कंपोस्ट का विकल्प, जल छाजन की दिशा में किये जा रहे कार्य, मल्टीलेयर फार्मिंग आदि के बारे बताया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पवन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी, प्रदान संस्था के टीम कोर्डिनेटर फहाज खान व टीम के सदस्य उपस्थित थे।

किस्को में धनरोपनी कर रहे किसान की वज्रपात से मौत

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, क्षेत्र में पसरा मातम

नवीन मेल संवाददाता। किस्को
जिले के किस्को थाना क्षेत्र में एक बार फिर से कुदरत का कहर शुक्रवार को देखने के लिए मिला है। जानकारी के मुताबिक किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया डूमर टोली में एक किसान अपने खेत की तैयारी धनरोपनी कार्य हेतु कर रहा था। इसी दौरान वज्रपात ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे गरीब किसान की मौत मौके पर हो गई।

परिजनों के अनुसार स्वर्गीय विजय उरांव का 42 वर्षीय पुत्र राम उरांव सुबह करीब 9:30 बजे घर से थोड़ी दूरी पर स्थित अपने खेत में धनरोपनी कार्य हेतु खेत तैयार करने गया हुआ था, इस बीच अचानक हुई वज्रपात से किसान की मौके पर मौत हो गई, जिससे परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया है। बता दें कि तिसिया डूमर टोली में शुक्रवार

की सुबह बेमौसम अचानक वज्रपात की घटना से क्षेत्र के लोगों में हलचल मच गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत पाखर की मुखिया फुलमनी देवी बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य उधवा उरांव और समाजसेवी रंथू उरांव के द्वारा वज्रपात से मृत राम उरांव के शव को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एम्बुलेंस के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा ले गये, जहां पर शव का पोस्टमार्टम कराकर देर शाम अपने गंतव्य तिसिया डूमर टोली दाह संस्कार हेतु ले गये। इधर राम उरांव के शव का पोस्टमार्टम के बाद तिसिया डूमर टोली में पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। मालूम हो कि राम उरांव काफी गरीब परिवार से था। इधर ग्रामीणों ने बताया कि राम उरांव अपने पीछे पत्नी सोहन्ती उरांव और दो बेटे को छोड़ गया। इधर राम उरांव की असामायिक मौत से क्षेत्र के लोग काफी मर्माहत हैं।

धर्म-कर्म | प्रभु के अंगों में ही सभी लोकों का ध्यान करें : जीयर

'मंगलाचरण का मतलब मंगल करना'

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि-सुकदेव जी महाराज ने बताया कि मंगलाचरण का मत लब होता है मंगल करना। जैसे की किसी का विवाह हो रहा हो उसकी भूत, भविष्य, वर्तमान की कामना करना ही मंगलाचरण है। इसके लिए पितरों को गीत गाकर, ऋषियों को, भगवान को, देवताओं को गोहराना ही मंगलाचरण होता है। इसी प्रकार शुकदेवजी ने भी बाद में मंगलाचरण किया कि जो मैं कह रहा हूं उससे समाज में, परिवार में जो सुनने वाला हो उसका मंगल हो। इसीलिए मंगलाचरण किया जाता है। चाहे भजन के रूप में हो स्तुति के रूप में हो। सुकदेव जी ने परिक्षित को बताया

कि जो अच्छे सदाचारी ब्राम्हण हो उसे भगवान का मुख बताया गया है। भगवान के मुख का पूजा करने का मतलब अग्नि का पूजन, रोम का पूजा का मतलब वृक्ष तथा नाड़ी का पूजा से नदियों का, स्वास जो है भगवान का वायु है। भगवान की गति जो है संसार का महायज्ञ का फल मिल गया। भगवान के नेत्र के ध्यान का मतलब अंतरिक्ष का ध्यान कर लिया। उनकी पलकों का ध्यान का मतलब उनकी पलकों का ध्यान करना है। भगवान के पैर के तलवे को ध्यान करते हुए यह मानना चाहिए कि यह पताल लोक है। पैर के अग्र भाग रसातल लोक, दोनों एड़ी का ध्यान का मतलब महातल का दर्शन, जांघों के ध्यान का मतलब महीतल लोक का दर्शन. दोनों पेंडुली का दर्शन परासर लोक की पूजा, घुटनों का दर्शन सुतल लोक का दर्शन, नाभी का दर्शन करने का मतलब हमने आकाश का, भगवान के वक्षस्थल का पूजा करने का मतलब स्वर्गलोक का दर्शन कर लिया। मुख का दर्शन करने का मतलब जन लोक, ललाट का दर्शन करने का मतलब तपोलोक का दर्शन, सिरोभाग का दर्शन सत लोक है। भगवान की भुजा की पूजा करने का मतलब इंद्र की, कान का ध्यान करने का मतलब दिशा का पूजन, इस प्रकार भगवान के अंगों का ध्यान करने से अलग अलग लोकों के परिक्रमा करने का फल प्राप्त होता है। केवल एक मात्र भगवान नारायण की पूजा कर ली तो तैंतीस कोटि देवता हैं सभी देवताओं को सातों लोक की अराधना कर ली।

शिविर में 51 पशुओं की जांच कर दी गयी दवा

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत साके ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत के साके ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर शिविर में लगभग 40 पशुपालक किसानों का 51 पशुओं की जांच कर निःशुल्क दवा दी गयी। वहीं पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार द्वारा सभी ग्रामीणों को पशु के रख रखाव के बारे में बताते हुए लम्पी, लंगड़ी, गलफुली जैसी अन्य बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा किसानों का आय वृद्धि के लिये गाय, मुर्गी, बकरी, शूकर पालन योजना के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर शिविर में पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार तथा मैत्री कार्यकर्ता संजय सिंह के अलावे बिशु उरांव, राजकिशोर उरांव, शिव उरांव, विजय उरांव, गंदूर उरांव सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण पशुपालक किसान उपस्थित थे।

रुढ़िवादिता पर सुप्रीम पहल

भारत के विकास और उन्नति में महिलाओं का योगदान अतुल्य है। इतिहास में महिलाओं ने विशिष्ट भूमिका निभाई है। अनेक महिलाएं भारतीय नारीवाद की जननी कहलाईं। ब्रिटिश राज के दौरान भी कई समाज सुधारकों ने महिलाओं के अधिकारों और उत्थान के लिए लड़ाई लड़ी। दुनिया में हो रहे बदलावों, जागरूकता, शिक्षा एवं समय-समय पर दुनियाभर में हुए कई आंदोलनों के साथ दुनियाभर में महिलाओं के अधिकारों की बात शुरू हुई जिससे भारत भी अछूता नहीं रहा। समय-समय पर देश की शीर्ष अदालत ने ऐतिहासिक फैसले देते हुए महिलाओं के अधिकारों को पहले से कहीं अधिक पुख्ता बनाया। मयार्दा और शालीनता महिलाओं का निजी अधिकार माना जाता है परंतु महिलाओं की शालीनता और गरिमा के साथ न केवल शारीरिक खिलवाड़ होता आया है, बल्कि शब्दों से भी उनसे खिलवाड़ किया जाता है। महिला की गरिमा और प्रतिष्ठा से शब्दों से भी खिलवाड़ न हो इसके लिए खामोशी तोड़ने का समय है और यह खामोशी देश की शीर्ष अदालत ने तोड़ी है। देश की अदालतों में अब ऐसे जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा जो महिलाओं के लिए आपत्तिजनक साबित होते हैं। ना तो ऐसे शब्दों के जरिये दलीलें दी जाएंगी और ना ही इनका इस्तेमाल जज अपने फैसले में कर पाएंगे।

देश की अदालतों में अब ऐसे जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा जो महिलाओं के लिए आपत्तिजनक साबित होते हैं। ना तो ऐसे शब्दों के जरिये दलीलें दी जाएंगी और ना ही इनका इस्तेमाल जज अपने फैसले में कर पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने एक जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है।

इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है, जिसमें ऐसे शब्दों का उदाहरण और उनका रिप्लेसमेंट सुझाया गया है। इससे जजों और वकीलों को अपने फैसलों और दलीलों में जेंडर रिलेटिड अनुचित शब्दों के इस्तेमाल से बचाव में मदद मिलेगी। यह हैंडबुक भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने लॉन्च की। उन्होंने इस दौरान कहा कि इस हैंडबुक से जजों और वकीलों को यह समझने में आसानी होगी कि कौन से शब्द स्टीरियोटाइप (रूढ़िवादी) हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। तीस पृष्ठ की हैंडबुक को कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य, रिटायर्ड जस्टिस प्रभा श्रीदेवन, जस्टिस गीता मित्तल, प्रोफैसर झूमा सेन ने काफी चिंतन-मंथन के बाद तैयार किया। इस हैंडबुक में 30 पन्नों पर यह पूरी जानकारी दी गई है कि पहले कोर्ट में यूज किए जा रहे कौन से शब्द गलत हैं, वे गलत क्यों हैं और इनसे कानून की परिभाषा कैसे बिगड़ सकती है। ऐसे शब्दों में अफेयर की जगह शादी से इतर रिश्ता, प्रास्टिट्यूट/हुकर या वेश्या की जगह सेक्स वर्कर, बास्टर्ड की जगह ऐसा बच्चा जिसके माता-पिता ने आपस में शादी नहीं की, बिन ब्याही मां की जगह मां, चाइल्ड प्रास्टिट्यूट की जगह तस्करी करके लाया बच्चा जैसे शब्द सुझाए गए हैं। हैंडबुक में कर्त्तव्यनिष्ठ पत्नी, आज्ञाकारी पत्नी, फूहड़, स्पिनस्टर जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी निषेध बताया गया है। इस हैंडबुक का मकसद न्यायपालिका से जुड़े लोगों को जागरूक करना है और यह बताना है कि किस तरह अंजाने में रुढ़िवादिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। रुढ़िवादी शब्दों का इस्तेमाल संविधान के उस सिद्धांत के खिलाफ है जिसमें हर व्यक्ति के लिए कानून को समान और निष्पक्ष रूप से लागू होने की परिकल्पना की गई है। समाज का भी यह कर्त्तव्य है कि वह शब्दों के महत्व को समझें तभी हम सभ्रांत समाज कहलाएंगे। ज्ञान, उपदेश, प्रवचन उस समय तक उपयोगी नहीं हैं जब तक हमारी आदतों में उनका प्रवेश न हो। अगर हर माता-पिता अपने बच्चों को महिलाओं का सम्मान करना सिखायें तो एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें बेटी की सुरक्षा का डर नहीं होगा।

'आत्मनिर्भर भारत' नेतृत्व ग्रहण करने के लिए भविष्य का मार्ग

डॉ. जितेन्द्र सिंह

विश्व आज भारत की अद्भुत वैज्ञानिक क्षमता और कौशल से आश्चर्यचकित है, जो सुसुप्त थी और किसी को भी उसके बारे में सही रूप में पता नहीं था। वास्तव में, यह एक सक्षम वातावरण और एक समर्थक नेतृत्व मिलने की प्रतीक्षा में थी। यदि संक्षेप में कहें तो यह इतिहास का वह क्षण था जब नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने और शेष तो इतिहास ही है। दुनिया को पहली बार डीएनए कोविड वैक्सीन उपहार में देने से लेकर चंद्रयान को घर लाने तक और चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का प्रमाण...यह मोदी के भारत की साक्ष्य आधारित अमिट छाप है, जिसने भारत को विश्व भर में व्यापक तौर पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। पिछले 9 वर्षों में भारत, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) से संबंधित राष्ट्रीय नीतियां अभूतपूर्व संख्या में लेकर आया है। कुछ प्रमुख नीतियों में भारतीय अंतरिक्ष नीति (2023), राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति (2022); राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) (2020); इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय नीति (एनपीई) (2019); स्कूली शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय नीति (2019); छात्रों और संकाय के लिए राष्ट्रीय नवाचार और स्टार्टअप नीति (2019); राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017); बौद्धिक संपदा अधिकार नीति (2016), आदि शामिल हैं। इसी तरह, सरकार ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (2023), वन हेल्थ मिशन (2023), नेशनल डीप ओशन मिशन (2021) आदि भी लॉन्च किये। एसईआरबी डेटा के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में औसतन, कुल अनुसंधान निधि का लगभग 65 प्रतिशत आईआईएससी, आईआईटी, आईआईएसईआर आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को दिया जा रहा है और केवल 11 प्रतिशत धनराशि राज्यों के विश्वविद्यालयों को प्रदान की जा रही है, जहां अनुसंधानकर्ताओं की संख्या आईआईटी की तुलना में बहुत अधिक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अनुसंधान निधि की वर्तमान प्रणाली प्रतिस्पर्धी अनुदान द्वारा प्रेरित है। इसी तरह, अधिकांश राज्यों के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान की आधारभूत संरचना राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की तुलना में बहुत कमजोर है। हमारे विश्वविद्यालयों में शिक्षा जगत और उद्योग जगत की साझेदारी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अपर्याप्त रहा है। वास्तव में परिवर्तनकारी अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी विजन था, जो न केवल वर्तमान अनुसंधान एवं विकास के इकोसिस्टम की कुछ बड़ी चुनौतियों का समाधान करेगा, बल्कि देश को दीर्घकालिक अनुसंधान एवं विकास को लेकर विजन प्रदान करेगा और भारत को अगले 5 वर्षों में वैश्विक स्तर पर अनुसंधान एवं विकास के एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा। अनुसंधान एनआरएफ (एएनआरएफ) गणितीय विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। यह मानविकी और अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), एएनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक संचालक मंडल द्वारा शासित होगा, जिसमें विभिन्न विषयों के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री इस संचालक मंडल के पदेन अध्यक्ष होंगे। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होते हैं। एनआरएफ का कामकाज भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यकारी परिषद द्वारा नियंत्रित होगा। एएनआरएफ उद्योग, शिक्षा जगत और सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग स्थापित करेगा, और वैज्ञानिक तथा संबंधित मंत्रालयों के अलावा उद्योगों और राज्य सरकारों की भागीदारी एवं योगदान के लिए एक इंटरफेस की प्रणाली तैयार करेगा। यह एक नीतिगत संरचना तैयार करने और नियामक प्रक्रियाओं को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो अनुसंधान एवं विकास पर उद्योग द्वारा सहयोग और उस पर व्यय में वृद्धि को प्रोत्साहित कर सके। एएनआरएफ की स्थापना पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत से जायेगी। 50,000 करोड़ रुपये की एएनआरएफ फंडिंग के तीन घटक होंगे - 4000 करोड़ रुपये का एसईआरबी फंड; 10,000 करोड़ रुपये का एएनआरएफ फंड, जिसमें से 10 प्रतिशत फंड (1000 करोड़ रुपये) इनोवेशन फंड के लिए रखा जायेगा। इनोवेशन फंड का उपयोग निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में अनुसंधान एवं विकास के लिए किया जायेगा और 36,000 करोड़ रुपये के कोष का योगदान उद्योग, परोपकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों आदि द्वारा दिया जायेगा। केंद्र सरकार वर्तमान में एसईआरबी को प्रति वर्ष 800 करोड़ रुपये का फंड प्रदान करती है, जिसमें निजी क्षेत्र का बहुत कम या कोई योगदान नहीं होता है। प्रस्तावित एएनआरएफ में, सरकारी योगदान को 800 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष (3.5 गुना) करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित एएनआरएफ में निजी क्षेत्र का योगदान 5 वर्षों के लिए 36,000 करोड़ रुपये (7200 करोड़ रुपये प्रति वर्ष) किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में वैश्विक अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में भारत के नेतृत्व का लक्ष्य प्राप्त करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एएनआरएफ की स्थापना भारत के सबसे परिवर्तनकारी कदमों में से एक साबित होगा।

[लेखक विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री हैं]

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होते हैं। एनआरएफ का कामकाज भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यकारी परिषद द्वारा नियंत्रित होगा।

इन दिनों

सामाजिक विज्ञान के वैज्ञानिक और तकनीकी इंटरफेस को बढ़ावा देने, निगरानी करने और ऐसे अनुसंधान और उससे जुड़े या उससे संबंधित विषयों के लिए आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। एएनआरएफ अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा और भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा छत्रपति शिवाजी की

शिवाजी की वीरता यात्रा पर रोक लगाने के लिए बीजापुर के सुल्तान आदिलशाह ने उनके पिता शाह जी को धोखे से कैद कर लिया। उनकी मुक्ति की शर्त के लिए शिवाजी को बीजापुर के कुछ जीते हुए किले और बीजापुर पर आक्रमण न करने का आश्वासन देना पड़ा। शिवाजी ने इस संधि को निभाया और कुछ वर्षों तक यहाँ कोई हमला नहीं किया। लेकिन कुछ समय बाद अपने पिता की कैद से रिहाई होने और 1645 में उनकी मृत्यु के बाद शिवाजी ने पुनः 1655 में उत्तरी कोकोन और जवाली किले अपने नाम कर लिए। 1659 में आदिलशाह ने अपने सबसे अनुभवी और वीर सेनापति अफजल खान को शिवाजी को पकड़ने का जिम्मा दिया। इसके लिए अफजल खान ने धोखे का सहारा लेना चाहा, लेकिन चतुर शिवाजी ने उसकी चाल को भांपते हुए पहले ही उसपर आक्रमण करके उसे समाप्त कर दिया। इसके बाद शिवाजी ने अपने साथियों की मदद से बीजापुर पर हमला करके आदिलशाह को मारकर न केवल बीजापुर का किला अपने नाम किया बल्कि वहाँ से मिले हथियारों से अपनी सेना को भी मजबूत कर लिया।

मुगल विरोध : 1657 के बाद से मुगल शासक शिवाजी के तीरों के निशाने पर आ गये और पहले पूना और 1664 में सूरत पर आक्रमण करके मुगल सेना को यहाँ से हटने पर मजबूर कर दिया। शिवाजी के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए मुगल शासक औरंगजेब ने जयपुर के राजाओं जय सिंह और दिलीप सिंह को आगे किया। इस मुहिम में राजा जय सिंह शिवाजी के कई किलों को अपने हाथ में लेने में कामयाब हुआ। इस समय पुरंदर के किले को अपने हाथ में रोकने के लिए शिवाजी ने राजा जयसिंह से संधि करी जिसे 'पुरंदर की संधि' भी कहते हैं।

(क्रमशः)

अब तिरुपति-तिरुमला देवस्थानम् के साथ 'ऐसा'!

कितना जायज होगा यदि दिल्ली के जामा मस्जिद का प्रबंधक कोई शर्मा, तिवारी या पाण्डेय नामित हो जाय ? उसी भांति क्राइस्ट चर्च का मुखिया भी कोई अहमद अथवा मोहम्मद बना दिया जाय ? या दोनों पदों पर कोई यहूदी राब्बी नियुक्त कर दिया जाय ? ठीक यही हुआ है गत सप्ताह सनातनियों के प्राचीन आराधना केंद्र तिरुपति-तिरुमला देवस्थानम् में। तुर्रा यह कि ऐसा दुबारा किया गया है। रोमन कैथोलिक ईसाई भूमन करुणाकर रेड्डी फिर तिरुपति तिरुमल देवस्थानम के अध्यक्ष नामित हो गये हैं। आंध्र सरकार, जिसने उन्हें मनोनीत किया है, के मुख्यमंत्री हैं येदुगूरी संदिंटि जगन्मोहन रेड्डी। उनके पिता स्व. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी सोनिया गांधी के परम स्नेही होते थे। आंध्र-प्रदेश के प्रथम ईसाई मुख्यमंत्री। इस सनातन देवालय का मुखिया मसीही नामित होने पर राज्य में विरोध व्यापक हो रहा है। प्रतिपक्ष तेलुगू देशम पार्टी के प्रदेश सचिव बुच्ची रामप्रसाद ने सर्वप्रथम यह सवाल उठाया था। धर्मस्थल का प्रधान अनिवार्यतः सहधर्मी ही होता है। आंध्र राज्य की भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्षा दग्गुबाती पुरंदेश्वरी ने भी वाएसआर कांग्रेस सरकार द्वारा ईसाई को हिंदू मंदिर का अध्यक्ष बनाने की भर्त्सना की है। पुरंदेश्वरी के पिता थे एनटी रामा राव जो तेलुगू देशम पार्टी के संस्थापक हैं तथा मुख्यमंत्री भी रहे। भाजपा की इस महिला नेत्री ने यही कहा कि : 'मंदिर के ट्रस्ट का अध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को ही बनाया जाना चाहिए जिसकी हिंदू धर्म में पूरी आस्था हो। इस पद का राजनीतिक लाभ जगनमोहन रेड्डी ले रहे हैं।' टीटीडी सेवा नियमों के अनुसार टीटीडी के कर्मचारियों को हिंदू होना चाहिए। तिरुपति बोर्ड के एग्जीक्यूटिव अफसर रह चुके भाजपा नेता और पूर्व चीफ सेक्रेटरी आईवाईआर कृष्णा राव ने भी सरकार के फैसले को गलत ठहराया। फिलहाल अचरज यही है कि वाईएसआर कांग्रेस तो लोकसभा में भाजपा के साथ है। गत सप्ताह अविश्वास के प्रस्ताव पर वोट भी इसने कांग्रेसी प्रस्ताव के विरोध में ही दिया था। इसी ईसाई अध्यक्ष करुणाकर रेड्डी की बेटी नेहा रेड्डी की शादी 2016 में जगन के चचेरे भाई वाईएस सुमधुर रेड्डी से हुई थी। जगन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी सरकार के सत्ता में आने के बाद से आंध्र में मंदिरों में तोड़फोड़ की बहुत सी घटनाएं हुई हैं। इस परिवार के लिए ईसाई धर्म परिवर्तन लगभग एक पारिवारिक व्यवसाय जैसा है। आंध्र प्रदेश में ईसाई धर्म फैलाने के राज्य समर्थित प्रयास 2004 में वाईएसआर के सीएम कार्यकाल के दौरान शुरू हुए, जो सोनिया-कांग्रेस के वफादार भी थे। उनके प्रयासों में सरकार में ईसाई अधिकारियों को नियुक्त करना, तिरुपति प्रशासन में ईसाइयों को स्थापित करना और अपने खुले तौर पर प्रचारक दामाद, 'भाई' अनिल कुमार के माध्यम से शामिल करना शामिल था। इसी बीच आंध्र सरकार के आलोचकों ने संदेह व्यक्त किया है कि टीटीडी में आस्थावानों द्वारा प्रदप्त धनराशि जो करोड़ों में है का सियासी दुरुपयोग हो रहा है। तेलुगूभाषी आस्थावानों ने एक मौलिक मसला उठाया है। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के हस्तक्षेप की मांग की है ताकि भाजपा की समर्थक पार्टी सनातन आस्था पर हमला बंद करें। खासकर इसलिए यहां का वेंकटेश्वर मंदिर सात पवित्र पर्वतीय मंदिरों में एक है। छब्बीस किलो वर्ग किलोमीटर में बस इस धर्मस्थल में इस मंदिर को 'टेंपल ऑफ 7 हिल्स' भी कहा जाता है। तिरुमाला नगर 10.33 वर्ग मीटर (26.75 किलोमीटर वर्ग) के क्षेत्र में बसा हुआ है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने दावा किया है कि पचास वर्षीय जगमोहन रेड्डी भारत से सबसे अत्यधिक अमीर मुख्यमंत्री हैं। अकूत संपत्ति के मालिक। सरकारी सूत्रों ने बताया कि देश भर में टीटीडी के स्वामित्व वाली संपत्ति का मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें भक्तों द्वारा मंदिर को प्रसाद के रूप में दिये गये भूमि पार्सल, भवन, नगदी और बैंकों में जमा सोना शामिल है।

के. विक्रम राव

छब्बीस किलो वर्ग किलोमीटर में बस इस धर्मस्थल में इस मंदिर को 'टेंपल ऑफ 7 हिल्स' भी कहा जाता है। तिरुमाला नगर 10.33 वर्ग मीटर (26.75 किलोमीटर वर्ग) के क्षेत्र में बसा हुआ है।

देव स्थान

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



दुनिया हैरान-अमेरिका की साख पर सवालिया निशान?

वैश्विक स्तरपर हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि दुनियां में दो शक्तियां अति महापावरफुल मानी जाती है एक अमेरिका और दूसरा रूस परंतु समय के चक्र के चलते रूस विखंडित हुआ फिर अब रूस यूक्रेन युद्ध होने से दुनिया में अमेरिका का अकेला बादशाह होने का संदेश साफ दिखाई दे रहा है जिसका सानी अभी कोई नहीं है, जो हमें बाहर से देख रहा है। परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि दूर के ढोल सुहाने लगते हैं, हर-घर में बाहर तो शोहरत दिखती है परंतु अंदर की कहानी हर घर वालों को ही पता रहती है। सच ही है, हम कई स्थानों पर यह देख चुके हैं। मगर आज हम उसका संज्ञान वैश्विक स्तरपर लें तो हम हाल ही में ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवी अर्थव्यवस्था बने हैं और अभी तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वहीं हमने पिछले दिनों देखें कि किस तरह ऋण मामले में अमेरिका में क्राइसिस बड़ रहे थे जिन्हें सुझाव दिया गया है। परंतु अभी पिछले हफ्ते में वहां एक साथ दो घटनाएं देखी गई जिसकी उम्मीद शायद वर्षों से किसी को नहीं थी एक तो पूर्व राष्ट्रपति को अमेरिका न्याय विभाग द्वारा 2020 की हार को पलटने की साजिश में मुकदमा दर्ज करवाना है। सोमवार 14 अगस्त 2023 देर शाम को जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने उन पर चौथा आपराधिक आरोप लगाते दर्ज. किया। जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने ट्रंप पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अभियोग जारी किया है। फुल्टन काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फानी विलिस के लगाये गये इन आरोपों के बाद 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में सबसे आगे चल रहे ट्रंप के सामने कानूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं। और दूसरी वहां की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी ने क्रेडिट रेटिंग घटाई है जो रेखांकित करने वाली बात है। यानी दुनिया में अमेरिका की साख पर सवालिया निशान लगा है कि इतनां विकसित देश और यह क्या? क्योंकि उपरोक्त दोनों घटनाओं ने विश्व का ध्यान खींचा है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका पर भीतर और बाहर से दो बातों पर सवाल? क्रेडिट रेटिंग घटा और पूर्व राष्ट्रपति पर धोखाधड़ी के आरोप दर्ज है। साथियों बात अगर हम अमेरिका के रुतबे की करें तो, जिस अमेरिकाकी इकोनॉमी का परचम दुनियाभर में लहराता है, जिसके शेयर मार्केट की चाल देखकर तमाम देशों के शेयर बाजारों की चाल तय होती है, जिस अमेरिका की ताकत उसकी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है, अब उसपर से दुनियां की दिग्गज रेटिंग एजेंसी फिच का भरोसा डगमगा गया है। फिच ने अमेरिका की रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिया है यानें अब अमेरिका के पाले में फिच की तरफ से दी जाने वाली टॉप रेटिंग नहीं है। 12 साल यानी 2011 के बाद अमेरिका की रेटिंग को पहली बार किसी रेटिंग एजेंसी ने घटाया है। फिच ने ये कदम अमेरिका के कमजोर होते फाइनेंशियल हालात और बढ़ते कर्ज को देखकर उठाया है। साथियों बात अगर हम क्रेडिट रेटिंग घटने के वजह की करें तो, दुनिया की तीन बड़ी स्वतंत्र एजेंसियों में शामिल फिच का कहना है कि अमेरिका में बीते 20 साल में गवर्नेंस के हालात काफी खराब हुए हैं। ये देशों के साथ-साथ अलग अलग कंपनियों की क्रेडिट साख का भी आकलन करती है, लेकिन फिच के इस आकलन को अमेरिकी वित्त मंत्री ने मनमानी करार दिया है। उन्होंने ने कहा है कि एजेंसी ने 2018 से 2020 के पुराने डेटा के आधार पर ये रेटिंग दी है जो मौजूदा हालात को बयान नहीं करती है। 12 साल में पहली बार अमेरिका को तगड़ा झटका लगा है क्योंकि फिच ने रेटिंग पर चलाई कैंची! साथियों बात अगर हम निवेशकों की करें तो, रेटिंग्स के घटने का असर सबसे पहले निवेशकों के फैसलों पर होता है।

किशन भावनानी गोंदिया

बात अगर हम अमेरिका के रुतबे की करें तो, जिस अमेरिका की इकोनॉमी का परचम दुनियाभर में लहराता है, उस पर से दुनिया की दिग्गज रेटिंग एजेंसी फिच का भरोसा डगमगा गया है।

अमेरिका

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

छत्तीसगढ़ सरकार ने हिमाचल को दी 11 करोड़ की मदद

रायपुर। भारी बारिश ने देश के दो राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जमकर तबाही मचाई है। जगह-जगह भूस्खलन के कारण बड़ा नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हिमाचल के लोगों की मदद के लिए 11 करोड़ की सहायता राशि की घोषणा की है। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से आई विपदा की स्थिति में पीड़ित लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़वासियों की ओर से 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हिमाचल में भीषण प्राकृतिक विपदा आई है। ऐसे में हम सभी छत्तीसगढ़वासी हिमाचल के लोगों के साथ खड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर चर्चा की थी और हिमाचल प्रदेश के हालात की जानकारी ली थी।

तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 5 युवकों की मौत

खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में सनावद मार्ग पर दौलतपुरा फाटे के पास गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात्रि करीब दो बजे तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, कसरावद तहसील के रहने वाले पांच युवक व्यवसायिक कार्य के सिलसिले में गुरुवार को पुनासा आए थे। रात में लौटते समय पुनासा चौकी अंतर्गत दौलतपुरा फाटे पर हादसा हो गया। उनकी कार (क्रमांक एमपी 09 डब्लूजी 0293) सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में फंसे शवों को निकालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। खंडवा एसपी सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने बताया कि हादसे में कार सवार भारत (40) पुत्र चिंताराम निवासी काकरिया थाना कसरावद, अलकेश (36) पुत्र तुलसीराम निवासी दोंगांवा थाना कसरावद, मनीष (26) पुत्र ताराचंद वर्मा निवासी दोंगांवा थाना, पुखराज (36) पुत्र चरणदास नामदेव निवासी दोंगावा और आदित्य (23) पुत्र अमित शर्मा निवासी राम मंदिर चौक कसरावद की मौके पर ही मौत हो गई है।

हाथी दांत तस्करी के आरोप में बीएसएफ जवान सहित पांच गिरफ्तार

सिलीगुड़ी। एसएसबी की 41 वीं बटालियन और टुकरियाझार वन विभाग ने गुरुवार रात नक्सलबाड़ी बस स्टैंड से सटे इलाके में संयुक्त अभियान चलाकर पांच हाथी दांत तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम तपन थापा, रिवास प्रधान, प्रभु मुंडा, श्रीयान खेरिया और धर्मदास लोहार है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार तस्करों में तपन थापा बीएसएफ जवान है। जबकि रिवास प्रधान सिक्किम पुलिस में कांस्टेबल है। गिरफ्तार सभी तस्करों को आगे कि कारवाई के लिए नक्सलबाड़ी पुलिस को सौंप दिया गया है।

मुजफ्फरपुरः सीओ घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

पटना। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी अंचल के सर्किल ऑफिसर पंकज कुमार को पटना निगरानी विभाग की टीम ने शुक्रवार को उनके आवास से 40 हजार घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा। टीम सीओ को गिरफ्तार कर पटना ले आई है। कुढ़नी प्रखंड के मनकोनी गांव निवासी मिथिलेश यादव ने सीओ पंकज कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी जमीन से अतिक्रमण हटाने के नाम पर सीओ पंकज कुमार ने उनसे 50 हजार रुपये घूस की मांग की थी। मिथिलेश यादव ने एफआईआर दर्ज कराई थी। निगरानी विभाग की टीम ने जांच के बाद घूस मांगे जाने का मामला सही पाया।

सीएम योगी ने वाई-20 शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा

भारत दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र

एजेंसी। वाराणसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जी-20 के तहत आयोजित चार दिवसीय वाई-20 युवा शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को औपचारिक उद्घाटन किया। गुरुवार से शुरू हुआ यह चार दिवसीय सम्मेलन वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता एवं एकता के कारण भारत दुनिया के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास करते हुए 140 करोड़ की आबादी जिस भाव-भंगिमा के साथ एकता एवं अखंडता के लिए यशस्वी नेतृत्व में कार्य कर रही है, वह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में भी प्रस्तुत करती है। डेमोग्रॉफी (जनसांख्यिकी), डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) और डायवर्सिटी (विविधता) की यह त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि नित्य नूतन व चिर पुरातन संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर हमारा देश अपने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करते हुए अमृतकाल के प्रथम वर्ष में जी-20 के इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहा है। हर भारतवासी न केवल इन आयोजनों के प्रति लालायित है बल्कि वैश्विक मंच पर उभरते भारत के रूप में प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस करता है। योगी ने कहा कि प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था 'निसचर हीन करऊं महि, भुज उठाई पन कीन्ह'... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस और राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले 'परित्राणाय साधुना, विनाशाय च दुष्कृता' का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं, तब वे भी युवा ही थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के अंदर चार कोनों में चार पीठों की स्थापना करने वाले एवं भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने वाले आदि शंकराचार्य मात्र 32 वर्ष तक ही जीवित रहे। स्वामी विवेकानंद ने भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने महज 39 वर्ष ही जीवन जिया। स्वामी प्रणवानंद ने मात्र 42 वर्ष का जीवन जीया था। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं' का उद्घोष करने वाले गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जी महाराज भी युवा ही थे। रानी लक्ष्मीबाई काशी में जन्मी थीं। मात्र 23 वर्ष की आयु में झांसी की आजादी के लिए युद्ध लड़ा था। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उद्घोष करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी युवा ही थे। भारत की आजादी के लिए क्रांतिदूत बनकर बलिदान देने वाले चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, सुखदेव, राजगुरु, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह आदि क्रांतिकारी युवा ही थे।

नक्सली कमांडर के घर एनआईए ने की छापेमारी, कागजात जब्त

पूर्वी चंपारण। जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एनआईए की टीम ने नक्सली कमांडर रामबाबू राम के घर पर छापेमारी की है। शुक्रवार सुबह 5 बजे ही एनआईए की टीम उनके आवास पर छापेमारी करने पहुंची। जहां घंटों चले सर्च अभियान के दौरान एनआईए ने कई आपत्तिजनक कागजात बरामद किये हैं। इसके साथ ही एनआईए ने रामबाबू के भाई के घर पर भी दबिश दी। वहां भी सर्च अभियान में टीम ने कई कागजात बरामद किए हैं। हालांकि किस प्रकार के कागजात वहां से बरामद हुए हैं, उनका विस्तृत ब्योरा प्राप्त नहीं हो सका है लेकिन बताया जा रहा है सभी कागजातों को जब्त कर एनआईए की टीम लौट गई है। उल्लेखनीय है कि मधुबन थाना क्षेत्र के कौरिया गांव का रहने वाला रामबाबू 90 के दशक में काफी सक्रिय था। उसने पूर्वी चंपारण जिले में काफी आतंक मचा रखा था।

विधायक रश्मि वर्मा ने रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

एजेंसी। पूर्वी चंपारण

बिहार के प.चंपारण जिले के नरकटियागंज के विधायक ने अपने पूर्व सहयोगी मोतिहारी शहर निवासी संजय सारंगपुरी पर पटना से अपहरण कर मोतिहारी लाने फिर उनसे 2 करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। इसे लेकर उन्होने मोतिहारी नगर थाना में दर्ज कराया है,वही दूसरी ओर संजय सारंगपुरी ने भी विधायक,उनके पुत्र और अन्य लोगो पर घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि मोतिहारी शहर के अगरवा मोहल्ला निवासी संजय सारंगपुरी और विधायक रश्मि वर्मा का आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया में कुछ दिन पूर्व वायरल हुआ था। कुछ लोग इस विवाद को उक्त वायरल तस्वीर से जुड़ा बता रहे है। विधायक ने नगर थाना में दिये आवेदन में आरोप लगाया है कि वह विधानसभा से निकल रही थी। इस बीच संजय सारंगपुरी बाहर गाड़ी में बैठा था। आवाज देने पर पास गयी तो उसने गाड़ी में बैठने के लिए कहा। उसकी गाड़ी में जैसे ही बैठी कि उसने पिस्टल सटा दी। उन्हें पटना से मोतिहारी लाया गया। विधायक ने कहा है कि दो करोड़ की रंगदारी मांगते हुए विधानसभा से इस्तीफा देने का भी दबाव दिया। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना मिलते ही परिजन संजय के घर पहुंचे तो उसने परिवार वालों के साथ मिलकर मारपीट की। हत्या की नीयत से संजय ने फायरिंग भी की। संजय ने प्राथमिकी में बताया है कि विधायक रश्मि वर्मा, उनका पुत्र अंशुमन वर्मा, नौकर छोटू, ड्राइवर जितेंद्र व दो सरकारी गॉर्ड के अलावा दो चार अज्ञात लोग उनके आवास पर पहुंचे मारपीट की।

विपक्ष 2024 के चुनाव मैदान में कहीं हैं ही नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

एजेंसी। मुरादाबाद

विपक्ष 2024 के चुनाव मैदान में कहीं हैं ही नहीं। इनका गठबंधन पार्टी का गठबंधन है। परिवारवाद का गठबंधन है। भ्रष्टाचार का गठबंधन है। तुष्टिकरण का गठबंधन है। देशभर में एकतरफा नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है। 24 घंटे, 24 कैरेट, 24 की तैयारी है और पूरा भारत मोदीमय है।तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की तैयारी है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को मुरादाबाद के पंचायत भवन सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। दो दिवसीय दौरे पर मुरादाबाद पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी क समाप्तवादी पार्टी बनना सुनिश्चित है। सपा डूबता हुआ जहाज है। बसपा समाप्ति की ओर है। कांग्रेस मुक्त भारत हो रहा है, जिसकी शुरूआत बहुत पहले उत्तर प्रदेश से ही हुई थी। गुलामनबी आजाद द्वारा यह कहना कि हमारे सभी पूर्वज हिंदू थे, इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह सत्य है। वह भूतपूर्व हिंदू हैं, हम अभूतपूर्व हिंदू हैं। हमारे पूर्वजों ने इस्लामी आक्रमण सहे लेकिन हिंदू धर्म नहीं छोड़ा।उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाना चहाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहवान हैं कि तुष्टिकरण भारत छोड़ो, भ्रष्टाचार परिवारवाद के कारण होता हैं, इसीलिए भ्रष्टाचार मुक्ति के लिए परिवारवाद की राजनीति खत्म होना आवश्यक हैं। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी, एमएलसी गोपाल अंजान, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मिश्रा, प्रभारी राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार की नीति और नियत हमेशा जनता को ठगने वाली रही है: कमलनाथ

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता हासिल करने के प्रयास में जुटी कांग्रेस ने भाजपा पर हमले तेज कर दिये है। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने प्रदेश की भाजपा सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र जारी किया। आरोपों की पहली किस्त में प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है। जबकि, दूसरी किस्त में विभागवार आरोप पत्र जारी होगा।

कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आरोप पत्र जारी करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार विश्व की सबसे अधिक घोटाले करने वाली सरकार है। शिवराज जी ने अपने 18 साल के कार्यकाल में घोटाले पर घोटाले कर भ्रष्टाचार का कीर्तिमान रच दिया है। शिवराज सरकार के काले कारनामों का काला चिट्ठा बहुत लंबा है, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण महाघोटालों को शामिल कर कांग्रेस पार्टी ने शिवराज सरकार के 18 साल के कार्यकाल की घोटाला-शीट तैयार की है। इससे मध्य प्रदेश की जनता को 50 प्रतिशत कमीशनराज की तथ्यात्मक हकीकत भली भांति समझ आ जाएगी। कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि संसार में ऐसा उदाहरण कम ही मिलेगा जब किसी मुख्यमंत्री ने गर्भस्थ शिशु से लेकर मृत्यु को प्राप्त हो चुके मनुष्य तक को अपने घोटाले में शामिल कर लिया हो और इतना ही नहीं घोटाला करने में भगवान को भी ना छोड़ा हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पोषण आहार घोटाले में शिवराज सरकार ने गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं के साथ भ्रष्टाचार किया। राशन घोटाले में सभी नागरिकों के भोजन में घोटाला किया। आयुष्मान घोटाले में मृतकों के नाम पर उपचार कराकर संसार से विदा हो चुके मृतकों के नाम पर भी घोटाला कर दिया। यही एक ऐसी सरकार है जिसने महाकाल लोक घोटाले में भ्रष्टाचार कर भगवान के साथ भी धोखा किया है।

स्कूल की बदहालीः हाई कोर्ट ने सरकार को दिए 88 लाख आवंटित करने के निर्देश

एजेंसी। कोलकता

स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों के अनुपात को लेकर अदालतें बार-बार सवाल उठाती रही हैं। अब एक स्कूल की बदहाली को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को आगामी दो सप्ताह के भीतर 88 लाख रुपए देने का आदेश दिया है। आरोप है कि स्कूल इतना बदहाल है कि न उसमें पेयजल है और न स्कूल में प्रवेश के लिए सड़क है। स्कूल के छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बावजूद समस्या का समाधान नहीं निकला। मामले पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट के जज बिस्वजीत बोस ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया। पश्चिम बर्दवान जिले के एक शिक्षक द्वारा दायर मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश को स्कूल की स्थिति के बारे में पता चला। उन्होंने राज्य सरकार को स्कूल का जीर्णोद्धार करवाने के लिए तुरंत फंड आवंटित करने का निर्देश दिया। दरअसल, पश्चिम बर्दवान के रघुनाथ मुर्मू आवासीय विद्यालय के एक शिक्षक ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया था। उस शिक्षक की पदोन्नति से संबंधित कुछ जटिलताओं के कारण उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विश्वजीत बोस को पता चला कि स्कूल से छात्रावास तक कोई उचित सड़क नहीं है, पानी की समस्या है, स्कूल को साफ करने के लिए कोई सफाई कर्मचारी नहीं है, छात्रावास में कोई स्थायी अधीक्षक नहीं है। कोई सुरक्षा गार्ड नहीं है। कोर्ट भी इस बात से हैरान था कि आवासीय छात्रों को भोजन उपलब्ध कराने की कोई योजना नहीं थी। न्यायाधीश को पता चला कि छात्रों ने इस खराब स्थिति के विरोध में स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन किया। यह सुनकर जस्टिस बोस ने टिप्पणी की कि स्कूल के शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन के बीच टकराव के कारण छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। राज्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि स्कूल के जीर्णोद्धार के लिए एडीएम ने आदिवासी कल्याण विभाग से 88 लाख रुपये मांगे हैं। जस्टिस बिस्वजीत बसु ने आदेश दिया कि अगले दो हफ्ते के भीतर पैसा संबंधित विभाग को दिया जाए। इस मामले की अगली सुनवाई एक सितंबर को होगी।

रानीगंज में पत्रकार की गोली मारकर हत्या,लोगों में आक्रोश

एजेंसी। अररिया

अररिया के रानीगंज के एक दैनिक अखबार के रिपोर्टर विमल कुमार यादव की शुक्रवार सुबह बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया और आवाज देकर बाहर बुलाया। विमल ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला,बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना रानीगंज थाना क्षेत्र बेलसरा के हीरो शोरूम के पीछे स्थित घर का है। इससे दो साल पहले इनके सरपंच भाई की इसी तरह बदमाशों ने हत्या कर दी थी। जिसमें वह मुख्य गवाह था और ऐसी आशंका जताई जा रही है कि मुख्य गवाह होने के कारण बदमाशों ने उनकी हत्या कर दी। कारण बदमाशों द्वारा कई बार गवाही नहीं देने से रोका था,बावजूद इसके कोर्ट में चल रहे ट्रायल के दौरान इन्होने अपने भाई के हत्यारे के खिलाफ गवाही दी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल लाया गया। विमल कुमार यादव अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी और पत्नी को छोड़ गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के संदर्भ में मृतक की पत्नी पूजा देवी ने बताया कि सुबह में घर का दरवाजा पीटकर उनके पति का नाम लेकर हल्ला किया जा रहा था। दोनों उठकर वह घर का दरवाजा और ग्रिल खोल रही थी। इसी क्रम में उसके पति मुख्य गेट खोलकर ज्योंही दरवाजे पर पहुंचे की गोली चलने की आवाज हुई। जिसके बाद उसके पति ने हल्ला कर उसे आवाज दिया। जब वह दौड़ कर वहां पहुंची तो पति को खून से लथपथ पाया और उन्होंने गोली मारने की जानकारी दी।

प्रयास सरकार करेगी पहल खुलेंगे 10 श्रीअन्न क्रय केंद्र

किसानों को मिलेंगे उपज का उचित दाम

खेत की मिट्टी के साथ सुधरेगा मानव सेहत

एजेंसी। मीरजापुर

श्रीअन्न (मोटे अनाज) की खेती को बढ़ावा देने के साथ उपज की बिक्री को लेकर सरकार गंभीर है। पहले श्रीअन्न की खेती के बाद बिक्री के लिए किसानों को भटकना पड़ता था, लेकिन अब किसानों को सरकार ने बाजार मुहैया कराया है। खेती के बाद उपज का दाम मिलने से किसान मालामाल होंगे और खेत की मिट्टी के साथ मानव सेहत भी सुधरेगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के तहत पहली बार किसानों से श्रीअन्न की खरीद होगी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किसानों से श्रीअन्न की खरीद के लिए 10 क्रय केंद्र बनाए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी धनंजय सिंह ने बताया कि विपणन शाखा के क्रय केंद्र पर ज्वार, बाजरा और मक्का की खरीद की जाएगी। नवीन मंडी सदर में सुरेंद्र पाल सिंह, पीडीएस गोदाम मुजेहरा कोन में नसरीन असलम, पीडीएस भटेवरा गैपुरा में शालिनी शर्मा, पीडीएस पड़री में दीपिका बरनवाल, पीडीएस खजुरी लालगंज में दशरथ लाल श्रीअन्न की खरीद करेंगे। वहीं पीडीएस हलिया में श्रीनारायणजी दुबे, पीडीएस कलवारी मड़िहान में जय प्रकाश यादव, पीडीएस पचोखरा राजगढ़ में राजेश कुमार, पीडीएस पाहो सीखड़ में रविशंकर सिंह और नवीन मंडी अहरौरा में श्वेता पांडेय किसानों से श्रीअन्न खरीदेंगी। संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी तैनाती केंद्र की तत्काल जिओ टैगिंग के साथ आवश्यक तैयारी समय रहते पूर्ण कर लें। किसानों का पंजीकरण और सत्यापन भी ससमय करें।

12342 में बाजरा व 3983 हेक्टेयर में ज्वार की बोआई का लक्ष्य

जनपद में 12342 हेक्टेयर में बाजरा, 3983 हेक्टेयर में ज्वार और 1293 हेक्टेयर में मक्का की खेती कराने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि 1024 हेक्टेयर में उरद, 109 हेक्टेयर में मूंग, 16004 हेक्टेयर में अरहर, 2884 हेक्टेयर में मूंगफली और 1991 हेक्टेयर में तिल की बोआई का लक्ष्य रखा गया है।

पत्नी-बेटी की हत्या कर पूर्व सैनिक ने की आत्महत्या

उत्तर 24 परगना। जिले के दमदम नगरपालिका के 10 नंबर वार्ड के निवासी एक पूर्व सैनिक ने शुक्रवार को अपनी पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। पूर्व सैनिक परिवार के साथ दमदम नगरपालिका के दस नंबर वार्ड में एक बहुमंजिला फ्लैट में रहता था।घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पत्नी और बेटी की हत्या कर आत्महत्या करने वाले पूर्व सैनिक का नाम गौतम बंद्योपाध्याय (48) था। उनकी पत्नी का नाम देविका बंद्योपाध्याय (44) और बेटी का नाम दिशा बंद्योपाध्याय (19) था। शुक्रवार को एक व्यक्ति ने मध्यमग्राम रेलवे स्टेशन पर हाबरा लोकल के सामने छलांग लगा दी। पुलिस ने शव की जेब में पहचान पत्र देखकर मृतक की पहचान की और उसके घर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि फ्लैट बंद था। जब पुलिस ने फ्लैट का ताला तोड़ा तो उन्हें देविका और दिशा की खून से लथपथ लाशें मिलीं।

बीसीसीआई सचिव ने कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरा करने पर दी बधाई, कहा

आप क्रिकेट में लगातार सफलता हासिल करें

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे करने पर बधाई दी है। 18 अगस्त 2008 को युवा कोहली ने 19 साल और 287 दिन की उम्र में, भारत को मलेशिया में अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, कोहली उस टीम के कप्तान थे। इसके कुछ ही महीने बाद, दांबुला में एक वनडे मैच में श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। तब से, कोहली सभी प्रारूपों में भारत के लिए रन बनाने में निरंतरता के प्रतीक बन गए हैं। बीसीसीआई सचिव शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति 15 वर्षों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए अविश्वसनीय कोहली को बधाई। आपके जुनून, दृढ़ता और उल्लेखनीय उपलब्धियों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मैं कामना करता हूं कि आप लगातार सफलता हासिल करें और आगे भी कई उपलब्धियां हासिल करें। कोहली ने इंस्टाग्राम पर पिछले साल मेलबर्न में पुरुष टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच जिताने वाली पारी की एक तस्वीर के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे करने पर आभार व्यक्त किया। अब तक, कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 501 मैचों में 53.63 के औसत से 76 शतक और 131 अर्द्धशतक सहित 25,582 रन बनाए हैं। 34 वर्षीय कोहली वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई भारत की पांच मैचों की टी20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे और वह शुक्रवार से आयरलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी तीन टी20 मैचों का भी हिस्सा नहीं हैं। कोहली अब 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों की मेजबानी में होने वाले 50 ओवर के एशिया कप 2023 में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। भारत 2 सितंबर को ग्रुप चरण में पाकिस्तान से भिड़ेगा, उसके बाद 4 सितंबर को नेपाल से खेलेगा।

सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप में एक अच्छी परीक्षा होगी : इश्फाक अहमद

नई दिल्ली। भारत की अंडर-16 पुरुष राष्ट्रीय टीम आगामी सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप में एक चुनौतीपूर्ण समूह के लिए तैयारी कर रही है, मुख्य कोच इशफाक अहमद को लगता है कि यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनके लड़कों के लिए एक अच्छी शुरूआत होगी। भारत को ग्रुप ए में नेपाल और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। संभवतः टूनार्मेंट में शीर्ष तीन टीमें ग्रुप ए में एक-दूसरे का सामना करेंगी, जिनमें से केवल दो ही सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत अपने अभियान की शुरूआत 1 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा, उसके बाद 5 सितंबर को नेपाल के खिलाफ मैच होगा। सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 7 और 10 सितंबर को होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) की आधिकारिक वेबसाइट से बातचीत में अहमद ने कहा, हम एक कठिन समूह में हैं, लेकिन यह ठीक है। सैफ (एसएएफएफ) में, आपसे अपने समूह की अन्य सभी टीमों को हराने की उम्मीद की जाती है।

श्रीलंका क्रिकेट ने लाहिरू थिरिमाने के दिये गए इस्तीफे को स्वीकार किया

एजेंसी। कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने वरिष्ठ खिलाड़ी लाहिरू थिरिमाने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से दिये गए इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। थिरिमाने ने श्रीलंका क्रिकेट को एक त्याग पत्र भेजकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से अवगत कराया था। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि कार्यकारी समिति ने हाल ही में हुई एक बैठक के दौरान थिरिमाने का इस्तीफा स्वीकार करने का फैसला किया। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा, 'हम इस अवसर पर थिरिमाने को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। खेल के सभी प्रारूपों को कवर करते हुए श्रीलंका क्रिकेट के लिए उनकी सेवाओं को अच्छी तरह से याद किया जाएगा। उन्होंने श्रीलंका के लिए 44 टेस्ट मैच, 127 वनडे और 26 टी20 मैच खेले और अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में 5500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। थिरिमाने ने फेसबुक पर पोस्ट किया, पिछले कुछ वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व करना अत्यंत सम्मान की बात रही है। पिछले कुछ वर्षों में इस खेल ने मुझे बहुत कुछ दिया है। लेकिन बहुत सारी मिश्रित भावनाओं के साथ, मैं तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर रहा हूं। थिरिमाने ने अपने एकदिवसीय करियर के दौरान तीन टेस्ट शतक और चार एकदिवसीय शतक लगाए हैं और वह श्रीलंका की उस टीम का हिस्सा थे जिसने मीरपुर में 2014 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत को हराया था। श्रीलंका के लिए थिरिमाने का आखिरी मैच पिछले साल मार्च में बेंगलुरु में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में था, जहां उन्होंने पहली पारी में आठ और दूसरी पारी में बिना खाता खोले आउट हो गए थे।

जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग के लिए 40 खिलाड़ियों की घोषणा

एजेंसी। दिल्ली

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को पहली बार, राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय महिला सब-जूनियर कोर ग्रुप की घोषणा की है, जो 21 अगस्त 2023 को राउरकेला के विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। गौरतलब है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी कैंप में मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। यह विकास युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और भारतीय हॉकी के लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है और यह देश भर से सबसे प्रतिभाशाली और सबसे होनहार युवा प्रतिभाओं को एक साथ लाएगा। खिलाड़ियों का चयन हॉकी इंडिया सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। विशेष रूप से, शिविर के बाद यूरोप में अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे। एक योग्य कोचिंग स्टाफ जिसमें अनुभवी भारतीय खिलाड़ी रानी शामिल हैं, जो कोच के रूप में काम करेंगी, दो सहायक कोच, दो फिजियो, दो मालिश करने वाले और एक प्रशिक्षक भी शिविर में कोर ग्रुप के साथ रहेंगे। कोच रानी ने शिविर के बारे में कहा, "महिला सब-जूनियर कोर ग्रुप का गठन उभरते खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के हॉकी इंडिया के निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में किया गया है। यह पहल हॉकी इंडिया की हॉकी में देश की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक प्रतिभा विकसित करने के प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह निस्संदेह भारत में महिला हॉकी के लिए एक ठोस आधार तैयार करेगा। उन्होंने कहा, "शिविर के दौरान, खिलाड़ियों को व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राप्त होंगे जो कौशल वृद्धि, शारीरिक कंडीशनिंग, सामरिक जागरूकता और मानसिक लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

तीरंदाजी: भारतीय पुरुष व महिला टीमों ने पेरिस विश्व कप में जीता कांस्य पदक

एजेंसी। पेरिस

भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमों ने पेरिस, फ्रांस में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप 2023 चरण 4 में अपने-अपने वर्गों में कांस्य पदक जीते। धीरज बोम्मदेवरा, अतानु दास और तुषार प्रभाकर शेल्के की रिकर्व पुरुष टीम ने गुरुवार को स्पेनिश तिकड़ी पाब्लो आचा, युन सांचेज और एंड्रेस टेमिनो को 6-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। स्पेन ने चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया था, लेकिन भारतीय टीम अंततः पेरिस की परिस्थितियों में एक कदम आगे साबित हुई। भजन कौर, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की रिकर्व महिला टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में मेक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया, एंजेला रुइज और ऐडा रोमन को 4-4 से बराबरी पर रहने के बाद शूट-ऑफ में हराया। मेक्सिको की तिकड़ी ने एक समय 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय टीम ने इसके बाद न सिर्फ बराबरी की बल्कि शूट-ऑफ में शिकस्त भी दी। पेरिस में पुरुष टीम द्वारा जीता गया कांस्य पदक इस साल तीरंदाजी विश्व कप में भारत का तीसरा पदक है। भारतीय तीरंदाजों ने मैच के बाद विश्व तीरंदाजी की आधिकारिक वेबसाइट के साथ अपने साक्षात्कार में कोच सर्जियो पगनी के प्रभाव की सराहना की। अनुभवी अतानु दास ने कहा, मैंने जितने कोच देखे हैं उनमें वह सबसे अच्छे हैं। वह हमें यह सिखा रहे हैं कि मानसिकता कैसे काम करती है, तीरंदाजों को टूनार्मेंट और अभ्यास में कैसे शूटिंग करनी चाहिए, हम कैसे प्रशिक्षण ले सकते हैं और दिन-ब-दिन कैसे बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा, यह एक अच्छे तीरंदाज का एक आदर्श उदाहरण है क्योंकि वह भी एक तीरंदाज थे। हमारी सरकार जमीनी स्तर से लेकर विशिष्ट स्तर तक हर तरह से हमारा बहुत अच्छा समर्थन कर रही है। दास ने कहा, सरकारी समर्थन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें विदेश में प्रशिक्षण के लिए बहुत सारे प्रायोजक और अवसर मिले हैं। भारतीय महिला टीम ने भी पुरुष समकक्षों की तरह कांस्य पदक जीता। आधिकारिक वेबसाइट ने सिमरनजीत कौर के हवाले से कहा, पुरुष टीम ने हमसे पहले एक कांस्य जीता था, इसलिए हम उन्हें देखकर बहुत प्रेरित हुए और हमने उनके नक्शेकदम पर चलते हुए पदक पर निशाना साधा। पुरुष वर्ग में, कोरिया गणराज्य और चीनी ताइपे ने दोनों वर्गों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो रविवार को आयोजित किया जाएगा।

रिहैबिलिटेशन अवधि के दौरान मजबूत वापसी को लेकर आश्वस्त था : बुमराह

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, जो लगभग एक साल बाद आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह रिहैबिलिटेशन अवधि के दौरान सकारात्मक बने रहे और मजबूत वापसी करने को लेकर आश्वस्त थे। पिछले साल निराशा के लंबे सफर के बाद वापसी पर 29 वर्षीय बुमराह पर टीम की कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी होगी। तेज गेंदबाज कुछ द्विपक्षीय खेलों के अलावा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल सहित प्रमुख आयोजनों में नहीं खेल पाए, लेकिन बुमराह अब वापस आ गए हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि उन पर कोई प्रतिबंध नहीं है और वह पूरी तरह से गेंदबाजी करने में सक्षम होंगे। आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा।

कुश्ती प्रतियोगिता : प्रिया मलिक ने अंडर 20 विश्व चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी। अम्मान सिटी (जॉर्डन)

भारतीय महिला पहलवान प्रिया मलिक ने इतिहास रचते हुए 2023 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। प्रिया ने महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय महिला पहलवान बन गईं। पूर्व विश्व कैडेट चैंपियन प्रिया ने 2022 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। अम्मान में महिलाओं के 76 किग्रा फाइनल में, हरियाणा के जिंद जिले के निदानी गांव की 18 वर्षीय प्रिया मलिक ने जर्मनी की लौरा सेलीन कुहेन को 6-0 से हराया। प्रिया ने भारत के लिए टूर्नामेंट का दूसरा स्वर्ण पदक जीता, इससे पहले पुरुष पहलवान मोहित कुमार ने फाइनल में रूस के एल्डार अखमदुदीनोव को 9-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने अपनी वेबसाइट पर प्रिया के हवाले से कहा, ₹मैं पिछले साल की तुलना में इस फाइनल के लिए तैयार थी। मैंने अपनी शक्ति और यहां तक कि रक्षा पर भी काम किया ताकि मैं इस विश्व चैंपियनशिप बेल्ट को घर ले जा सकूं। युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रिया को उनकी सफलता पर बधाई दी। 18 वर्षीय पहलवान ने इससे पहले महिलाओं के 73 किग्रा में 2021 विश्व कैडेट कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था और इस साल की शुरूआत में अस्ताना में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। ठाकुर ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा, टॉप स्कीम पहलवान प्रिया मलिक को महिलाओं के 76 किग्रा में विश्व चैंपियन बनने पर बधाई, उन्होंने जूनियर वर्ल्ड में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी महिला पहलवान बनने का इतिहास रचा। उनके अविश्वसनीय कौशल और अदम्य भावना को सलाम। पूरे टूर्नामेंट में एक भी अंक गंवाए बिना, एसएफ मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को शानदार ढंग से पिन किया और शैली और आत्मविश्वास से जीत का दावा किया, उसने इस बार शानदार ढंग से अपने रजत को स्वर्ण में बदल दिया।

स्टोक्स ने एशेज के तुरंत बाद वनडे में वापसी का फैसला किया था : बटलर

लंदन। इंग्लैंड के सीमित ओवर के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने वनडे में वापसी का फैसला एशेज के बाद मुश्किल से सात या दस दिन के अंदर ले लिया था। इस सप्ताह की शुरूआत में, बेन स्टोक्स ने घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की आगामी श्रृंखला के लिए पिछले साल वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया था। यानी लॉर्ड्स में 2019 विश्व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे स्टोक्स, एक बार फिर इंग्लिश टीम के लिए भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में एक्शन में नजर आ सकते हैं। बीबीसी ने बटलर के हवाले से कहा, ₹मैंने यह उस पर छोड़ दिया है कि अगर वह वापस आना चाहता है तो मेरे पास आए।

भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना को मिला हंगरी का वीजा

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

एजेंसी। नई दिल्ली

एथलीट किशोर जेना को आखिरकार हंगरी का वीजा मिल गया है, जिससे उन्हें 19 अगस्त से हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने की अनुमति मिल गई है। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अधिकारियों से किशोर जेना के वीजा के मुद्दे को सुलझाने और एथलीट को बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने में मदद करने का अनुरोध किया था। जेना को आखिरकार हंगरी दूतावास से अपना वीजा मिल गया है। शीर्ष एथलेटिक्स प्रतियोगिता 19 से 27 अगस्त तक हंगरी में आयोजित की जाएगी। होनहार भाला फेंक खिलाड़ी जेना वर्तमान में विश्व में 33वें स्थान पर हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो 28 जुलाई को श्रीलंका में 101वीं श्रीलंकाई चैंपियनशिप में 84.38 मीटर था, जिससे उन्हें स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली। भारत ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 28 सदस्यीय मजबूत दल की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा करेंगे, जिन्होंने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक के साथ चैंपियनशिप में पदक के लिए देश के 19 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर, हर्डलर ज्योति याराजी और स्टीपलचेजर अविनाश साबले भी चैंपियनशिप में भारतीय दल का हिस्सा हैं। शॉटपुट खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर को पिछले महीने बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान लगी कमर में चोट के कारण नाम वापस लेना पड़ा था। उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए 20.23 मीटर थ्रो किया, लेकिन अंत में वह चोटिल हो गए।

काउंटी चैम्पियनशिप के लिए ससेक्स में शामिल हुए जयदेव उनादकट

ससेक्स। ससेक्स क्रिकेट ने गुरुवार को सितंबर में पहले तीन काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के साथ अनुबंध की घोषणा की। उनादकट डरहम, लीसेस्टरशायर और डबीर्शायर के खिलाफ खेलों के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। ससेक्स द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में उनादकट ने कहा, ह्लमैं सितंबर में चैम्पियनशिप मैचों के लिए ससेक्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम की हालिया सफलता पर नजर रख रहा हूं और पॉल के साथ मेरी अच्छी बातचीत हुई और ऐसा लगता है कि मैं निश्चित रूप से मूल्य जोड़ सकता हूं और टीम के लक्ष्यों में योगदान दे सकता हूं। उन्होंने कहा, इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप की एक अद्भुत विरासत है और मैं जब भी संभव हो अवसर का लाभ उठाने के लिए उत्सुक था और ऐसा लगता है कि मेरे करियर के इस बिंदु पर यह मेरे लिए सही समय है। मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रिय मित्र और टीम-साथी चेतेश्वर पुजारा, जो कि पिछले कुछ सीजन से ससेक्स का प्रतिनिधित्व करते हुए और अधिक महत्वपूर्ण रूप से टीम को गेम जीतने में मदद कर रहे हैं, की तरह ही योगदान दे सकूंगा।

कामयाबी | आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप 2023

भारतीय पुरुषों ने अजरबैजान में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में जीता कांस्य पदक

एजेंसी। बाकू

शिव नरवाल, सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा की भारतीय पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने बाकू के अजरबैजान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। भारत के लिए शिव ने सर्वाधिक 579 अंक बनाए और उसके बाद सरबजोत (578 अंक) और अर्जुन सिंह (577 अंक) रहे। तीनों के मिलाकर कुल 1,734 अंक हो गए, जिससे भारत को तीसरा स्थान मिला। चीन ने कुल 1,749 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया और जर्मनी को कुल 1,743 अंकों के साथ रजत पदक मिला। हालांकि भारतीय निशानेबाजों का व्यक्तिगत स्पर्धा में स्कोर इतना अच्छा नहीं था कि उन्हें आठ खिलाड़ियों वाले पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जगह मिल सके। शिव 17वें स्थान पर भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे, सरबजोत 18वें और अर्जुन 24वें स्थान पर थे। भारतीय महिला निशानेबाज कोई भी जीत हासिल करने में असफल रहीं। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में ईशा सिंह, पलक गुलिया और दिव्या टीएस की तिकड़ी पदक हासिल करने में असफल रही। तीनों ने इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया कि व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल तक भी पहुंच सकें। ईशा ने 572 अंक अर्जित किए और 16वें स्थान पर रहीं, जबकि पलक (570 अंक) और दिव्या टीएस (566 अंक) क्रमशः 30वें और 40वें स्थान पर रहीं। उनके संयुक्त स्कोर ने उन्हें 24 टीमों के बीच 11वें स्थान पर रखा। शॉटगन स्कीट स्पधाओं में, भारत के हाथ खाली रहे। अनंत जीत सिंह नरुका 48 के स्कोर के साथ पुरुषों की स्कीट में 45वें स्थान पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। अंगद वीर सिंह बाजवा और गुरजोत खंगुरा, (प्रत्येक 47 के स्कोर के साथ) 125 प्रतिस्पर्धियों के बीच शीर्ष 65 से बाहर रहे। महिलाओं की स्कीट में, परिनाज धालीवाल 71 के स्कोर के साथ 17वें स्थान पर सर्वोच्च भारतीय रहीं। गनेमत सेखों ने 70 का स्कोर किया और 30वें स्थान पर रहीं, जबकि दर्शना राठौड़ 69 के स्कोर के साथ 71 निशानेबाजों के बीच 38वें स्थान पर रहीं।

धीनिधि देसिंघु ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

भुवनेश्वर। कर्नाटक की धनिधि देसिंघु ने गुरुवार को यहां ओडिशा के भुवनेश्वर में 39वीं सब जूनियर और 49वीं जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप 2023 में लड़कियों के ग्रुप क्क में 100 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।कोच मधु कुमार बीएम के तहत डॉल्फिन एक्वेटिक्स में प्रशिक्षण लेने वाली 13 वर्षीय देसिंघु ने 2014 में बनाए गए माना पटेल के 59.12 के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 57.67 सेकेंड का समय निकाला।

NEWS इन ब्रीफ

64 साल की हो गई वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार 18 अगस्त को अपना 64वां जन्मदिन मना रही हैं। वह देश की सबसे इंटरेक्टिव वित्त मंत्रियों में से एक हैं। वह प्रखरता से अपनी बातों को संसद के पटल पर रखती हैं। उन्होंने अपना पूर्णकालिक वित्त मंत्री का पदभार 30 मई 2019 को संभाला था और आज तक देश के वित्तीय स्थिति को संभालने का काम कर रही हैं। आइए आज निर्मला सीतारमण के 64वें जन्मदिन के अवसर पर जानते हैं उनके राजनीतिक जीवन के बारे में। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल (2017-19) में वह रक्षा मंत्री थीं। उन्होंने 3 सितंबर को रक्षा मंत्री का पदभार संभाला था। इसके साथ ही वह इस पद को संभालने वाली आजाद भारत की दूसरी महिला नेता और स्वतंत्र भारत की पहली पूर्णकालिक महिला रक्षामंत्री बनीं।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज सोमवार को स्टॉक एक्सचेंजों पर होगी सूचीबद्ध

नई दिल्ली। बीएसई ने एक्सचेंज के व्यापारिक सदस्यों को सूचित किया है कि सोमवार (21 अगस्त) से जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के इक्विटी शेयरों को टी ग्रुप ऑफ सिक्योरिटीज की सूची में एक्सचेंज सूचीबद्ध किया जाएगा और लेनदेन के लिए स्वीकार किया जाएगा। सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि उपरोक्त सुरक्षा आईपीओ और अन्य श्रेणी के शेयरों के लिए विशेष प्री-ओपन सत्र का हिस्सा होगी। यह लिस्टिंग एनसीएलटी मुंबई द्वारा स्वीकृत रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अलग हुई कंपनी) और उसके शेयरधारकों और लेनदारों और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (पहले रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) (परिणाम कंपनी) और उसके शेयरधारकों और लेनदारों के बीच व्यवस्था की योजना के अनुसार है।

कर्ज भुगतान में चूक पर अब उचित दंडात्मक शुल्क लगा पाएंगे बैंक

अब दंडात्मक ब्याज नहीं वसूलेंगे बैंक : आरबीआई

एजेंसी। मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा दंडात्मक ब्याज को अपना राजस्व बढ़ाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। केंद्रीय बैंक ने इस बारे में संशोधित नियम जारी किए हैं। नए नियमों के तहत कर्ज भुगतान में चूक के मामले में अब बैंक संबंधित ग्राहक पर सिर्फ उचित दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। रिजर्व बैंक ने उचित ऋण व्यवहार-कर्ज खातों पर दंडात्मक शुल्क के बारे में शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा कि बैंक और अन्य ऋण संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी। केंद्रीय बैंक की अधिसूचना में कहा गया है, कर्ज लेने वाले व्यक्ति द्वारा ऋण अनुबंध की शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर उससे ह्यदंडात्मक शुल्क लिया जा सकता है। इसे दंडात्मक ब्याज के रूप में नहीं लगाया जाएगा। दंडात्मक ब्याज को बैंक अग्रिम पर वसूली जाने वाली ब्याज दरों में जोड़ देते हैं। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि दंडात्मक शुल्क उचित होना चाहिए। यह किसी कर्ज या उत्पाद श्रेणी में पक्षपातपूर्ण नहीं होना चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है कि दंडात्मक शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा। ऐसे शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना नहीं की जाएगी। हालांकि, केंद्रीय बैंक के ये निर्देश क्रेडिट कार्ड, बाह्य वाणिज्यिक कर्ज, व्यापार क्रेडिट आदि पर लागू नहीं होगी।

जल्द घटेंगे पेट्रोल-डीजल और सब्जियों के दाम, मोदी सरकार कर रही है तैयारी

नई दिल्ली। देश में जल्द ही पेट्रोल-डीजल के दाम घट सकते हैं। साथ ही खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई से भी निजात मिल सकती है। भारत सरकार इस पर काम कर रही है। अधिकारी एक प्लान पर विचार कर रहे हैं। इसमें विभिन्न मंत्रालयों के बजट से करीब 1 लाख करोड़ रुपये को री-अलोकेट किया जाएगा। इस पैसे को फूड और फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने के लिए लगाया जाएगा। यह रि-अलोकेशन इस तरह होगा, जिससे सरकार के घाटे का लक्ष्य प्रभावित नहीं हो। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। पीएम मोदी आने वाले हफ्तों में यह फैसला ले सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार इसमें लोकल गैसोलीन सेल्स पर टैक्स घटाना और खाद्य तेल तथा गेहूं पर आयात शुल्क को कम करना शामिल है। गैसोलीन पर टैक्स कम होगा तो पेट्रोल-डीजल के दाम घट जाएंगे। पिछले साल सरकार की 26 अरब डॉलर की योजना के आने के बाद महंगाई को कंट्रोल करने के लिए इसी तरह के समायोजन का यह लगातार दूसरा साल होगा।

गिरते बाजार में टाटा के फैशन रिटेलर कंपनी की शेयर ने लगाई छलांग



नई दिल्ली। शेयर मार्केट में हाल में गिरावट आई है लेकिन टाटा ग्रुप की एक कंपनी ने इस दौरान लंबी छलांग लगाई। टाटा ग्रुप की फैशन रिटेलर कंपनी ट्रेंट के शेयरों में आठ अगस्त से 17 अगस्त तक 17 फीसदी तेजी आई। इसके साथ ही यह अपने 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया है। इस शेयर ने पिछले पांच साल में 435 परसेंट से अधिक रिटर्न दिया है। आठ अगस्त को यह 1,690 रुपये पर बंद हुआ था जबकि 17 अगस्त को इसका बंद भाव 1974.05 रुपये था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि आने वाले दिनों में इसमें सात से 20 परसेंट तक तेजी आ सकती है। कंपनी ने नौ अगस्त को जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की थी। टाटा ग्रुप की यह रिटेल कंपनी वेस्ट साइड और जोडियो जैसे ब्रांड्स को ऑपरेट करती है और इसका जून तिमाही में नेट प्रॉफिट 114.93 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी को 138.29 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एक और तिमाही में दर्ज की मजबूत वृद्धि,राजस्व बढ़कर 400 करोड़ रुपये पर पहुंचा

रांची। बैंकिंग लाइसेंस के साथ बड़े पैमाने पर काम करने वाले भारत के एकमात्र लाभदायक मल्टी-सेगमेंट फिनटेक एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एक और तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में, पहली बार बैंक का तिमाही राजस्व वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए 400 करोड़ रुपये तक बढ़ गया, जो गत वर्ष की तुलना 41 प्रतिशत की वृद्धि है। वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए, बैंक का मुनाफा पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 143 फीसदी बढ़ा है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ अनुब्रत बिस्वास ने कहा, हमने इस तिमाही के दौरान अपनी विकास यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पहली बार, हमारा राजस्व बढ़कर 400 करोड़ रुपये हो गया है। हमारे ब्रांड की विश्वसनीयता और हमारे द्वारा विभिन्न अत्याधुनिक उत्पाद पेशकश, एक अद्वितीय डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और उन्नत तकनीक ने मिलकर, हमें अपने विस्तार में तेजी लाने के लिए अनुकूल स्थिति प्रदान की है। हमने जो उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, वह पेमेंट्स बैंक मॉडल और देश की डिजिटल और वित्तीय समावेशन आवश्यकताओं को पूरा करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करती है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने विभिन्न क्षेत्रों के ग्राहकों और व्यवसायों को सेवा प्रदान करने के लिए अपने व्यवसाय को तीन खंडों में विस्तारित किया है - अर्बन डिजिटल कस्टमर सेगमेंट, रूरल अंडरबैंक्ड सेगमेंट और इंडस्ट्रीज एंड बिजनेस सेगमेंट। बैंक डिजिटल वित्तीय सेवाओं - बीमा, ऋण और निवेश सेवाओं की के सभी पहलुओं के साथ सम्पूर्ण डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करता है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक अब अपने प्लेटफॉर्म पर 7 बिलियन से अधिक का वार्षिक लेनदेन कर रहा है, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ने वाला डिजिटल बैंक बन गया है।

रुपया 10 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। शेयर बाजारों में नकारात्मक धारणा को बढ़ाते हुए रुपया 10 महीने के निचले स्तर 83.14 पर पहुंच गया, जबकि अगस्त में अब तक एफआईआई द्वारा लगभग 10,000 करोड़ रुपये का बहिर्वाह भी उच्च स्तर पर बिकवाली का कारण बना। यह बात मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कही। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव देखा गया। निफ्टी जहां निचले स्तर पर खुला और पूरे सत्र के दौरान नकारात्मक क्षेत्र में रहा और 100 अंक (-0.5 फीसदी) की गिरावट के साथ 19,365 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं सेंसेक्स 388.40 अंक या 0.59 फीसदी की गिरावट के साथ 65,151.02 पर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.2 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ कार्रवाई व्यापक बाजार में स्थानांतरित हो गई।

चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रेंड हुई दिवालिया

एजेंसी। नई दिल्ली

आर्थिक सुस्ती से गुजर रहे चीन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी चाइना एवरग्रेंड ने अमेरिका के एक कोर्ट में बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया है। एवरग्रेंड दुनिया में सबसे ज्यादा कर्ज वाली रियल एस्टेट कंपनी है। इस कंपनी पर 330 अरब डॉलर का कर्ज है। कभी चीन की दूसरी सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी रही एवरग्रेंड ने भारी कर्ज लिया था और 2021 के अंत में कर्ज के भुगतान में डिफॉल्ट किया था। इसके साथ ही चीन में रियल एस्टेट का संकट का सिलसिला शुरू हो गया था। एवरग्रेंड की सहयोगी कंपनी तियानजी होल्डिंग्स ने भी बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया है। कंपनी ने अमेरिका के बैंकरप्सी कोड के चैप्टर 15 के तहत प्रोटेक्शन मांगा है। इससे क्रेडिटर्स कंपनी के खिलाफ मुकदमा नहीं कर सकते हैं और न ही उसके एसेट्स को अटैच कर सकते हैं। चीन में 2021 के मध्य में रियल एस्टेट का संकट शुरू हुआ था और तबसे कई बड़ी कंपनियां डिफॉल्ट कर चुकी हैं। देश में होने वाली मकानों की कुल बिक्री में इन कंपनियों की 40 परसेंट हिस्सेदारी है। माना जा रहा है कि चीन का रियल एस्टेट सेक्टर का संकट दूसरे सेक्टर्स को भी अपनी चपेट में ले सकता है। देश की सबसे बड़ी प्राइवेट डेवलपर कंट्री गार्डन की हालत भी दिनोंदिन खराब हो रही है।

रूस से एक तिहाई खर्च पर पहुंच गया भारत का चंद्रयान

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत और रूस के बीच चंद्रमा के साउथ पोल में उतरने को लेकर होड़ मची है। दोनों देशों के मिशन चांद की सतह के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। भारत के चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम प्रपल्शन मॉड्यूल से अलग हो चुका है और धीरे-धीरे चांद की सतह के करीब पहुंच रहा है। इसे 23 अगस्त को चांद की सतह पर उतारने की कोशिश की जाएगी। दूसरी ओर रूस का मिशन लूना-25 21 से 23 अगस्त को चांद की सतह पर उतरने का प्रयास करेगा। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया था और 5 अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। दूसरी ओर रूस का मिशन 10 अगस्त को भेजा गया था। यहां हम आपको बता रहा है कि भारत और रूस के मिशन में से किस पर कितना खर्च आया है। चंद्रयान-3 भारत की तीसरा मून मिशन है जबकि रूस ने 1976 के बाद पहली बार चांद का रुख किया है। रूस के लूना-25 का वजन 1,750 किग्रा है जबकि चंद्रयान-3 का भार 3,800 किग्रा है। इन दोनों के बजट में भारी अंतर है। चंद्रयान-3 का बजट जहां मात्र 615 करोड़ रुपये है, वहीं रूस ने लूना-25 के बजट का ऐलान नहीं किया है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक इसकी लागत करीब 1,600 करोड़ रुपये है। यानी रूस का मिशन भारत की तुलना में करीब ढाई गुना है। चंद्रयान-3 की लागत चंद्रयान-2 की तुलना में कम है। चंद्रयान-2 की तरह चंद्रयान-3 में ऑर्बिटर नहीं है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 को तैयार करने पर कुल 615 करोड़ रुपये का खर्च आया है। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम, रोवर प्रज्ञान और प्रपल्शन मॉड्यूल को तैयार करने की कुल लागत 250 करोड़ रुपये है।

विदेश

ट्रम्प के चुनाव मामले की सुनवाई अब 2026 अप्रैल में करने का दिया प्रस्ताव

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके खिलाफ विशेष वकील जैक स्मिथ के आपराधिक चुनाव तोड़फोड़ मामले की देखरेख करने वाले एक संघीय न्यायाधीश को अप्रैल 2026 के लिए सुनवाई निर्धारित करने का प्रस्ताव दिया है। सीएनएन ने बताया, विगत गुरुवार शाम एक फाइलिंग में, ट्रम्प ने वाशिंगटन, डी.सी. में अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या चुटकन से जनवरी 2024 के मुकदमे के लिए स्मिथ के प्रस्ताव को खारिज करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह अधिक तेजी से परीक्षण कैलेंडर चाहते हैं। पूर्व राष्ट्रपति के वकीलों ने लिखा, सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके वकीलों को मुकदमे की तैयारी के लिए उचित क्षमता से वंचित करना। न्यायालय को सरकार के अनुरोध को अस्वीकार कर देना चाहिए। उन्होंने न्यायाधीश से इसके बजाय जूरी चयन और सुनवाई अप्रैल 2026 के लिए निर्धारित करने को कहा। चुटकन, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा नियुक्त किया गया था, अंततः परीक्षण शुरू होने की तारीख तय करेंगे, महीने के अंत तक निर्णय लेने की संभावना है। ट्रम्प की टीम ने तर्क दिया कि मुकदमे के लिए स्मिथ की प्रस्तावित समय-सीमा अन्य आपराधिक और नागरिक मामलों के साथ टकराव होगी जिसमें पूर्व राष्ट्रपति प्रतिवादी हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, फुल्टन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फानी विलिस चाहती हैं कि उनका मुकदमा मार्च 2024 में शुरू हो। दस्तावेज मामले में संघीय न्यायाधीश ने उस मुकदमे की सुनवाई मई 2024 के लिए निर्धारित की है, जबकि न्यूयॉर्क मामले की सुनवाई अगले साल मार्च में होने वाली है। संघीय अभियोजकों ने यूएस कैपिटल और आयोवा कॉकस पर हमले की वर्षगांठ से कुछ दिन पहले, 2 जनवरी, 2024 को 2020 के चुनाव हस्तक्षेप आपराधिक मुकदमे को शुरू करने का अनुरोध किया है।

मस्क ने रामास्वामी को राष्ट्रपति पद के लिए बताया होनहार उम्मीदवार

वाशिंगटन। अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने शुक्रवार को भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए प्रतिस?पर्धा कर रहे विवेक रामास्वामी की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'होनहार उम्मीदवार' बताया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर राजनीतिक टिप्पणीकार और टॉक शो होस्ट टकर कार्लसन के साथ रामास्वामी के साक्षात्कार का एक वीडियो साझा करते हुए मस्क ने कहा, वह एक बहुत ही आशाजनक उम्मीदवार हैं। 38 साल के रामास्वामी सबसे कम उम्र के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। उन्होंने फरवरी में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वह अब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के बाद तीसरे नंबर पर हैं। टेक उद्यमी को रिपब्लिकन पार्टी के 9 प्रतिशत नेताओं का समर्थन प्राप्त है।

नाइजर की बगावत दुनिया की देशों के लिए बना परेशानी का सबब

वाशिंगटन। अफ्रीकी देश नाइजर की बगावत से दुनिया की ताकतें परेशान हैं। रूसी राष्ट्रपति पूतिन ने पड़ोसी देश माली के राष्ट्रपति से इस मसले पर बातचीत की है। इसके बाद वहां की सरकार ने बातनाइजर में तख्तापलट चीत को लेकर नरम रुख दिखाया है। नाइजर में संभावित मिलिट्री दखल को लेकर शुक्रवार को घाना में पश्चिमी अफ्रीकी सेना प्रमुख की बैठक हुई। इसका अजेंडा इस बात को लेकर है कि जब नाइजर में डिप्लोमेसी फेल हो जाएगी, तो उस हालात में इकनॉमिक वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स यानी इक्वास किस तरह के सैन्य दखल को अंजाम देगा। दरअसल इक्वास ने पहले कहा था कि नाइजर में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने के लिए हर कोशिश की जाएगी, जिसमें बल प्रयोग भी विकल्प हो सकता है। इससे पहले तख्तापलट में शामिल (कू) लीडर्स ने पश्चिमी देशों की उस मांग को खारिज कर दिया था, जिसमें सत्ता से बेदखल किए गए राष्ट्रपति मोहम्मद बैजोम की फिर से बहाली के लिए दबाव बनाया गया था।

पेज एक के शेष

झारखंड के ...

बड़े पैमाने पर यहां के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएंगे।

लड़कर राज्य लिए हैं, लड़कर हक-अधिकार लेंगे : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लंबा संघर्ष कर झारखंड अलग राज्य लिया है। अब लड़कर अपना हक-अधिकार भी लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी आपके बीच से ही आया हूं, इसलिए आपकी समस्याओं से भलीभांति वाकिफ हूं। ऐसे में आपकी उम्मीदों के अनुरूप योजनाओं को बनाकर उसे धरातल पर उतार रहे हैं। जब से हमारी सरकार बनी है, तब से कई चुनौतियों हमारे सामने आई, लेकिन इन तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए आज हम राज्य को एक नई दिशा दे रहे हैं।

आदिवासी बहुल राज्य होने के बाद भी आदिवासी होते रहे दरकिनार : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है। लेकिन, अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक आदिवासियों के हितों को दरकिनार किया जाता रहा। जब हमारी सरकार बनी तो आदिवासियों को विकास से जोड़ने के लिए कई योजनाएं शुरू की। आदिवासी कला- संस्कृति और परंपरा को अलग पहचान मिले, इसलिए आदिवासी महोत्सव का भव्यआयोजन शुरू किया गया। उन्होंने आदिवासियों से कहा कि वे एकजुट हो और अपनी ताकत दिखाएं, तभी वे मजबूत बनेंगे और आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, चम्पाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, जोबा मांझी और बन्ना गुप्ता, सांसद गीता कोड़ा, विधायक सुखराम उरांव, निरल पूर्ति, सविता महतो, दीपक बिरुवा, सोनाराम सिंकू, मंगल कालिंदी, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव राजेश शर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

व्यवसायी से लूट ...

दो लाख 30 हजार रुपये लूट लिये थे और भागने के दौरान कमलेश प्रमाणिक नामक एक ग्रामीण को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार को अड़की थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जरंगा घाटी के पास आपराधिक चरित्र के तीन युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में छापामार टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बाइक पर सवार तीन संदिग्ध संदिग्ध युवकों को रोककर जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से पिस्टल,, गोली नकद आदि बरामद किये गये। तीनों को हिरासत में लेकर जब उनसे पूछताछ की गई? तो पुरनानगर के व्यापारी से हुई लूट के मामले का खुलासा हो गया।

गिरफ्तार अपराधियों ने लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि घटना में उनके साथ एक और अपराधी शामिल था, जो व्यापारी की रेकी कर रहा था। गिरफ्तार अपराधियों से मिली इस जानकारी के आधार पर पुलिस फरार चौथे अपराधी की तलाश में जुटी है। बताया गया कि गुरुवार को भी तीनों अपराधी किसी व्यापारी को लूटने की मंशा से वहां घूम रहे थे, लेकिन इसी बीच में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार अपराधियों में रमण प्रताप बागती के विरुद्ध पिछले वर्ष तमाड़ थाने में आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में एक मामला दर्ज है, जबकि सहदेव सिंह मुंडा उर्फ गालू के विरुद्ध इसी वर्ष बंगाल के झालदा थाने में लूट का एक मामला दर्ज है।

रिम्स में शिक्षक...

जिस विज्ञापन से उनकी नियुक्ति हुई है उसमें ट्विटर पद के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं थी। रिम्स में ट्विटर (शिक्षक) के पोस्ट को तीन साल की अवधि निर्धारित करने के खिलाफ दायर डॉ धर्मेंद्र सिन्हा एवं अन्य एवं डॉ विशाल कुमार की याचिका को कोर्ट ने रेखा शर्मा एवं अन्य की याचिका से अलग करते हुए उसकी अलग से सुनवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि इस मामले की पिछली सुनवाई में कोर्ट ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं झारखंड डेंटल काउंसिल को नोटिस जारी किया था।

चांद के और ...

उतारना है। चंद्रयान-2 मिशन इसी चरण में विफल हो गया था जब 'विक्रम' नामक लैंडर चंद्रमा पर सॉफ्टलैंडिंग करने की बजाय क्रैश लैंड कर गया था। इसरो के मुताबिक, लैंडर के 23 अगस्त को शाम 5.147 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद, छह पहियों वाला रोवर बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस की अवधि के लिए चंद्रमा की सतह पर प्रयोग करेगा जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को एलवीएम3 रॉकेट से पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया था। अंतरिक्ष यान 1 अगस्त को पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की लंबी यात्रा पर निकल गया था।

युद्ध की तैयारी

बेलारूस पर हमला हुआ तो परमाणु बम से देंगे जवाब

तानाशाह लुकाशेंको ने नाटो को दी खुली धमकी

एजेंसी। वॉर्सा

रूस-यूक्रेन युद्ध और पोलैंड के साथ चल रहे तनाव के बीच बेलारूस के तानाशाह अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने नाटो देशों को खुली धमकी दी है। पुतिन के दोस्त लुकाशेंको ने कहा कि अगर उनके देश पर विदेशी हमला होता है तो बेलारूस परमाणु बम का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकेगा। यूरोप के आखिरी तानाशाह कहे जाने वाले लुकाशेंको ने बेलारूस की सीमा से सटे नाटो देशों पोलैंड और लिथुआनिया के साथ चल रहे तनाव के बीच यह डराने वाला बयान दिया है। अगर बेलारूस नाटो देशों पर रूस में बने परमाणु बमों से हमला करता है तो दुनिया में तीसरा विश्वयुद्ध छिड़ सकता है। घरेलू खरीदारी की होड़ - मिक्सर ग्राइंडर, गीजर, वॉटर प्यूरीफायर और अन्य पर 70% तक की छूट। इससे पहले रूस ने ऐलान किया था कि उसने बेलारूस को परमाणु बमों की आपूर्ति की है। यूक्रेन युद्ध में बेलारूस बहुत ही महत?वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रूस यूक्रेन पर हमला बोलने के लिए लगातार बेलारूस की जमीन का इस्तेमाल कर रहा है। इससे पहले बेलारूस और रूस ने संयुक्त युद्धाभ्यास किया था जिससे यह आशंका पैदा हो गई थी कि लुकाशेंको भी यूक्रेन युद्ध में कूद सकते हैं। हालांकि ऐसा हुआ नहीं लेकिन रूस ने इस मदद का इनाम बेलारूस को परमाणु बम के गिफ्ट से दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जून में ऐलान किया था कि बेलारूस को आत्मरक्षा के लिए परमाणु बम दिया जा रहा है। बेलारूस की सरकारी इंटरव्यू में लुकाशेंको ने कहा कि अगर यूक्रेन उनकी सीमा के अंदर हमला नहीं करता है तो उनका देश इस जंग में शामिल नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि हम रूस की मदद करते रहेंगे जो उनका सहयोगी देश है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर उन्हें नाटो देशों पोलैंड, लिथुआनिया और लाटविया की ओर से उकसाया गया तो बेलारूस हर उस चीज से जवाब देगा जो उसके पास है। इसमें परमाणु हथियार भी शामिल है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि रूस ने अपने कितने परमाणु बम हाल ही में बेलारूस को दिए हैं। अमेरिका या पश्चिमी देशों ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि रूस ने बेलारूस को परमाणु हथियार दिए हैं। हालांकि अमेरिका की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी का कहना है कि पुतिन के दावे पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगी

पणजी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अगस्त से गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान उनके कई कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है।
अपनी यात्रा के पहले दिन वह पणजी के आजाद मैदान में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी। शाम को राष्ट्रपति उनके सम्मान में राज्य सरकार द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होंगी।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अगस्त को डोना पाउला के राजभवन के दरबार हॉल में गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी और कमजोर जनजातीय समूह के साथ भी बातचीत करेंगी।
बाद में शाम को वह विधानसभा परिसर, पोरवोरिम में गोवा विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी।
अगले दिन राष्ट्रपति फोर्ट अगुआड़ा, ओल्ड गोवा में बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस और शांतादुर्गा मंदिर जाएंगी।

जम्मू-कश्मीरः उरी में आतंकियों के आठ मददगार गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों के आठ मददगारों को गिरफ्तार करके दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की।पुलिस ने कहा, 8 अगस्त 2023 को बारामूला पुलिस और सेना (16 सिखली) की एक संयुक्त टीम ने चुरुंडा उरी में संयुक्त गश्त और क्षेत्र प्रभुत्व के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा, जो इलाके में घूम रहा था। उसने गश्ती दल को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने चतुराई से उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो ग्रेनेड बरामद किए गए और उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया।''
गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चुरुंडा उरी निवासी शौकत अली अवान के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों चुरुंडा उरी निवासी अहमद दीन और चुरुंडा निवासी मोहम्मद सादिक खटाना के नामों का खुलासा किया। उनके पास से दो ग्रेनेड, एक चीनी पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

मणिपुर : सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में तीन की मौत

इंफाल। हिंसा प्रभावित मणिपुर के कामजोंग जिले के फुनग्यार अनुमंडल स्थित थावाई कुकी विलेज में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन लोगों की मौत हो हुई है। जानकारी के अनुसार थावाई कुकी विलेज में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार सुबह करीब 6.30 पर एक गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया।
यहां सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन लोग मारे गए हैं। मृतकों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थंगखोकाई हाओकिप (35) तथा होलेनसोन बाइट (24) के रूप हुई है। इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया।

पीएम मोदी ने देश की आर्थिक स्थिति की तस्वीर पेश करने वाली रिपोर्ट पर कहा

आर्थिक समृद्धि के पथ पर अग्रसर भारत

एजेंसी। नई दिल्ली
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक स्थिति के बारे में आकर्षक तस्वीर पेश करने वालीं कुछ रिपोर्ट का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत न्यायोचित एवं सामूहिक समृद्धि की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है और यह आर्थिक समृद्धि के नए युग के मुहाने पर खड़ा है।
प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर लिखी एक टिप्पणी में कहा कि उन्होंने हाल ही में प्रकाशित दो शोधपरक लेख देखे हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साही रुख रखने वाले सभी लोगों को पसंद आएंगे। इनमें से एक रिपोर्ट एसबीआई रिसर्च की है, जबकि दूसरी रिपोर्ट पत्रकार अनिल पद्मनाभन ने लिखी है। प्रधानमंत्री ने कहा, ये रिपोर्ट कुछ ऐसे पहलू पर रोशनी डालती हैं जिन्हें देखकर हमें बहुत खुश होना चाहिए। इसके मुताबिक, भारत न्यायोचित एवं सामूहिक समृद्धि हासिल करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने इन रिपोर्ट में दिए गए कुछ

आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि एसबीआई रिसर्च ने जमा किए गए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के आधार पर वित्त वर्ष 2022-23 में भारित औसत आय 13 लाख रुपये पर पहुंचने की बात कही है, जबकि कर आकलन वर्ष 2013-14 में यह 4.4 लाख रुपये थी।
प्रधानमंत्री ने इन रिपोर्ट से ऐसे कई आंकड़े पेश करते हुए कहा कि ये निष्कर्ष न केवल भारत के सामूहिक प्रयासों को दशार्ते हैं बल्कि एक देश के तौर पर भारत की क्षमता को भी दिखाते हैं।
उन्होंने कहा, राष्ट्रीय प्रगति के लिए समृद्धि बढ़ना अच्छी बात है। निस्संदेह हम आर्थिक समृद्धि के एक नए युग के मुहाने पर खड़े हैं और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करने की राह पर अग्रसर हैं।
प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 साल पूरा होने तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प कई बार जता चुके हैं। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री की लिंक्डइन पोस्ट के मुताबिक, पद्मनाभन की आईटीआर आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट विभिन्न आय समूहों में कर-आधार बढ़ने और प्रत्येक समूह के रिटर्न जमा करने में कम-से-कम तीन गुना वृद्धि होने का जिक्र करती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर 2023 के बीच जमा किए गए आईटीआर की तुलना करने पर सभी राज्यों में बढ़ी हुई कर भागीदारी की एक खुशनुमा तस्वीर नजर आती है। उन्होंने कहा, उदाहरण के तौर पर आईटीआई आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि उत्तर प्रदेश आईटीआर जमा करने के मामले में अग्रणी प्रदर्शन वाले राज्य के रूप में उभरा है। इसके साथ ही उन्होंने एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के आधार पर कहा कि मणिपुर, मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों ने भी पिछले नौ साल में आईटीआर दाखिल होने के मामले में 20 प्रतिशत से अधिक बढ़त दर्ज की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह दर्शाता है कि न केवल लोगों की आमदनी बढ़ी है बल्कि कर अनुपालन भी बढ़ा है। यह हमारी सरकार के प्रति लोगों में मौजूद विश्वास की भावना की अभिव्यक्ति है।

एनईपी पर डीके शिवकुमार के सवाल

भाजपा शासित राज्यों में नीति लागू क्यों नहीं हुई?

एजेंसी। बेंगलुरु
कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म करने पर भाजपा ने विरोध जताया है। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि एनईपी उनका (भाजपा) राजनीतिक एजेंडा था।इसे उनके शासित राज्यों में लागू नहीं किया गया है। डीके शिवकुमार ने जोर देते हुए कहा कि यह राज्य का विषय है, राष्ट्रीय विषय नहीं। पत्रकारों से बात करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि एनईपी लागू करना भाजपा का निर्णय था। हम शुरू से कह रहे हैं कि हम इस पर पुनर्विचार करेंगे। बिना बुनियादी ढांचा तैयार किए, इसे जल्दबाजी में लागू किया गया। शिवकुमार ने सवाल पूछा कि एनईपी को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और गुजरात में क्यों लागू नहीं किया गया... जहां भाजपा सत्ता में है? डीके शिवकुमार के मुताबिक हमारे लोगों के बीच एक चिंता है। पूरी दुनिया ने बेंगलुरु को आईटी राजधानी, सिलिकॉन वैली, स्टार्टअप हब और मेडिकल हब के रूप में स्वीकार किया है। इसका कारण प्राथमिक से लेकर स्नातकोत्तर तक की हमारी शिक्षा का स्तर है। एनईपी आवश्यक नहीं था। यदि एनईपी में अच्छे पहलू हैं, तो उन पर पुनर्विचार किया जाएगा। डीके शिवकुमार के मुताबिक एनईपी में जो भी अच्छा है, उस पर निश्चित रूप से गौर किया जाएगा। एनईपी एक राजनीतिक एजेंडा है। यह नागपुर शिक्षा नीति है। समिति के सदस्यों ने बताया है कि उन्हें अवधारणा समझ में नहीं आई। उनसे सिर्फ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। उन्होंने आगे कहा कि जब एनईपी लागू किया गया था तो हमने कहा था, इसे संशोधित किया जाएगा और एक राज्य नीति बनाई जाएगी। भाजपा ने एनईपी को केवल कर्नाटक में ही क्यों लागू किया।

जेयू विवादः राज्यपाल को बनाया पक्षकार

एजेंसी। कोलकाता
पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में एक नए छात्र की रहस्यमय मौत पर कलकत्ता उच्च न्यायालय में तृणमूल कांग्रेस द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) में एक पक्ष बनाया गया है। बंगाली ऑनर्स प्रथम वर्ष के छात्र की 10 अगस्त को एक छात्रावास की बालकनी से गिरने के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। संदेह

है कि वह रैगिंग का शिकार हो गया। जनहित याचिका में राज्यपाल को भी एक पक्ष बनाया गया है क्योंकि वह जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। इसके अलावा, कहा गया है कि चूंकि जादवपुर विश्वविद्यालय वर्तमान में एक स्थायी कुलपति के बिना चल रहा है, इसलिए राज्य विश्वविद्यालय के मामलों की समग्र जिम्मेदारी कुलाधिपति की है। यह मामला कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ में सुनवाई के लिए आने वाला है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता और तृणमूल सांसद कल्याण बंदोपाध्याय के वकील ने राज्यपाल को पक्षकार बनाने की अपील की थी, जिसे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को मंजूरी दे दी। जनहित याचिका में विश्वविद्यालय परिसर को बाहरी लोगों के प्रवेश पर बिना किसी प्रतिबंध के नशीले पदार्थों और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन का केंद्र भी बताया गया है। बंदोपाध्याय ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल के रवैये के कारण जेयू काफी समय से बिना किसी स्थायी कुललपति के काम कर रहा है।

रास के 225 सांसदों में 27 अरबपतिः रिपोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली
मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 27 अरबपति हैं, जिनमें से छह भाजपा से हैं। शुक्रवार को सामने आई एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्यसभा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपये है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है। मौजूदा राज्यसभा में एक सीट खाली है जबकि तीन सांसदों का विश्लेषण नहीं किया गया है क्योंकि उनके हलफनामे अनुपलब्ध थे और जम्मू-कश्मीर की चार सीटें अपरिभाषित हैं। रिपोर्ट में कहा गया हैः विश्लेषण किए गए 225 मौजूदा राज्यसभा सांसदों में से 27 (12 प्रतिशत) अरबपति हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले अरबपति सांसद सबसे ज्यादा भाजपा के हैं। इसके बाद कांग्रेस और वाईएसआरसीपी का नंबर है। भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से छह (7 प्रतिशत) अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 राज्यसभा सांसदों में से चार (13 प्रतिशत); वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नौ राज्यसभा सांसदों में से चार (44 प्रतिशत); आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से तीन (30 प्रतिशत); टीआरएस के सात राज्यसभा सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत); और राजद के छह राज्यसभा सांसदों में से दो (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की घोषणा है। इसमें आगे कहा गया कि 100 करोड़ रुपये की संपत्ति वाले ज्यादा सांसद आंध्र प्रदेश में हैं, उसके बाद तेलंगाना और महाराष्ट्र हैं।

चीनी नागरिक ने गुजरातियों से की करोड़ों की ठगी

आएनएम। नई दिल्ली
चीन के लोगों, उनके उत्पादों से लेकर ऐप आदि तक से गुजरातियों को कुछ ज्यादा ही लगाव है। कुछ गुजराती तो एलानिया कहते हैं कि उनके खून में ही धंधा है। ऐसे गुजरातियों के गुजरात में वहां की पुलिस के अनुसार एक चीनी नागरिक ने स्थानीय (गुजराती) साझेदारों के साथ मिलकर दानी डाटा नामक एक फुटबॉल सट्टेबाजी ऐप तैयार किया था। इस एप के मार्फत चीनी नागरिक ने उत्तरी गुजरात के लगभग 1,200 लोगों को फंसाया। इससे पीड़ितों को नौ दिनों के भीतर 1,400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मामले की गंभीरता को देख गुजरात पुलिस ने धोखाधड़ी के पीछे के मास्टरमाइंड का खुलासा करने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया। पुलिस ने चीन के के शेनझेन क्षेत्र के रहने वाले वू उयानबे को मास्टर माइंड माना है। पुलिस के अनुसार उयनबे ने गुजरात के पाटन और बनासकांठा क्षेत्रों में घोटाले को अंजाम दिया। गुजरात पुलिस की सीआई को पहली जून, 2022 को इस धोखाधड़ी का पता चला था। इस ऐप की ठगी के शिकार कुछ अन्य राज्यों में है। ऐसा मान जा रहा है कि घोटाले की रकम और ज्यादा हो सकती है। इस मामले के सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक जांच शुरू की, इससे उत्तरी गुजरात के व्यक्तियों के साथ संबंध का पता चला। बाद की जांच से पता चला कि चीनी नागरिक 2020 और 2022 के बीच भारत में मौजूद था और पाटन और बनासकांठा में स्थानीय लोगों के साथ बातचीत कर रहा था। जांच में सामने आया है कि चीनी नागरिक ने गुजरात के सहयोगियों की मदद से मई, 2022 में इस एप को लांच किया था। इस एप से फुटबॉल मैच में सट्टे बाजी करने का भ्रामक ऑफर दिया गया था। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने इस ऐप का इस्तेमाल किया और सट्टेबाजी की। उयानबे ने प्रति दिन करीब 200 करोड़ रुपये इस एप से अर्जित किए। इस एप से ठगी का शिकार होने वालों में 15 से 75 साल तक बुजुर्ग शामिल हैं। नौ दिन बाद ऐप ने काम करना बंद कर दिया था। इसके बाद इस ऐप के जरिए सट्टेबाजी कर रहे लोगों को पता चला कि उन्होंने जो रकम लगाई है वो डूब चुकी है। जांच के बाद पुलिस ने सीआईडी की साइबर सेल ने नौ लोगों को पकड़ा था। ये हवाला नेटवर्क के माध्यम से पैसे भेजने में उयानबे की सहायता कर रहे थे। पुलिस ने अगस्त 2022 में पाटन में धोखाधड़ी और आईटी अधिनियम के उल्लंघन के लिए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। लेकिन तब तक योजना के पीछे का मास्टरमाइंड गायब हो चुका था।

विकास | **बेंगलुरु में देश के पहले 3डी-प्रिंटेड डाकघर का उद्घाटन**

नवाचार और प्रगति का है प्रमाण

एजेंसी। बेंगलुरु
देश के पहले 3डी-प्रिंटेड डाकघर का उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में किया। केंद्रीय मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि 3डी-प्रिंटेड डाकघर का उद्घाटन उस भावना का संकेत देता है जिसके साथ देश वर्तमान समय में प्रगति कर रहा है।
वैष्णव ने कहा, किसी ने कभी नहीं सोचा था कि भारत अपनी 4जी और 5जी तकनीक विकसित करेगा। किसी ने कभी नहीं सोचा था कि भारत अपने खुद के बहुत जटिल दूरसंचार उपकरण का उत्पादन करेगा। वास्तव में उद्योग के दिग्गजों में से एक ने उल्लेख

किया था कि वह 35 वर्षों से दूरसंचार उद्योग के साथ थे और कभी कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी के निर्माता और विकासकर्ता के रूप में उभर सकता है।''उन्होंने कहा, किसी ने कभी नहीं सोचा था कि भारत अपनी बुलेट ट्रेन बनाने के रास्ते पर एक विश्व स्तरीय ट्रेन का डिजाइन और निर्माण करने में सक्षम होगा। उदाहरण के बाद उदाहरण, सेक्टर दर सेक्टर, कोई भी कभी नहीं सोच सकता था कि भारत हॉवित्जर तोपों का निर्यात करेगा। केंद्रीय मंत्री ने बेंगलुरु की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यहां आकर अच्छा लगता है क्योंकि इस शहर में बहुत अधिक ऊर्जा, सकारात्मकता और दूरदर्शी चरित्र है। यह शहर भारत की एक नई तस्वीर पेश करता है। उन्होंने कहा, आज आपने इस 3डी-मुद्रित डाकघर के संदर्भ में जो नई तस्वीर देखी, वह आज के भारत की भावना है। डाकघर का निर्माण 1000 वर्ग फुट में लार्सन एंड टुब्रो कंस्ट्रक्शन द्वारा 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करते हुए किया गया है। डाकघर के संरचनात्मक डिजाइन को आईआईटी मद्रास ने अनुमोदित किया था। यह डाकघर हलासुरू इलाके में कैम्ब्रिज लेआउट में स्थित है। यह इमारत 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके बनाई गई थी। परियोजना 45 दिन में पूरी हुई।

'गदर' के चलते दुर्गा पूजा पर रिलीज होगी खेसारी लाल की मूवी 'संघर्ष-2'

निर्माता रत्नाकर कुमार और भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की भोजपुरी फिल्म संघर्ष-2 अब आगामी 20 अक्टूबर को दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर रिलीज होने जा रही है। इससे पूर्व फिल्म को 25 अगस्त को रिलीज किया जानेवाला था। इस समय फिल्म गदर ने पूरे देश में गदर यानी की धूम मचाई हुई है। अब संघर्ष 2 के मेकर फिल्म को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं, क्योंकि संघर्ष 2 एक बिग बजट की फिल्म है। अब दुर्गा पूजा के दिन खेसारी देश के दुश्मनों का खत्मा करते हुए नजर आने वाले हैं। फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने के बारे में निर्माता रत्नाकर कुमार ने बताया कि हम अपने दर्शकों को एक अलग तरह का अनुभव देना चाहते हैं। इससे जब दर्शक सिनेमाघरों से बाहर निकले तो उनके चेहरों पर एक अलग तरह का सुकून हो। इसलिए हम फिल्म में कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। मैं खुद इस फिल्म के एक एक सीन को बारीकी से देख रहा हूं। ये फिल्म एक मील का पत्थर साबित होने वाली है।

फिल्म 'ओह माय गॉड-2' के लिए अक्षय कुमार ने नहीं ली फीस

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की पॉपुलर और मच अवेटेड फिल्म ओह माय गॉड का दूसरा पार्ट हाल ही में रिलीज हुआ था। इस फिल्म के जरिए सेक्स एजुकेशन के महत्व को बताया गया है। इस फिल्म में अक्षय भगवान शंकर के दूत की भूमिका निभा रहे हैं, अब यह बात सामने आई है कि उन्होंने इस फिल्म के के लिए एक भी रुपया नहीं लिया, बल्कि फिल्म बनाने में वित्तीय जोखिम उठाते हुए वह निर्माताओं के साथ खड़े रहे। फिल्म ओह माय गॉड-2 बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दुनिया भर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने के बाद भारत में 100 करोड़ का कलेक्शन करने की राह पर है।

विजय और सामंथा स्टारर 'खुशी' का चौथा गाना रिलीज



विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक फिल्म खुशी के ट्रेलर से लेकर अब तक आए सभी गानों ने दर्शकों पर जादू चलाया है। अब बारी है रिलीज हुए फिल्म के चौथे नए गाने की, जिसके बोल सब्र ए दिल टूटे... हैं।
फिल्म के तीनों गाने पहले ही लोगों का दिल जीत चुके हैं है और अब चौथा गाना सब्र ए दिल टूटे भी दिलों को छू लेने वाला है। यह गाना इस बार अपनी दर्द भरी धुन के साथ लोगों से इमोशनली कनेक्ट करेगा। फिल्म निमार्ताओं ने विजय देवरकोंडा और सामंथा

रुथ प्रभु के एक खूबसूरत पोस्टर के साथ इस गाने को शेयर किया है, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री नजर आ रही है। इसे उन्होंने कैप्शन दिया, एक और गाना आपकी प्लेलिस्ट में शामिल हो गया है, इस बार दर्द से भरा हुआ है।
इस गाने को विशाल मिश्रा और गायत्री अशोकन ने खूबसूरती से गाया है और गाने के बोल रकीब आलम ने लिखे हैं। इसका म्यूजिक हेशम अब्दुल वहाब का है। इस गाने को शिव निर्वाण ने लिखा और खुद ही निर्देशित किया है। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले निर्मित यह फिल्म 1 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है।